ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 14 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 16 जुलाई 2023 • वर्ष-29 • अंक-270 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

पंकज त्रिपाठी अभिनीत मैं अटल हूं' की ... पेज 10 पर

मुख्यमंत्री बीआईटी मेसरा के 69वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए, कहा

शिक्षा की बेहतरी के लिए सरकार कर रही प्रयास

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि जब भी मैं बीआईटी मेसरा के परिसर में आता हूं, अलग ही अहसास होता है। मैं आज यहां बतौर मुख्यमंत्री आपके समक्ष उपस्थित हूं। मैं यहां का छात्र रहा हूं और आज बीआईटी मेसरा के वाइस चांसलर मुझे चीफ मिनिस्टर साहब कह कर संबोधित कर रहे हैं। यह एक ऐसा अनुभव है जिसको मैं स्वयं ही समझ सकता हूं। हमने ऐसा वक्त इस परिसर में बिताया है जब हमारा देश एक बड़े रिफॉर्म्स की और बढ़ रहा था। सभी राज्य वासियों के लिए गौरव की बात है कि वर्ष 1952 में देश का यह तीसरा तकनीकी संस्थान झारखंड प्रदेश में स्थापित हुआ। मुझे लगता है कि देश आजाद होने के बाद इस राज्य को इंडस्ट्रियलिस्ट हो या साइंटिस्ट हो चाहे नई ऊंचाइयों को छूने की चाह रखने वाले लोग हों सभी ने अलग-अलग तरीके और नजरों से सजाने और संवारने का प्रयास किया है। ये बातें मुख्यमंत्री ने शनिवार को बीआईटी मेसरा के 69वें स्थापना दिवस समारोह के

अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बीआईटी मेसरा देश का तीसरा बड़ा तकनीकी संस्थान है। इसी प्रकार का देश का भारी उद्योग इंडस्ट्री संस्थान एचईसी, देश का पहला फर्टिलाइजर इंडस्ट्री इसी राज्य में बना। एशिया का सबसे बड़ा स्टील इंडस्ट्री बोकारो स्टील प्लांट भी इसी राज्य में बना। इसी राज्य में देश का पहला माइनिंग इंस्टिट्यूट खुला। झारखंड प्रदेश एक ऐसा प्रदेश है जहां नेतरहाट स्कूल है। इस स्कूल से बड़ी संख्या में आईएएस एवं आईपीएस भी बनकर लोग बाहर निकले हैं। कल ही देश ने एक चंद्रयान रवाना किया है और इस चंद्रयान का प्लेटफार्म एचईसी से बनकर गया है। इस तरह इस राज्य को अपने संस्थानों पर पूरा गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआईटी मेसरा आज नए आयाम को छू रहा है और इसके पीछे कारण यह है कि इसके साथ जुड़े हुए लोग और उनका कठिन परिश्रम और ईमानदार प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआईटी के लगभग 10 हजार बच्चे अलग-अलग इकाइयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, हजारों की संख्या में उससे जुड़े टीचिंग, नॉन टीचिंग सदस्य कई चुनौतियां और समस्याओं का समाधान निकालते हुए संस्थान को बुलंदियों तक पहुंचा रहे हैं। आज शायद कॉलेज में छुट्टियां चल रही हैं नहीं तो इस हॉल में बैठने का जगह तक नहीं मिलता। यह संस्थान ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री हेमंत ने तीन पदाधिकारियों के खिलाफ पीई दर्ज करने की दी स्वीकृति

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कोडरमा जिला में शिक्षक नियुक्ति में गड़बड़ी और अनियमितता मामले में तीन पदाधिकारियों के खिलाफ पीई दर्ज करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। आरोपित पदेन पदाधिकारियों में जिला शिक्षा अधीक्षक, कोडरमा पुरेन्द्र विक्रम शाही और जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के प्रधान सहायक अजीत कुमार एवं सहायक धर्मेंद्र कुमार शामिल हैं। इनके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) हजारीबाग की ओर से 27 जून, 2019 को दर्ज आईआर की विस्तृत जांच के लिए पीई दर्ज करने के प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेजा गया था। इस पर मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दे दी है।

यह है पूरा मामला

कोडरमा जिला अंतर्गत शिक्षक नियुक्ति मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक, कोडरमा पुरेन्द्र विक्रम शाही की ओर से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, मरकच्चो एवं प्रधान सहायक अजीत कुमार और लिपिक धर्मेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, चतरा (प्रतिनियुक्ति अपर समाहर्ता कार्यालय, चतरा) की मिलीभगत से महिलाओं के लिए निर्धारित क्षैतिज आरक्षण का लाभ शिक्षण कार्य के लिए निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र के आधार पर देने, मेधा सूची में अंकों की हेराफेरी कर चार अभ्यर्थियों का चयन करने, विज्ञापन की अनदेखी करते हुए नर्सरी शिक्षक प्रमाण पत्र के आधार पर प्रारंभिक/मध्य विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने, फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर प्रारंभिक/मध्य विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने और विभागीय अनुमति के बिना परीक्षण में सम्मिलित होकर उच्च शिक्षा का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले कुछ पारा शिक्षकों की भी नियुक्ति करने का आरोप है। इस मामले में एसीबी ने वर्ष 2019 में दर्ज आईआर का सत्यापन करने के पश्चात विस्तृत जांच के लिए पीई दर्ज करने की अनुमति मांगी थी।

NEWS इन ब्रीफ

'लव जिहाद' व यौन शोषण के आरोपी तनवीर की बेल याचिका पर सुनवाई एक अगस्त को

रांची। 'लव जिहाद' और यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर की जमानत याचिका पर मंगलवार को अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई थी। पिछली सुनवाई में अदालत ने पुलिस से केस डायरी मांगी थी लेकिन अब तक केस डायरी जमा नहीं की गई है। इसपर अदालत ने एक बार फिर केस डायरी तलब करते हुए तनवीर की बेल पर अगली सुनवाई के लिए एक अगस्त की तारीख निर्धारित की है। युवती ने मुंबई के वसोर्वा में मामला दर्ज कराया था। बाद में यह मामला रांची के गोंदा थाना को भेज दिया गया था। गोंदा थाना में इस संबंध में कांड संख्या 57/2023 दर्ज किया गया है। मामले में रांची पुलिस मुंबई जाकर मॉडल का बयान और प्रताड़ित किए गए वीडियो फुटेज लेकर आई थी।

गैंगस्टर अमन साव जेल से ऑपरेट कर रहा गैंग, कई जिलों की पुलिस हलकान

रांची। गैंगस्टर अमन साव जेल में रहते हुए भी झारखण्ड पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है। दुमका जेल से ही अमन साव कारोबारियो को टारगेट कर रहा है। अमन के नाम पर लगातार कारोबारियो को धमकी मिल रही है, जो धमकी को नजर अंदाज कर रहे है उनपर गोलियां चल रही है। राज्य के रांची, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और लातेहार जैसे जिलों में काम करने वाले कोयला कारोबारी दहसत में में है।

पपड़ी जमे ओठों से टुकुर-टुकुर निहार रहे किसान

पलामू में मंडराने लगे सुखाड़ के बादल

जून में सामान्य से 60 प्रतिशत कम तो जुलाई में अब तक महज 20 से 25 प्रतिशत वर्षा

अभी तुरंत 150 से 200 मिमी वर्षा की जरूरत:कृषि वैज्ञानिक

लगातार दूसरे साल सुखाड़ की संभावना देख सहमें किसान

संजय कुमार पांडेय

मेदिनीनगर। पलामू में मॉनसूनी बादलों की जगह सुखाड़ के बादल मंडराने लगे हैं। वर्षा के अभाव में खरीफ फसलों की बुआई लगभग नहीं के बराबर हुई है। फसलों की बुआई का समय निकलते और लगातार दूसरे वर्ष भी सूखा व अकाल की बढ़ती संभावनाओं को देख पलामू के किसानों के शरीर में सिहरन पैदा होने लगी है। हालांकि माना जा रहा हैं कि अभी भी 150से 200मी. मी. वर्षा हो जाती है और नदी, आहर, पोखर तथा तालाब समेत अन्य जलश्रोत पानी से भर जाते हैं तो खरीफ फसलों की खेती सम्हल जायेगी। लेकिन इसके बाद भी

टड़ीहन फसलों की पैदावार प्रभावित होने की संभावना रहेगी। क्षेत्रीय कृषि अनुसन्धान केंद्र चियांकी के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार भी इस विचार का अनुमोदन करते हैं। गौरतलब हो कि 15 जून के बाद मौनसूनी वर्षा की शुरूआत होते पलामू में खरीफ फसलों की बुआई शुरू हो जाती है। अच्छी वर्षा हुई तो जुलाई के पहले पखवारे तक मक्का के साथ साथ तेलहनी और दलहनी फसलों की बुआई किसान कर देते हैं। जुलाई में शुरू होकर 15 अगस्त तक धान की रोपनी का कार्य लगभग समाप्त हो जाता है। समय से फसल लग जाये तो अच्छी पैदावार की संभावना रहती है। लेकिन पलामू के रेन शेडो एरिया में पड़ने के कारण अक्सर वर्षा प्रभावित होती है। लगभग हर दूसरे वर्ष किसानों को सूखे की स्थिति से दो चार होना पड़ता है। चालू वर्ष के हालात पर गौर करें तो पलामू में जून माह में सामान्य से 60 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। वहीं चालू जुलाई माह का एक पखवारा बीत गुजर गया है और अब तक जिले में महज 101 मिलिमीटर वर्षा हुई है, जबकि जुलाई में जिले का सामान्य वर्षापात 344मिलिमीटर माना गया है। जून का सामान्य वर्षापात152.4मिमी. है। पलामू कृषि विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो पलामू में धान के बाद सर्वाधिक 27520 हेक्टेयर भूमि में मक्का की फसल लगाई जाती है। मक्का की बुआई जुलाई के पहले पखवारे तक कर ली जाती है, लेकिन वर्तमान हाल यह है कि अब तक जिले में महज 500हेक्टेयर में मक्का की फसल लगाई गई है। अन्य दलहनी फसलों में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सरकार अलर्ट मोड पर

पलामू में सामान्य से काफी कम वर्षा होने से बढ़ रही सुखाड़ की संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार भी अलर्ट मोड पर आ गई है। सूखे की स्थिति को देखते हुए पलामू में वैकल्पिक फसलों की व्यवस्था को ले सरकारी स्तर पर मंथन शुरू हो गई है। इस बाबत जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार मांझी ने बताया कि सुखाड़ की संभावना को देखते हुए सरकार से खेती की वैकल्पिक व्यवस्था क्या होगी, इस पर सरकार से प्लान बनाकर भेजने का निर्देश पत्र के माध्यम से प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा की स्थिति के मद्देनजर जल्द ही प्लान तैयार कर सरकार को भेजा जायेगा।

मॉनसून की बेरुखी से राज्य में सूखे की आशंका

रांची। मॉनसून की बेरुखी से झारखंड में एक बार फिर सूखे की आशंका गहराने लगी है। राज्य में अब तक औसत मॉनूसन की तुलना में 46.50 फीसदी कम बारिश हुई है। कई जिलों और इलाकों में तो खरीफ फसल की बुआई भी शुरू नहीं हुई है। खेतों में दरारें जैसे-जैसे बढ़ रही हैं, किसानों की उम्मीदें भी भरभराने लगी हैं। चतरा और धनबाद जिले में सबसे कम बारिश हुई है। चतरा में अब तक मात्र 71.2 और धनबाद में 86.9 एमएम बारिश हुई है, जो औसत से तकरीबन 75 फीसदी कम है। हजारीबाग, रामगढ़, पलामू, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, गिरिडीह, बोकारो, जामताड़ा, देवघर, रांची आदि जिलों में भी 40 से 45 फीसदी कम बारिश ने चिंता बढ़ा दी है। राज्य में अब तक सबसे ज्यादा बारिश साहिबगंज जिले में 471 एमएम रिकॉर्ड की गई है, जो औसत से 15 फीसदी ज्यादा है। सरकार के पास जो रिपोर्ट है, उसके मुताबिक अब तक पूरे राज्य में मात्र दस फीसदी बुआई हुई है। इस वर्ष राज्य में कुल 28 लाख 27 हजार 469 हेक्टेयर में खरीफ की फसल लगाने का लक्ष्य तय किया गया है, जबकि आज की तारीख तक मात्र दो लाख 66 हजार 828 हेक्टेयर में ही बुआई हो सकी है। मौसम विभाग की मानें तो 16 जुलाई से राज्य के ज्यादातर जिलों में बारिश शुरू होने के आसार हैं। वैसे इसके पहले भी मौसम विभाग ने अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की थी। लेकिन, छिटपुट फुहारों से किसी तरह धरती ही भीग पाई है। खेत इस तरह तैयार नहीं हुए हैं कि बुआई की जा सके।

बाबूलाल मरांडी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभाला, कहा

मिलकर फतह करेंगे 2024 का चुनावी रण

रांची। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को पूजा और हवन कर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। हरमू स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। साथ ही उनको पगड़ी और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इसके बाद कार्निवल बैंक्वेट हॉल में आयोजित स्नेह मिलन समारोह के मौके पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बीते तीन सालों से प्रदेश भाजपा की टीम ने बेहतर काम किया है। संगठन को मजबूत करने की दिशा में मेरा पुरजोर प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार सभी 14 सीटें जीतने का लक्ष्य है। साथ ही विधानसभा चुनाव में बेहतर परिणाम लाएंगे और सरकार बनायेंगे। मरांडी ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने जिस उम्मीद और विश्वास से उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी है, सभी के सहयोग से उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। सभी के सहयोग से ही 2024 को हम सबों को फतह करना है। उन्होंने उम्मीद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रोजगार

लोहरदगा में समय व राज्य सरकार के प्रयास से क्षेत्र में

फूलों की खेती से महक रही किसानों के जीवन की बगिया

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिले का चिरी इलाका पहले रोड रॉबरी के लिए जाना जाता था लेकिन समय और राज्य सरकार के प्रयास ने इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सोच बदल कर रख दी। अब इस इलाके में ग्रामीण गेंदा फूल के साथ अन्य फूलों की खेती कर रहे हैं।

बीते वर्ष किसान बसंत उरांव ने बड़काटोली, चिरी में इस योजना का लाभ लिया और 04 एकड़ की भूमि पर गेंदा फूल की खेती से अच्छी आमदनी हुई। बसंत ने इस वर्ष जरबेरा की खेती की है और अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। 15-20 दिन बाद फिर से गेंदा की खेती करेंगे और उसकी तैयारी उन्होंने शुरू कर दी है। बसन्त अपने खेत में अन्य किसानों को भी रोजगार दे रहे हैं। पर्व-त्योहारों पर इन फूलों की मांग बहुत बढ़ गई है।

जिला उद्यान विभाग की ओर से इन्हें खुले वातावरण में फूलों की खेती योजना अंतर्गत फूलों का पौधा उपलब्ध कराया गया। ग्रामीणों को फूलों की खेती से कई गुणा ज्यादा आर्थिक लाभ मिल रहा है। इन ग्रामीणों का कहना है कि अपनी जरूरतों और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए मजबूरन पलायन करना पड़ा था। कोरोना काल में लॉकडाउन ने इन्हें फिर से बेरोजगार बना दिया था। इस स्थिति में जब ये अपने गांव चिरी लौटे तो यहां उद्यान विभाग की ओर से दिए जा रहे सहयोग ने इनकी सोच बदल दी। अब ये सालों भर फूलों की खेती कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं।

रांची और आसपास के इलाकों से लोग इनके पास बड़ी संख्या में प्रतिदिन गेंदा फूल खरीदने पहुंचते हैं। नक्सल के दम तोड़ते ही युवाओं की सोच को नई दिशा लोहरदगा में मिल रही है। बहरहाल, लोहरदगा की माटी से निकलने वाला बॉक्साइट कभी यहां की पहचान हुआ करती थी लेकिन समय के साथ यहां के ग्रामीणों ने इसकी पहचान को बदल कर रख दिया है। बसंत को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से भी सम्मानित किया जा चुका है।

मुफलिसी में जिये व गुमनामी में मर गये इंटरनेशनल फुटबॉलर प्रभाकर मिश्रा

रांची। प्रभाकर मिश्र- इस नाम से आज के लोग भले वाकिफ न हों, लेकिन यह शख्स 1960-1970 के दशक में देश के फुटबॉल जगत का एक चमकता सितारा हुआ करता था। वह पिछले बीस सालों से मुफलिसी की जिंदगी काटते रहे और अब गुमनामी के बीच बीमारियों से जूझते हुए उन्होंने हमेशा के लिए आंखें मूंद लीं।

रांची के धुर्वा इलाके में एक छोटे से घर में रह रहे प्रभाकर मिश्र को उचित इलाज तो नहीं ही मिला, उन्हें मौत के बाद एक सम्मानजनक आखिरी विदाई तक हासिल नहीं हो सकी। वह अपने पीछे पत्नी और सात-आठ साल के बेटे को छोड़ गए हैं, जिनके सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनकी आगे की जिंदगी कैसे कटेगी? प्रभाकर मिश्रा ने फुटबॉल के मैदान में अपना करियर 1966 में बिहार के मुंगेर से शुरू किया था। भागलपुर

यूनिवर्सिटी टीम की ओर से खेलते हुए वह इतने लोकप्रिय हुए कि उन्हें उस वक्त बिहार का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर माना जाता था। वह 1977 में देश की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम की ओर से खेले। 1976 में देश के सबसे बड़े राष्ट्रीय फुटबॉल टूनार्मेंट संतोष ट्रॉफी के थर्ड टॉप स्कोरर रहे। इस टूनार्मेंट में उन्होंने छह गोल दागे थे। इसके पहले वह कोलकाता के मशहूर फुटबॉल क्लब मोहम्मडन स्पोर्टिंग, खिदिरपुर स्पोर्टिंग, एरियंस स्पोर्टिंग क्लब की ओर से खेलते रहे। कुछ वक्त तक उन्होंने बांग्लादेश में भी क्लब फुटबॉल खेला। 1980 के दशक में उन्हें रांची स्थित पब्लिक सेक्टर की कंपनी एचईसी (हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन) में स्पोर्ट्स कोटे से नौकरी कर ली। कंपनी की ओर से वह 1994 तक खेलते रहे और इस दौरान रांची में फुटबॉल से जुड़े कई बड़े आयोजनों में उनकी अहम भागीदारी रही। राज्य की फुटबॉल सेलेक्शन कमिटी में भी कुछ वर्षों तक शामिल रहे। जब तक सक्रिय रहे, वह रांची में नवोदित फुटबॉलरों को गैरे पेशेवर तरीके से कोचिंग देते रहे। वरिष्ठ खेल पत्रकार अजय कुकरेती बताते हैं कि 2002 में एचईसी से रिटायरमेंट के बाद प्रभाकर मिश्रा की माली हालत खराब होती गई। दरअसल एचईसी की खुद की आर्थिक स्थिति खराब होती गई। उन्हें यहां से पेंशन के तौर पर मात्र ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

बीईईओ ने किया एकडरी मध्य विद्यालय का निरीक्षण

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद बीईईओ नरेश राम ने एकडरी मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की वस्तु स्थिति की जानकारी ली। एमडीएम,छात्र व शिक्षक उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। एमडीएम से संबंधित कई निर्देश दिये।विद्यालय परिसर में बागवानी व शैक्षणिक उपस्कर की स्थिति को देखा। कई कक्षाओं में विद्यार्थियों से सम्बंधित विषयों से प्रश्न पूछा।विद्यालय द्वारा वितरण किये गए जाति प्रमाण पत्र के बारे में जानकारी ली। इसके पूर्व बीईईओ के आगमन पर विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया।उन्होंने बच्चों से स्वर्णिम भविष्य के लिए आपसी समन्वय से बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने की बात कही। मौके पर प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार,मोहम्मद असलम, पूनम देवी,लक्ष्मी देवी, उपेंद्र गुप्ता समेत सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

मरीजों को दी गयी मुफ्त दवा

एलसीएमसीएच ने लालगढ़ में लगाया स्वास्थ शिविर

शिविर में 117 मरीजों का जांचोपरांत इलाज किया गया

विधायक के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है : राजन पांडेय

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के द्वारा शनिवार को लालगढ़ फूटरवहा टोला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में 117 मरीजों का जांचोपरांत इलाज किया गया। इसके अलावा मरीजों को मुफ्त दवा भी दी गयी। मरीजों की जांच व उपचार डॉ निभा कुमारी, डॉ विकाश कुमार, रूपा कुमारी, किरण कुमारी, मुबारक हुसैन, राकेश चंद्रवंशी, अक्षय कुमार व मो खुर्शीद आलम ने किया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय व मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। राजन पांडेय ने कहा कि पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। इसे और भी व्यापक किया जायेगा। मौके पर पंचायत सचिव चंद्रा सिंह, वार्ड सदस्य सत्वंती देवी, समाज सेवी सुरेंद्र भुइया, संतोष प्रसाद सहित कई पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद थे।

मुहर्रम इंतेजमिया कमिटी की बैठक में चुने गये सदर व सेक्रेटरी

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। दर्जी मुहल्ले में मुहर्रम इंतेजमिया कमिटी कि बैठक आहूत कि है। जिसकी अध्यक्षता इस्माईल खलीफा व संचालन सफी आलम ने किया। जिसमें पूर्व कि भांति इस वर्ष भी पूरे हर्ष उल्लास के साथ मुहर्रम मनाने पर लोगो ने अपने अपने विचार रखे।वहीं बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्व सम्मति से मसिर खलीफा को सदर, मेहदी हसन को सेक्रेट्री व जावेद अख्तर को खजांची का पद भार सौंपा । मौके पर कौशर अली, जलालुद्दीन सिद्धकी, रफीक अंसारी, मोकिमुदिं खलीफा, इस्माईल खलीफा, अफजल खलीफा, असलम सिद्धकी जावेद अख्तर, इस्माईल खलीफा, गोल्डन सहित कई लोग मौजूद थे।

चंद्रवंशी समाज की बैठक सह सम्मान समारोह आयोजित

संजीव प्रजापति

सगालीम। अखिल भारतीय क्षत्रीय चंद्रवंशी महासभा की मासिक बैठक शनिवार को पांकी प्रखंड के हूरलौंग गांव निवासी ओम कुमार वर्मा (वकील) के घर में की गई। इस बैठक में हूरलौंग के अलावे सगालीम, आसेहार, भरी , परसिया आदि गांव के चंद्रवंशी समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता हूरलौंग गांव निवासी सह समाजसेवी वीरेंद्र कुमार वर्मा और संचालन सुरेंद्र कुमार वर्मा ने किया। समाजिक बैठक के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ओमकुमार चंद्रवंशी को वकील बनने पर उन्हें सामाजिक तौर पर सम्मानित किया गया। साथ ही बैठक में शामिल चंद्रवंशी समाज के लोगों को भी माला पहनाकर सम्मानित करते हुए उनका स्वागत किया गया। बैठक सह सम्मान समारोह के पूर्व चक्रवर्ती जरासंघ महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर समाजसेवी वीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास ही वास्तव में समाज का विकास हैं। शिक्षा के बदौलत ही चंद्रवंशी समाज का उत्थान संभव है। शिक्षित समाज ही राष्ट्र निर्माण में सहभागी हो सकता है। सुरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि राजनीति में समाज को सक्रिय होने की जरूरत है।सगालीम निवासी रामकिशोर चंद्रवंशी ने कहा कि चंद्रवंशीयों की संख्या अधिक है। बावजूद समाज के लोगों में पूरी तरह एकजुटता नहीं है। जरूरत है एकजुट होने की। समाजसेवी लड्डू राज ने कहा कि हक अधिकार के लिए चंद्रवंशी समाज को एकजुट होना चाहिए।

सड़क पर पैदल चलना भी दूभर

सड़क बनी डोभा, हर दिन हो रही है दुर्घटना

संजीव प्रजापति

सगालीम। पलामू जिले के तरहसी प्रखंड की कसमार - सोनपुरा - तेतराई मुख्य सड़क इन दिनों डोभा में तब्दील हो गयी है। सड़क पूरी तरह से जर्जर होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। करीब 15 किलोमीटर दूर सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। जगह-जगह सड़क डोभा बन गयी है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने से आवागमन करने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। लोग जान जोखिम में डालकर इस सड़क से गुजरते हैं। यह सड़क मेदिनीनगर - पांकी मुख्य पलामू जिला मुख्यालय से जोड़ती है। सड़क की हालात को देखते हुए पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सड़क बनवाने के लिए सरकार को पत्र लिखा था। विधायक डॉ मेहता के अथक प्रयास से सड़क निर्माण की स्वीकृति सरकार से मिल गई है। टेंडर की प्रक्रिया जारी है। सूत्रों की माने तो टेंडर की प्रक्रिया फाइल में ही सिमट कर रह गयी है। स्थानीय ग्रामीणों ने पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता और जिला प्रशासन से तत्काल सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। वहीं पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बताया कि सड़क निर्माण की स्वीकृति सरकार से मिल गई है। टेंडर की प्रक्रिया भी बहुत जल्द हो जाएगी। पिच सड़क का निर्माण बरसात में नहीं होता है। बरसात के बाद सड़क का निर्माण कार्य शुरू होगा।

झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष बने सचिन

पाटन। प्रखंड के किशुनपुर पंचायत सचिवालय में झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला के युवा मोर्चा अध्यक्ष सनी शुक्ला ने किया। बैठक का संचालन झामुमो के पाटन प्रखंड अध्यक्ष रणजीत सिंह के द्वारा किया गया। वहीं बैठक के माध्यम से पाटन प्रखंड के युवा मोर्चा का चुनाव किया गया। चुनाव कार्यक्रम के दौरान पाटन प्रखंड का युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन कुमार,सचिव गोरखनाथ चंद्रवंशी एवं कोषध्यक्ष सुनील कुमार रजक को बनाया गया। जिला अध्यक्ष सनी शुक्ला के द्वारा बताया गया कि आज पूरे झारखंड में माटी के पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार है।

सड़क मरम्मत को लेकर राजद नेता ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

हरिहरगंज। शहर से गुजरने वाले एनएच 98 तेंदुआ से बिहार सिवाना तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। सड़क गड्ढों में तब्दील हो गयी है। सड़क के दोनों किनारे कूड़े कचरे का अंबार लगा रहता है। जिस कारण वाहन गुजरने पर धूल उड़ती रहती है। दुकानदार सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क पर हमेशा दुर्घटना होती रहती है। जर्जर सड़क को लेकर समाजसेवी सह राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ को एक मांग पत्र सौंप कर हरिहरगंज एनएच 98 शहरी क्षेत्र की सड़क को जल्द मरम्मत करवाने की मांग की है। साथ ही कहा की सड़क को जल्द मरम्मत नहीं कराया गया तो शहरवासी और व्यवसायियों के साथ मिलकर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर कपिलदेव यादव, बबन यादव, ललन यादव, मोहम्मद एहतेशाम आदि मौजूद थे।

मझौली पंचायत सचिवालय में लगा नेत्ररोग जांच शिविर

मनातू। आज मनातू प्रखंड मुख्यालय कैंपस में चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी डॉ अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मनातू प्रखंड से कई गांव के लोग पहुंचे। मुख्यालय मझौली पंचायत सचिवालय के डॉ अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में नेत्र एवं जनरल दवाएं जांच कर दी गयी। मौके पर उपस्थित मनातू प्रखंड के जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चावला, मझौली पंचायत मुखिया पति एवं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष उमेश साहू ,नौडीहा पंचायत मुखिया बंधु भुईयां, मझोली समाजसेवी उमेश यादव, सुलेमान मियां काफी लोगों ने डॉ अभिषेक कुमार सिंह की प्रशंसा कर मनातू प्रखंड के लोगों ने बधाई दी एवं बुजुर्ग लोगों ने आशीर्वाद दिया।डॉ अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में शिक्षित उम्मीदवार होना बहुत जरूरी है। हम महफिल में विश्वास दिलाने का काम करते हैं कि किसी भी महिला या पुरुष मोतियाबिंद का शिकार हो वह व्यक्ति मुझसे संपर्क कर मेरा क्लीनिक में पहुंचे मै एक 1 रुपया नहीं लूंगा। फ्री मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर दवा के साथ मान सम्मान देने का काम करूंगा। चतरा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार क्षेत्र में गरीबों का खून चूसने का काम किए हैं। क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ। आज रोड का जर्जर स्थिति है, मनातू स्वास्थ्य केंद्र जर्जर स्थिति है, शिक्षा से अधूरे गरीब के बच्चे जर्जर पड़े हैं, इससे साबित होता है कि सत्ताधारी लोग अपने जेब भरने में लगे हैं। चतरा लोकसभा क्षेत्र से शिक्षित उम्मीदवार को इस बार लाने का सुनिश्चित करें क्षेत्र का विकास होगा।

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

(अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना)

पलामू जिला अंतर्गत जेलहाता, मेदिनीनगर में संचालित सम्प्रेक्षण गृह, पलामू में आवासीत बच्चों के लिए राशन, दवा, कपड़ा इत्यादि की आपूर्त्ति हेतु निविदा आमंत्रण की गई है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 24.07.2023 को अपराह्न 01:बजे तक है तथा निविदा खोलने की तिथि 24.07.2023 को 03:00 बजे है।

निविदा से संबंधित जानकारी जिले के अधिकारिक बेवसाईट www.palamu.nic.in पर अथवा जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
पलामू

PR 302422 District(23-24).D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना

(लापता व्यक्ति मुन्ना कुमार, उम्र–27 वर्ष)

मेराल थाना सनहा संख्या–13/23, दिनांक–10.07.2023, में लापता मुन्ना कुमार, उम्र–27 वर्ष, पिता– महेन्द्र राम, सा0–रेजो, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड का रहने वाला है। जो गुवाहाटी से घर आने के क्रम में दिनांक–01.07.2023 को पटना से गुम होने की बात बतायी जा रही है। वह अभी तक घर नहीं पहुँचा और न ही किसी रिश्तेदार के घर गया है। उक्त व्यक्ति का मो0 नं0–9525808166 अभी तक बन्द बता रहा है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता मुन्ना कुमार, उम्र–27 वर्ष, पिता– महेन्द्र राम, के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– मुन्ना कुमार,
पिता– महेन्द्र राम,
उम्र– 27 वर्ष,
रंग– साँवला,
लम्बाई– लगभग 5 फीट 4 इंच।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 302456 Police(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

ई–निविदा संख्या – 02/RI/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 14.07.2023

1.कार्य का विवरण :–

क्र0	प्रखण्ड	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में)	प्राक्कलित राशि अक्षर में	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	मेराल	RWD/ GARHWA/ 03/2023-24	तरके में REO रोड से शिव नाला तक पथ निर्माण। (0.900 कि0मी0)	67.141	सड़सठ लाख चौदह हजार एक सौ रूपये।	10000	135000	तीन महीना
2	गढ़वा	RWD/ GARHWA/ 05/2023-24	करचा में मुख्य नहर पुल बी0टी0 रोड से प्राथमिक विद्यालय होते हुए डुमरिया सीमा तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.995 कि0मी0)	69.890	उन्हत्तर लाख नवासी हजार रूपये।	10000	140000	तीन महीना
3	मेराल	RWD/ GARHWA/ 06/2023-24	लोवादाग स्वास्थ्य उपकेन्द्र से पढ़ुआ PMGSY रोड तक पथ निर्माण। (0.800 कि0मी0)	85.242	पचासी लाख चौबीस हजार दो सौ रूपये।	10000	171000	तीन महीना

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.07.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 31.07.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कार्यालय प्रकोष्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय:– 01.08.2023 को 03:30 अपराह्न तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि को समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.08.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 302434 Rural Development(23-24).D

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू, मेदिनीनगर

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई0– संख्या–DOPR/DE/ZP/Palamu-02/2023-24

1. कार्य का नाम :–

क्र0 सं0	योजना का नाम	प्रा0राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	एन0 आई0टी0 रेफरेंस सं0
1	Construction of 03 (Thee) Class Room of Size (30'x20'0") with 7'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Rabda Under Block Nawa Bazar, dist-Palamu	29.988	60000.00	5000.00	3 माह मात्र	01/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
2	Construction of 03 (Thee) Class Room of Size (30'x20'0") with 7'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Naudiha Under Block Manatu, Distt-Palamu.	29.988	60000.00	5000.00	3 माह मात्र	02/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
3	Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0") with 7'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Dhab Under Block-Hariharganj, Distt-Palamu.	41.991	84000.00	5000.00	3 माह मात्र	03/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
4	Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0") with 7'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit High School Tendua Under Block-	41.991	84000.00	5000.00	3 माह मात्र	04/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
5	Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0") with 7'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit PS Paneribandh under Block-chainpur, Dist-Palamu	41.991	84000.00	5000.00	3 माह मात्र	05/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
6	Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0") with 7'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS bhali Under Block-Mohammadganj, Distt-Palamu.	41.991	84000.00	5000.00	3 माह मात्र	06/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
7	Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0") with 7'0" wide Verandah in KGBV Under Block-Chainpur, Dist-palamu.	41.991	84000.00	5000.00	3 माह मात्र	07/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
8	Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0") with 7'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Yamunna Under Block-Tarhasi, Dist-Palamu.	41.991	84000.00	5000.00	3 माह मात्र	08/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
9	Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0") with 7'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit Gadhi +2 High School Under Block-Untari Road ,Dist-palamu.	41.991	84000.00	5000.00	3 माह मात्र	09/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
10	Construction of Boundary Wall in Rajkiyekrit MS Sudna in Block Daltonganj Palamu.	41.991	84000.00	5000.00	3 माह मात्र	10/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
11	Construction of Boundary Wall in Netaji Subhas Chandra Bose School , Sua in Block-Daltonganj, palamu	37.132	76000.00	5000.00	3 माह मात्र	11/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
12	Construction of Boundary Wall in Rajkiyekrit +2 High School Lesliganj in Block Dist-Palamu	84.849	170000.00	10000.00	6 माह मात्र	12/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
13	Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0") with 8'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Ramanand Dabra, Under Block-Lesliganj at Daltonganj, Distt-Palamu.	19.994	40000.00	5000.00	3 माह मात्र	13/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
14	Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0") with 8'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit PS Uldanda Under Block-Ramgarh at Daltonganj, Palamu.	19.994	40000.00	5000.00	3 माह मात्र	14/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
15	Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0") with 8'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Fulwariya Under Block-Satbarwa at Daltonganj, Palamu.	19.994	40000.00	5000.00	3 माह मात्र	15/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
16	Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0") with 8'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit Navsrijit PT Tikri Under Block-Hussainabad at Daltonganj, Palamu.	19.994	40000.00	5000.00	3 माह मात्र	16/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
17	Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0") with 8'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit PS Pankari under Block-Patan at Daltonganj, Palamu.	19.994	40000.00	5000.00	3 माह मात्र	17/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
18	Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0") with 8'0" wide Verandah in Rajkiyekrit PS Nawadih under Block-Ramgarh at Daltonganj, Palamu.	19.994	40000.00	5000.00	3 माह मात्र	18/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
19	Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0") with 8'0" wide Verandah in Rajkiyekrit MS Shivala Road Under Block-Chainpur at Daltonganj, Palamu	19.994	40000.00	5000.00	3 माह मात्र	19/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
20	Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0") with 8'0" wide Verandah in Rajkiyekrit Kanya PS Turk Talya Under Block - Chainpur, at Daltonganj, palamu.	19.994	40000.00	5000.00	3 माह मात्र	20/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
21	Construction of Exiting Class Room (5 Nos) in UPG Rajkiyekrit High School Khajuri, Block-Chhattarpur, Palamu	24.985	50000.00	5000.00	3 माह मात्र	21/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 17.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–25.07.2023 up to 5.00 PM बजे तक
4. जिला अभियंता, जिला परिषद् कार्यालय मेदिनीनगर में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय:– 26.07.2023 अपराह्न 1.00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–27.07.2023 अपराह्न 11.00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –9955924364
8. निविदा शुल्क:– किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू के पक्ष में मेदिनीनगर में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं।
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, पलामू

PR 302452 (District)23-24*D

शिकारियों के निशाने पर वन्य जीव

टाइगर रिजर्व के जलस्रोतों के आस-पास बढ़ी निगरानी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू बरसात की शुरूआत के साथ ही पलामू टाइगर रिजर्व के कई जलस्रोतों में पानी भर गया है और कई जलस्रोत अभी भी सूखे हैं। वहीं जल स्रोतों में पानी भरने के बाद हाई अलर्ट जारी किया गया है। दरअसल, कई जलस्रोत संवेदनशील इलाकों में हैं, जहां शिकारी हिरण समेत अन्य जीवों का शिकार करते हैं। जुलाई से लेकर सितंबर के अंतिम सप्ताह तक वन्य जीवों का प्रजनन काल भी होता है। प्रजनन काल के दौरान वन्यजीव जंगलों को छोड़कर आबादी वाले इलाके में भी पहुंच जाते हैं। इस कारण उन पर खतरा मंडराने लगता है। पलामू टाइगर रिजर्व में जलस्रोतों के आसपास खास निगरानी बढ़ाई गई है। पलामू टाइगर रिजर्व इलाके में 40 से भी अधिक संवेदनशील इलाकों को चिन्हित किया गया है। जहां अतिरिक्त गार्ड और ट्रैकर को तैनात किया गया है। इन गार्ड और ट्रैकरों को अलग-अलग शिफ्ट में तैनात किया गया है और मोबाइल उपलब्ध करवाया गया है। सभी को एम स्ट्रिप एप से जोड़ कर पल-पल का अपडेट रखने

को कहा गया है। पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में बरसात की शुरूआत के साथ मानसून पेट्रोलिंग शुरू हो गई है। पेट्रोलिंग के लिए वन कर्मियों को अतिरिक्त गाड़ी और संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। दरअसल, पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में जुलाई के पहले सप्ताह से सितंबर के अंतिम सप्ताह तक पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगा दी गई हैं। इन महीनों में अक्सर वन्यजीव जंगली इलाकों से बाहर निकलकर आबादी वाले इलाके के नजदीक पहुंच जाते हैं। 2020 के बाद से पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में अब तक 37 से अधिक हिरणों का शिकार किया गया है। जिसमें 40 प्रतिशत शिकार बरसात के दिनों में हुए हैं।सबसे अधिक शिकार बरवाडीह, बेतला, सतबरवा, मनिका, छिपादोहर के इलाके में किया जाता है। पलामू टाइगर रिजर्व के एक वरीय अधिकारी ने बताया कि शिकार से जुड़ा हुआ मामला संवेदनशील है। कई टीमें निगरानी कर रही हैं। पिछले कुछ दिनों में एक दर्जन से अधिक शिकारी पकड़े भी गए हैं। फिर भी शिकार को रोकना बड़ी चुनौती है। वन्य जीव जलस्रोत के अगल-बगल प्रजनन करते हैं।

NEWS इन ब्रीफ

कीटनाशक दवा खाकर युवती ने किया आत्महत्या का प्रयास

मेदिनीनगर। पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सूंठा निवासी शौकत अली की पुत्री लाडो खातून उम्र 16 वर्ष शुक्रवार की शाम कीटनाशक दवा का सेवन कर आत्महत्या करने की प्रयास की। जानकारी के अनुसार लाडो खातून का शुक्रवार की शाम अपनी मां से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस बीच वह घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर ली। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। इस संबंध में लाडो के पिता शौकत अली ने बताया कि लाडो अपनी मां से झगड़ा करने के बाद नानी के घर जाने की जिद कर रही थी।

सदर अस्पताल से मोबाइल की चोरी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर अस्पताल में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार की सुबह 5:00 बजे पांकी पिपराताड़ थाना क्षेत्र के ग्राम विदरा निवासी जगदीश कुमार का मोबाइल सदर अस्पताल से चोरी हो गया। चोरी की घटना के बाद से जगदीश की पत्नी का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार जगदीश 7 दिनों से सदर अस्पताल में भर्ती कराकर अपने बच्चे का इलाज करवा रहा है और वह बहुत परेशान है। इसी बीच शनिवार की सुबह 5:00 बजे मोबाइल चोरी हो जाने की घटना के बाद से जगदीश और उसकी पत्नी काफी चिंतित है।

बाइक दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के कांदू मोहल्ला निवासी व पत्रकार पप्पू कुमार और उसका एक मित्र शुक्रवार की रात करीब 9:00 बजे बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पप्पू कुमार और उसका एक मित्र बाइक पर सवार होकर अपने घर से बाजार जा रहे थे। इसी बीच नवकेतन सिनेमा के पास अनियंत्रित होकर दोनों बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद दोनों खतरे से बाहर हैं।

मारपीट में एक घायल, थाना में शिकायत

हुसैनाबाद। थाना क्षेत्र के कचरा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में संतोष राम का 18 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने इलाज के लिए उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में धीरज ने अपने पड़ोसी के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।

जहरीले सांप के काटने से दो व्यक्ति घायल

परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मेदिनीनगर पड़वा थाना क्षेत्र के लामीपतरा निवासी लखन प्रसाद के पुत्र पुरुषोत्तम प्रसाद उम्र 35 वर्ष जहरीला सांप के काटने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह पुरुषोत्तम प्रसाद शनिवार की सुबह 5:00 बजे अपने घर में सोए हुए थे। इसी बीच अचानक बिस्तर पर चढ़कर जहरीले सांप ने उन्हें काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम काकेकला निवासी वीरेंद्र चंद्रवंशी को शुक्रवार की शाम जहरीले सांप ने काट कर घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा गांव में झाड़-फूंक करवाने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

खादिम के आकर्षक शोरूम का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के जपला छतरपुर मुख्य पथ पर शिवशक्ति नगर एमआई मोबाइल शॉप के

बगल में खादिम की आकर्षक दुकान खोली गयी। जिसका उद्घाटन भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश के संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह, भाजपा नेता विनोद सिंह ,प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी एवं फ्रेंजाइजी पार्टनर शैलेन्द्र सिंह व उनके धर्म पत्नी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कर्नल डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने कहा कि खादिम का शोरूम खुलना हुसैनाबाद वासियों के लिए सौभाग्य की बात है। इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से हुसैनाबाद वासियों को शॉपिंग करने में बहुत सहूलियत होगी। अच्छी क्वालिटी के सामान खरीदने के लिए लोगों को बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता था। लेकिन उन्हें अब यह सामान जपला जैसे छोटे शहर में भी उचित दाम में मिल जाएगा। प्रोपराइटर पंकज सिंह ने बताया कि शोरूम में काफी आधुनिकता के साथ साथ महिलाओं व बच्चों के लिए उत्तम क्वालिटी के जूते चप्पल आदि उचित दाम पर उपलब्ध किए गए है। फ्रेंजाइजी अमित कुमार सिंह ने बताया कि इस शो रूम फुटवियर के अलावा स्कूल बैग, लेडीज पर्स, मोजे- बेल्ट और ब्रश पालिश के विशाल भंडारण का संग्रह यहां है। इस अवसर पर समाजसेवी भुनेश प्रसाद सिंह, विन्देश्वरी यादव , लालधन ठाकुर, राजीव रंजन सिंह, चंचल सिंह, बुटन यादव, गणेश राम, बीपी सिंह, मनोहर सिंह, लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद,अभिषेक सिंह, लड्डू सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

विश्व कौशल दिवस पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की विचार गोष्ठी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। विश्व कौशल दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की संचालन संजय कुमार ने किया। दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा की विश्व कौशल दिवस प्रत्येक वर्ष 15 जूलाई को मनाया जाता है। संयुक्तराष्ट्रसंघ के आह्वान पर 2015 से कौशल दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उदेश्य युवाओं को रोजगार देना, कम पढ़े-लिखे एवं बीच में पढ़ाई छोड़ देने वाले छात्र-छात्राओं को विभिन्न सेक्टरों में प्रशिक्षण दे कर दक्ष (स्किल्ड) बनाने का है। भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार संयुक्त रूप से कौशल विकास केन्द्र

संचालित करा रहें है। निःशुल्क प्रशिक्षण जैसे- आई०टी०आई०, बी फार्मा, एम०ए०एल०टी०, कम्युटर साइंस, लैब टेक्निशियन, ड्रेसर, कम्पाडर गेट स्कोर, मोबाईल एप्लिकेशन के क्षेत्र में रोजगार की आपार संभावनाएं है। निजी कम्पनियों में प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार मिल जाता है। प्रशिक्षित युवाओं के लिए निजी कम्पनियों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। कौशल विकास युवाओं के लिए वरदान है। युवाअवश्य प्रशिक्षण लें। मोर्चा अध्यक्ष ने अहवान किया की युवा हुनरमंद (स्किल्ड) बने रोजगार की कोई कमी नहीं। इस अवसर पर शिव नरायण साव, जयपाल मोची, अनुज, प्रदीप राम सहित कई लोग उपस्थित थे। राम नरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रसव वार्ड में महिला सर्जन नियुक्ति की मांग

मेदिनीनगर। राजद के प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम घुरा ने मुख्यमंत्री जन शिकायत केंद्र में आवेदन देकर कहा है कि एमएमसीएच के प्रसव वार्ड के अंदर महिला सर्जन नहीं रहने के कारण बड़ा ऑपरेशन से होने वाला गर्भवती महिला को निजी नर्सिंग होम में या सेवा सदन में रेफर कर दिया जाता है।जहां इलाज एवं ऑपरेशन का चार्ज काफी महंगा होने के कारण गरीब निर्धन महिलाओं को इलाज कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही अस्पताल में गर्भवती महिलाओं का बच्चा जन्म लेने पर प्रसव वार्ड में कार्यरत नर्स के द्वारा मुंह मांगा पैसों की वसूली की जाती है। जो गर्भवती महिला के परिजन पैसा देते हैं उनका अस्पताल में ही बच्चे का जन्म करा दिया जाता है,और जो नहीं देते हैं उन्हें बड़ा ऑपरेशन करने के नाम पर गर्भवती महिला को डरा धमका कर निजी नर्सिंग होम में भेजा दिया जाता है। इस तरह की शिकायत महिला के साथ आए हुए परिजन सिविल सर्जन और अस्पताल अधीक्षक के पास जाकर करते हैं,जहां दोनों पदाधिकारीयों के द्वारा महिला वार्ड की नर्स पर अंकुश लगाया जाता है,फिर भी पैसा मांगने का सिलसिला चलता आ रहा है वह रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसी परिस्थिति में प्रसव विभाग के सभी कमरों में सीसीटीवी लगाकर निगरानी कराते हुए महिला सर्जन को प्रतिनियुक्त कराया जाए।

एसपी चंदन सिन्हा ने गरीब मरीज को खून दिला बचाई जान

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा की टीम लगातार पलामू जिले के गरीब असहाय लोगों की मदद करने में हर संभव प्रयासरत हैं। शनिवार को सदर अस्पताल में तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम पकरी निवासी एक गरीब व्यक्ति अर्जुन राम अपने पुत्र पवन कुमार की किडनी का डायलिसिस कराने पहुंचे थे। डायलिसिस कराने के लिए पवन को बी पॉजिटिव एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी। मरीज पवन कुमार के पिता अर्जुन राम ब्लड की तलाश में इधर उधर भटक रहे थे। इसी बीच किसी व्यक्ति ने उन्हें पलामू एसपी चंदन सिन्हा से मिलने की सलाह दी। इसके बाद अर्जुन राम ने किसी तरह पलामू एसपी चंदन सिन्हा का मोबाइल नंबर जुगाड़ कर उन्हें फोन करके अपने पुत्र की बीमारी के बारे में जानकारी दी और कहा कि हमारे पुत्र को एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता है। अर्जुन सिंह की समस्या को देखते हुए एसपी चंदन सिन्हा ने अपने विभाग के एक जवान उमेश कुमार आरक्षी 745 को मरीज को ब्लड उपलब्ध कराने को कहा। एसपी के आदेश मिलते ही जवान उमेश कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर मरीज पवन कुमार को ब्लड देकर उसकी समस्या का समाधान किया।इस नेक कार्य के लिए मरीज पवन कुमार के पिता अर्जुन राम ने पलामू पुलिस को धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने अभी तक उन्होंने अपने कार्यकाल में पलामू जिला के लगभग 150 से 200 लोगों को खून उपलब्ध करा कर उनको नया जीवन देने का काम किया है।

पत्रकारिता के क्षेत्र में सूर्यकांत ने लहराया परचम

पी.एच.डी में सफलता प्राप्त कर अपने क्षेत्र का किया नाम रौशन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। कहा जाता है कि दृढ़ इच्छा और दिल में आगे बढ़ने की लग्न हो तो राहें अपने आप आसान हो जाती हैं। इसे साबित कर दिखाया पलामू जिले के मेदीनीनगर स्थित आदर्शनगर (देवी मंदिर रोड) निवासी सूर्यकांत कुमार ने। वर्ष 2019 में, उत्तरप्रदेश के मेरठ स्थित सीसीएस यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित सी.ई.टी की परीक्षा पास कर पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना पहला

कदम रखा था। जिसमें अपने शोध कार्यकाल के दौरान गाइड - डॉ. पवन कुमार शर्मा (राजनीती विज्ञान विभाग, सीसीएस यूनिवर्सिटी) एवं बाहरी गाइड - प्रो. एस सी मिश्रा (पलामू), डॉ विजय चंद्र झा (पटना) एवं दीप्ती कुमारी, कुमार गौरव (छत्तीसगढ़) के दिशानिर्देश व मार्गदर्शन से पी.एच.डी में मुकाम हासिल कर पाए है। डॉ सूर्यकांत के पिता आयुक्त कार्यालय में प्रधान सहायक के पद से सेवानिवृत्त है। जबकि माता कन्नीराम मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका के पद से सेवानिवृत्त है। डॉ कुमार अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और गुरुजनो को देते हैं। सफलता का जानकारी मिलते ही मोहल्ले वासीयों, मित्र बंधुवो व सगे संबंधियों द्वारा डॉ कुमार के निवास स्थान में बधाई देने का ताँता लगा रहा। डॉ सूर्यकांत पत्रकारिता के बाद जल्द ही प्रोफेसर बनने के सपने को पूरा करेंगे।

गुर्दा रोग से पीड़ित युवक ने विधायक से सहयोग मांगा

इलाज के लिए 50 हजार का ड्राफ्ट सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। प्रखंड निवासी दिनेश गुप्ता गुर्दा रोग नामक गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। वर्तमान में दिनेश चंडीगढ़ के अस्पताल में गुर्दा के प्रत्यारोपण के लिए भर्ती हैं। दिनेश ने हरिहरगंज- हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह से मिलकर इलाज में सहयोग का आग्रह किया था। विधायक की अनुसंशा पर दिनेश को इलाज के लिए मुख्यमंत्री सहायता निधि से 50 हजार रुपए का डिमांड ड्राफ्ट निर्गत किया गया। विधायक ने दिनेश के परिजन को 50 हजार रुपए का डिमांड ड्राफ्ट दिया। विधायक ने दिनेश के यथाशीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई लोगों को बीमारी के ईलाज के लिए राशि उपलब्ध कराई गयी है।

नहीं रहे अधिवक्ता नागेंद्र प्रसाद सिंह

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। इप्टा पलामू के वरिष्ठ साथी एवं आधुनिक टेंट हाउस के संचालक गगन जी के पिता नागेंद्र प्रसाद सिंह का निधन सुबह करीब 7:30 से 8:00 के बीच हो गया। पांडेय जानकी सिंह के पुत्र नागेंद्र प्रसाद सिंह पलामू जिला बार एसोसिएशन के एक प्रतिष्ठित अधिवक्ता थे। उन्होंने वकालत की शुरूआत 1968 में की थी। नागेंद्र प्रसाद सिंह पलामू जिला के नीलांबर-पितांबरपुर (लेस्लीगंज) स्थित नौडीहा गांव के निवासी थे। घर परिवार के लोग उन्हें गुपी बाबू के नाम से पुकारते थे। उनके भतीजा रमेश प्रसाद सिंह ने बताया कि नागेंद्र प्रसाद सिंह का अंतिम संस्कार 16 जुलाई सुबह किया जाएगा। उनके शव को मेदनीनगर के आबादगंज स्थित निवास पर रखा गया है। उनके दर्शन हेतु निवास पर काफी लोग पहुंच रहे हैं। उनके निधन के बाद इप्टा पलामू, झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन और कई अधिवक्ताओं एवं उनके चाहने वालों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में अधिवक्ता केडी सिंह, नंदलाल सिंह, एसएन सिंह, शलभ कुमार राठौर, झारखंड राजधानी मजदूर यूनियन के महासचिव राजीव कुमार, इप्टा के शैलेंद्र कुमार,उपेंद्र मिश्र, प्रेम प्रकाश,रविशंकर, अजीत, राजीव रंजन, समरेश सिंह, भोला, संजीव कुमार संजू सहित अन्य लोग शामिल थे।

रक्तदान | मेदिनीराय राय मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक परिसर में

जन कल्याण ट्रस्ट का स्वैच्छिक ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित

प्रत्येक सोमवार सावन को जनकल्याण ट्रस्ट के द्वारा समय 4:00 बजे महाप्रसाद वितरण शनि मंदिर के समक्ष किया जायेगा : संगठन सचिव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में सदर अस्पताल मेदनिया राय मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक परिसर में स्वैच्छिक ब्लड डोनेशन कैंप का सफल आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सिविल सर्जन पलामू कंपनी कमांडर अनुज झा, कंपनी कमांडर राजेश लकड़ा, मार्केटिंग ऑफिसर रजनीकांत पांडे, काली मिट्टी बोर्ड के अध्यक्ष अविनाश देव, समाजसेवी जगन्नाथ प्रसाद, जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र

पांडे, उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, सचिव रणजीत रंजन, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, कमेटी के सदस्य संतोष दुबे, अखिलेश पाठक, बंटी कुमार गुप्ता ,महिला केंद्रीय कमेटी सदस्य रीना देवी, शांति देवी, फुलवंती देवी, ब्लड बैंक प्रभारी अनवर आलम, कोमल जी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। संगठन सचिव ने बताया कि प्रत्येक सोमवार सावन को जनकल्याण ट्रस्ट के द्वारा समय 4:00 बजे महाप्रसाद वितरण शनि मंदिर के समक्ष किया जाएगा। उन्होंने यह भी अपील लोगों से की कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर प्रसाद ग्रहण करें। रक्तदाता जनकल्याण ट्रस्टी अध्यक्ष अजीत दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, कंपनी कमांडर अनुज झा, कंपनी कमांडर राजेश लकड़ा, सचिव रणजीत रंजन, महिला कांस्टेबल फूल सहरा खातून, प्लाटून कमांडर अखिलेश पाठक,संजय दुबे, संजय कुमार बैठा, बलराम गुप्ता, सीताराम ठाकुर, अशोक कुमार सिंह, विनय कुमार, धर्मेंद्र कुमार पांडे, धर्मेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, ईश्वरी मांझी, चंदा देवी इत्यादि ने ब्लड डोनेट कर काम को सफल बनाया।

विधायक ने सरना स्थल की घेराबंदी कार्य का किया शिलान्यास

मनातू । पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पदमा पंचायत के ग्राम तेतरडीह में शुक्रवार को सरना स्थल की पक्की चारदीवारी कार्य का शिलान्यास पांकी विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने संयुक्त रूप से किया। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार कल्याण विभाग की ओर से सभी सरना, मसना और अन्य सामाजिक स्थल को सुरक्षित करने का काम हो रहा है। वहीं गांवों के विकास को गति देने में भी सरकार खुलकर खर्च कर रही है । मौके पर पूर्व मुखिया जयराम उरांव, महेंद्र उरांव, पिंटू उरांव, सीता राम उरांव, करमदेव उरांव, नरेंद्र उरांव, रामलाल उरांव, निर्मला उरांव, कमेश उरांव, जीतेन्द्र ,आदि सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

पर्यावरण सुरक्षा के प्रति सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य होगा भयावाह : मिथिलेश ठाकुर

मंत्री ने की पर्यावरण संरक्षण महा अभियान की शुरुआत

1000 लोगों ने किया पौधरोपण, 2000 पौधों का वितरण, जनसमूह ने ली पर्यावरण सुरक्षा की शपथ

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
विधायक एवं झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को पर्यावरण संरक्षण के महा अभियान की शुरुआत की। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के तत्वावधान में गढ़वा के सुखबाना स्थित लहसुनिया पहाड़ पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, एसपी अंजनी कुमार झा, डीडीसी राजेश राय, लायंस क्लब के पूर्व जिला पाल राजीवा सिंह आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस महा अभियान की शुरुआत मंत्री ने पौधारोपण कर की। इस दौरान लहसुनियां पहाड़ पर मंत्री के साथ एक हजार लोगों ने पौधरोपण किया। साथ ही मंत्री ने स्कूली बच्चों आदि लोगों के बीच दो हजार पौधों का वितरण भी किया। साथ ही सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली।

इस मौके पर मंत्री ने कहा कि आज पर्यावरण की सुरक्षा अति आवश्यक है। यदि समय रहते लोग सचेत नहीं हुए, पर्यावरण की रक्षा नहीं की गई तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य भयावह होगा, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। लोगों को पीठ पर ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना पड़ेगा। आज पेयजल एवं प्रदूषण की जो समस्या उत्पन्न हो गई है, इससे सबक लेने की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार एवं विभाग की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, परंतु सिर्फ इतना ही काफी नहीं है। इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। आज से 20-25 वर्ष पूर्व गढ़वा में बहुत बारिश होती थी, पर आज सावन के महीने में भी बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है। पर्यावरण के दोहन से ही पेयजल की भी विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद का पात्र है। यह कार्यक्रम महोत्सव नहीं बल्कि महा महोत्सव है। अन्य सभी क्लबों को इस प्रकार का आयोजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम झारखंड ही नहीं पूरे देश के लिए प्रेरणादायक होगा। सभी लोग पौधा लगाने एवं जल संरक्षण का कार्य अपना कर्तव्य समझकर करें, ताकि हम आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य दे सकें। उन्होंने कहा कि आज के इस महा अभियान का दूरगामी परिणाम होगा। मंत्री ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ा कदम उठाते हुए महा अभियान चलाने का आग्रह किया है। मौके पर कमांडेंट नृपेंद्र सिंह, प्रोजेक्ट चेयरमैन ला. राकेश पाल, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के अध्यक्ष कंचन साहू, शंभू त्रिपाठी, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, सीओ कुमार मयंक भूषण, बीडीओ कुमुद झा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत पांडेय, डीएफओ शशि कुमार, डॉ यासीन अंसारी, डॉ एमपी गुप्ता, राजीव चौबे, अनिल सोनी, राजेश गुप्ता, सरोज सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, अनिता दत्त, आराधना सिंह, चंदा देवी, मदन प्रसाद केशरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

स्कूलों में होगा पर्यावरण संरक्षण प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों को पुरस्कृत करेंगे मंत्री

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
लायंस क्लब गढ़वा ऑसम के तत्वाधान में लहसुनिया पहाड़ पर आयोजित पर्यावरण संरक्षण महा अभियान पौधरोपण कार्यक्रम में विभिन्न स्कूली बच्चों का सहयोग काफी सराहनीय रहा। बच्चों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान बच्चों के उत्साह देखते हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि सभी स्कूलों में पर्यावरण संरक्षण प्रतियोगिता आयोजित कराई जाए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को वे अपनी ओर से पांच-पांच हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान करेंगे। मौके पर जीएन कान्वेंट स्कूल, बीएनटी संत मैरी स्कूल, ब्राइट फ्यूचर स्कूल, बीपी डीएवी स्कूल, मदरसा गरीब नवाज झलुवा के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम की सफलता में सराहनीय भूमिका निभाई। मौके पर मुख्य रूप से मदन प्रसाद केशरी, आशीष अग्रवाल, उमाकांत तिवारी, अमित तिवारी, एसएन पाठक, सुशील कुमार केशरी, प्रो. लखन कश्यप, अशोक विश्वकर्मा, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता सहित जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा, जायंट्स ग्रुप ऑफ आस्था, रोटरी क्लब गढ़वा, लायंस क्लब गढ़वा विशाल, लायंस क्लबऑफ गढ़वा ग्रीन, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी, लायंस क्लब गढ़वा ग्लोरियस आदि के पदाधिकारी व सदस्य कमलेश गुप्ता, विजय केशरी, अनु दुबे, जितेंद्र कमलापुरी, अशोक केशरी, मनोज केशरी, रविंदर केशरी, दीपक तिवारी, मुजीब खान, मनोज केशरी, संतोष कश्यप, रविंद्र जयसवाल, उमेश अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, अमित कश्यप, ललन सोनी, चंदन मेहता, आनंद कुमार, नीरज कमलापुरी, डॉ असजद अंसारी, दया शंकर गुप्ता, संजय सोनी, विजय सिन्हा, राम नारायण प्रसाद, राहुल जयसवाल, पूनम का कांस्यकार, ज्योति प्रकाश केशरी, दीपाली अग्रवाल, सुजाता अग्रवाल, विनीता जयसवाल, अमित शर्मा,अनूप शर्मा ,वेद प्रकाश शर्मा, शमसाद खान, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

रास्ते के दोनों ओर रोपे गए 200 इमारती पौधे

नवीन मेल संवाददाता। मेराल
मेराल पूर्वी पंचायत के पुरवारा टोला स्थित हडही पहाड़ शिव स्थान सहित जाने वाले रास्ते के दोनों ओर लगभग 200 इमारती पौधे रोपे गए। इस मौके पर मेराल पूर्वी मुखिया राम सागर महतो, शिक्षक विनोद कुमार कुशवाहा, समाजसेवी सह आनंद मार्ग प्रचारक संघ के प्रखंड सचिव डॉ लालमोहन, सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी बिंदेश्वरी महतो, सुनील कुमार, धर्मेंद्र बच्चा इत्यादि मौजूद रहे। सागवान, चकवंधी, करंज, पीपल, सहित अनेक शो प्लांट के पौधे लगाए गए। इस मौके पर पूर्वी मुखिया राम सागर महतो ने कहा कि पौधरोपण करना अत्यंत ही आवश्यक है क्योंकि वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए एकमात्र विकल्प पौधरोपण है। पौधारोपण कर उसे सुरक्षित करना हम सबकी जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अपने पंचायत में हजारों पौधा लोगों को जागरूक कर लगवाया जाएगा। पौधरोपण का नेतृत्व सुनील कुमार के साथ-साथ सहयोग करने वालों में रामजी कुशवाहा, रामकुमार बैठा, महेंद्र चंद्रवंशी, मुकेश कुमार, कुंदन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मिथुन कुमार, कमलेश कुमार, दुर्गेश कुमार, गोलू कुमार, पवन कुमार, रितेश कुमार, सत्यम कुमार, सुदामा महतो, परीखा महतो, सुदर्शन चंद्रवंशी, नंदू महतो, निक्की कुशवाहा इत्यादि शामिल रहे।

अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर की डीलर बदलने की मांग

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड के जासा गांव के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर सिंहपुर ग्राम के डीलर कामेश्वर प्रसाद गुप्ता पर मई व जून दो माह का राशन नहीं देने का आरोप लगाते हुये रक्सा ग्राम के डीलर सुरेंद्र राम को दुकान आवंटित करने की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि जासा ग्राम की राशन दुकान जो शीला देवी के नाम से आवंटित थी, शीला देवी द्वारा नहीं चलाने के बाद सिंहपुर ग्राम के डीलर कामेश्वर प्रसाद को दे दी गयी थी। डीलर द्वारा सही तरीके से दुकान नहीं चलाने तथा मई व जून माह का राशन नहीं देने पर ग्रामीणों ने डीलर बदलने की मांग की है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालो में इकबाल अंसारी, अफजल अंसारी, शनि कुमार, जलील अंसारी, मुकेश कुमार, राहत अंसारी, राकेश पाल, बिंदा देवी, सीमा देवी, अनिता देवी, विमला देवी, तेतरी देवी, एतवरिया देवी आदि शामिल हैं।

चिनिया में पीडीएस दुकानों की जांच

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया
जिला अधिकारी ने चावल दिवस के अवसर पर शनिवार को चिनिया प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न गांवों के कई पीडीएस दुकानों की जांच की। प्रखंड मुख्यालय के जन वितरण प्रणाली दुकानदार उपेंद्र राम की दुकान की जांच जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा व अंचलाधिकारी सह प्रखंड खाद्यआपूर्ति पदाधिकारी निशात अंजुम ने की। उक्त दुकान में बहुत सारी गड़बड़ियां पाई गई।

दुकानदार ने चावल दिवस पर मात्र 16 लाभुकों के बीच चावल का वितरण करने की बात बतायी गयर। स्टॉक में राशन भी दिखाई नहीं दिया। अधिकारियों ने पूछा कि कितने मृत राशन कार्ड धारी हैं? इसका जवाब दुकानदार नहीं दे पाया। इस पर स्पष्टीकरण मांगा गया। वहीं अनाहरीदह जन वितरण प्रणाली चिनिया, चिरका के मित्रा देवी की दुकान की जांच की गई, जिसमें स्टॉक पंजी नहीं पायी गयी। साथ ही किसी तरह का कोई लेखा-जोखा नहीं बताया गया। राशन से संबंधित सूचना पट में नहीं लिखी हुयी पायी गयी व दुकान पर एक भी लाभुक नहीं दिखे। दुकानदार द्वारा 2 जुलाई को ही राशन का उठाव कर लिया गया है, परंतु राशन कितना उठाव हुआ यह भी नहीं बताया गया। अभी तक राशन नहीं वितरण किया गया है। इस पर नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई गई तथा निर्देश दिया गया प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी ऐसे संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानदार से स्पष्टीकरण मांग कर आगे की कार्रवाई करें। इसी क्रम में अधिकारीयों द्वारा परसुखाड़ गांव में पहुंचकर रघुनाथ सिंह की आम बागवानी की जांच की गई। वहीं रनपुरा जन वितरण प्रणाली दुकानदार अलाउद्दीन सिद्दीकी की दुकान की जांच की गई, जहां चावल दिवस के अवसर पर लाभुकों के बीच राशन का वितरण किया जा रहा था लेकिन बोर्ड में राशन से संबंधित सूचना अंकित नहीं थी। सोख्ता एवं वर्मी कंपोस्ट योजना की भी जांच की गई।

सीएचसी में जांच के लिए घंटों भटकते रहे दिव्यांग

10 बजे शुरू होनी थी जांच, 1:30 बजे पहुंची टीम

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
सामुदयिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को सैकड़ों दिव्यांग ईधर उधर भटकते रहे। हैरान-परेशान चलते-फिरने में लाचार ये दिव्यांग बैठकर स्वास्थ्य जांच शुरू होने का इंतजार करते रहे। साथ आए परिजन इधर-उधर पूछताछ में लगे थे। शनिवार को दिव्यांग का प्रमाण पत्र की जांच के लिए भवनाथपुर, केतार एवं खरौधी प्रखंड के दिव्यांगों को 10 बजे बुलाया गया था, लेकिन डॉक्टरों की टीम 1:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। इसके बाद जांच शुरू हुई। दिव्यांगों के परिजन संदीप कुमार मेहता, जनार्दन प्रजापति, अवधेश राम, श्याम लाल पासवान, तूफानी बैठा, सुनीता देवी, अंजू कुमारी आदि मरीजों के परिजनों ने बताया कि अगर व्यवस्था नहीं थी तो बुलाना नहीं चाहिए था। गढ़वा सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में दिव्यांगों की जांच शिविर का आयोजन किया गया। 199 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था, जिसमें 148 लोगों की जांच की गई। 51 गूंगे एवं बहरे को गढ़वा रेफर किया गया। हड्डी 70, आंख 30 एवं मेंटल 48 विकलांगता की जांच की गई। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार सिंह, डाक्टर एसके रवि, डॉक्टर पीयूष प्रमोद, डॉक्टर संजय कुमार, डॉक्टर जियाउल हक, भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी दिनेश सिंह ने विकलांगता जांची।

मंत्री ने सामूहिक विवाह जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

निर्धन व असहाय लोग बेटी की शादी करने में हैं असमर्थ तो कन्या विवाह सोसाइटी से मिले : ठाकुर

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के तत्वाधान में आगामी माह 6 दिसंबर को जिले में आयोजित 101 निर्धन असहाय कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने के लिए जन जागृती अभियान की जागरूकता रथ को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वछता मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं संस्था सचिव विकाश कुमार माली, जिलाध्यक्ष मो. तनवीर आलम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। इस मौके पर प्रेस से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि यह संस्था बिहार सरकार से निबंधित है और इनका कार्य काफी सराहनीय है। साथ ही कहा कि संस्था में अपनी कन्याओं का निबंधन कराएं और इस कार्यक्रम को सफल करने में अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य में शिरकत करने से गौरवान्वित महसूस होता है। इस मौके पर संस्था सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना एवं सामूहिक विवाह को प्रोत्साहन देना है। समारोह के लिए गढ़वा, डालटनगंज, एवं लातेहार जिले के विभिन्न पंचायतों के गांव से 101 कन्याओं का चयन किया जायेगा। संस्था हर निर्धन परिवार के साथ है। मौके पर जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, अल्पसंख्यक मोर्चा के विधायक प्रतिनिधि मासूम खान, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अनिता दत्त, कल्याणपुर पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद चंद्रवंशी, सत्तन माली संस्था के कोषाध्यक्ष उषा कुमारी, सहायक सचिव राजेश सिन्हा, हासिबुल्लाह अंसारी, जिला प्रबंधक अयूब खान, टिंकू तिवारी, मुकेश मेहता, अमानत खान आदि मौजूद रहे।

सीएचसी से फरार चल रहे डॉक्टरों से सीएस ने मांगा स्पष्टीकरण

डंडाई। पिछले चार दिनों से अस्पताल से फरार चल रहे चिकित्सकों के खिलाफ सीएस अनिल कुमार सिंह ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। उनके द्वारा उक्त सभी चिकित्सकों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। इसके साथ ही उन्हें उनके द्वारा चेतावनी दी गयी है कि नो वर्क नो पे और आधा काम आधा वेतन। उसके बाद भी उक्त चिकित्सकों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो सभी के वेतन भुगतान पर रोक लगाने की भी बात कही गई है। बता दें कि हिंदी दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल ने इस मामले को लगातार प्रमुखता से उठाया है।

आउटसोर्सिंग कर्मियों को ससमय वेतन का आदेश

जिप सदस्य शर्मा रंजनी की मांग के बाद मंत्री की पहल पर कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य सह ग्राम विकास समिति झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी की मांग पर श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा ने सकारात्मक कार्रवाई की है। श्रमायुक्त ने राज्य के सभी उपश्रमायुक्त, सहायक श्रमायुक्त एवं श्रम अधीक्षक को झारखंड सरकार के विभिन्न विभागां में आउटसोर्सिंग एजेंसियां के माध्यम से नियुक्त कर्मियों को बिना कटौती के ससमय वेतनमान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

श्रमायुक्त ने निर्गत पत्र में कहा है कि इस संबंध में प्रायः झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों में कतिपय आउटसोर्सिंग एजेंसियों द्वारा नियुक्त कर्मियों को प्रत्येक माह विलंब से वेतन भुगतान किया जा रहा है एवं उनके वेतन से अनावश्यक कटौती किए जाने की जानकारी विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त हो रही है। आउटसोर्सिंग एजेन्सियों द्वारा नियुक्त कर्मियों को प्रत्येक माह बिना कटौती के 7वीं तारीख तक वेतन भुगतान किया जाना है। इस संबंध में श्रमायुक्त बेसरा ने जेएपी आईटी के आउटसोर्सिंग एजेंसियों द्वारा नियुक्त कर्मियों को बिना गैरकानूनी कटौती के ससमय वेतन भुगतान की अगले छह माह तक से जांच-पड़ताल कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। कृत कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन हर माह की 10 तारीख तक अधोहस्ताक्षरी को देना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि गढ़वा के भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य सह ग्राम विकास समिति झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने इस संबंध में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को आवेदन सौंपकर उचित कार्रवाई करते हुए आउटसोर्सिंग कर्मियां की विभिन्न समस्याओं के निदान की मांग की थी। मंत्री ठाकुर के पहल पर श्रमायुक्त ने यह कार्रवाई की है। इसके लिए शर्मा ने मंत्री एवं श्रमायुक्त बेसरा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

धर्म-कर्म | चुकामुका बैठ कर पूजा करने से दरिद्रता आती है : जीयर स्वामी

भोजन बनाते समय भगवान का गीत गुनगुनाएं : स्वामी

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
भोजन बनाते समय फिल्मी गीत गाना निषेध होता है। गाना ही है तो भगवान का भजन गायें। श्री राम, भगवान कृष्ण का गीत गुनगुनायें, जिससे भोजन में स्वाद बढ़ेगा। वह भोजन जो पाएगा वह संस्कारवान होगा। श्रीमद्भागवत महापुराण में लिखा हुआ है कि यशोदा मईया जब भगवान कृष्ण के लिए दही का मंथन करती थी तो भगवान कृष्ण के गुण को गुनगुनाती रहती थी। उक्त बातें जीयर स्वामी महाराज ने पाल्हे जतपुरा ग्राम में प्रवचन के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि आठ नियमों का पालन करने वाला व्यक्ति ही राजयोग अधिकारी होता है। पहला है यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि। इसी को राजयोग और अष्टांग योग कहा जाता है। इन आठ सिस्टम को जब हम जीवन में उतारते हैं तब सही मायने में हम राजयोग के अधिकारी होते हैं। यम का मतलब होता है अपने में संयमित होना। जब संयमित होंगे तब बताया गया है कि अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रम्हचर्य, यदि विवाह शादी हुआ हो तो पत्नी के मयार्दा में रहें। यदि विवाह नहीं हुआ हो तो पूरी दुनिया की माताओं को माता समझ कर जीवन जीना ब्रह्मचर्य है। पांचवां है अपरिग्रह। परमात्मा को कभी उलाहना मत दीजिए कि उन्होंने हमारे लिए क्या किया है। परमात्मा ने जो किया है बहुत किया है। यही संतोष है।

स्वामी ने कहा कि चुकामुका बैठ कर पूजा करने से लोग दरिद्र होते हैं। योग शास्त्र में 84 आसन प्रसिद्ध बताए गए हैं। इनमें दस आसन प्रसिद्ध है। इनमें से भी तीन आसन प्रसिद्ध है सिंहासन, पद्मासन, सुखासन। चुकामुका बैठा जाता है उसका नाम है दरिद्राशन। इसको बनाया गया है शौच करने के लिए। यदि इस आसन में बैठकर पूजा करेंगे तो बताया गया है कि इंद्र के समान भी धनी रहेंगे तो पद, गति और धन जाने में देर नही लगेगी। सबसे अच्छा है सुखासन, पद्मासन। जिसने आसन को जीत लिया वह कठिन से कठिन काम भी पूरा कर लेता है। जाने अनजाने में अगर कोई पाप होता है तो संत के पास एवं तीर्थ में जाकर उसका मार्जन किया जा सकता है, लेकिन तीर्थ और संतों के यहां किये गये अपराध का मार्जन संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि भक्ति और भगवान के आश्रय में रहकर सुकर्म करते हुए अपने अपराधों के प्रभाव को कम किया जा सकता है, लेकिन पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता है। बारिश में छाता या बरसाती से आंधी में दिये को शीशे से बचाव किया जा सकता है, लेकिन बारिश एवं आंधी को रोका नहीं जा सकता है। भक्ति और सत्कर्म का प्रभाव यही होता है। प्रारब्ध या होनी का समूल नाश नहीं होता। प्रारब्ध का भोग भोगना ही पड़ता है। शास्त्रों में कहा गया है कि प्रारब्ध अवश्यमेव भोक्तव्यम। ईश्वर की भक्ति अथवा संत-सद्गुरू प्रारब्ध की तीक्ष्णता को कम किया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति के भाग्य में उसके पिछले जन्मों के कुकर्मो के कारण शूली पर चढ़ना लिखा है, तो इस जन्म के ईश्वर-भक्ति या गुरु की कृपा से प्रारब्ध की शूली शूल का रूप ले सकती है। प्रारब्ध को मिटाया नहीं जा सकता, उसके प्रभाव को कम किया जा सकता है।

वन विभाग के अफसरों की मिलीभगत से अवैध कब्जा

नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा
प्रखंड क्षेत्र में वन विभाग के अफसरों की मिलीभगत से वन भूमि पर अवैध तरीके से फसल उगाई जा रही है। दबंग लोग जंगल काटते हैं, फिर खेती करते हैं। इससे जंगल का क्षेत्रफल कम होता जा रहा है। बताया जा रहा है कि जंगल की भूमि पर फसल उगाने में वन विभाग का कमीशन भी बंधा हुआ है, जिसके कारण अधिकारी जानकर भी अनजान बने हुए हैं और माफिया प्रत्येक वर्ष जंगलों की कटाई कर भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। प्रखंड के सारो, पातो एवं ओढेया के जंगलों की सैकड़ों एकड़ भूमि जंगलों से गायब हो गयी है। वन भूमि पर हरे पेड़ की जगह माफिया फसल उगाते दिख रहे हैं। माफिया कमाई कर मालामाल हो रहे हैं और प्राकृतिक का सौंदर्य जंगल दिन प्रतिदिन खंडहर बनता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि इस समय दबंग लोगों ने धान, मक्का, अरहर की फसल लगाने के लिए खेतों की जुताई करा दी है, मगर वन विभाग के अफसर चुप्पी साधे बैठे हैं। इस संबंध में वन विभाग के रेंजर गोपाल चंद्रा ने बताया कि हम कैसे मान लें कि जंगल की जमीन की जोताई हो रही है। कर्मी से जांच करवा कर ही कुछ कहा जायेगा।

बालूमाथ में श्रम मंत्री का महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

भाजपा सरकार ने महंगाई दी, 2024 में जनता सिखाएगी सबक: सत्यानंद

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
राज्य के श्रम मंत्री सह चतरा के राजद विधायक एवं श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता का बालूमाथ में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। वह शुक्रवार की शाम पलामू दौरे से लौटने के क्रम में बालूमाथ में रुके थे। श्रम मंत्री ने महागठबंधन के कार्यकर्ताओं से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं व राजनीतिक गतिविधियों पर भी चर्चा की।

इस दौरान ग्रामीणों ने मंत्री को अपनी समस्या के समाधान के लिए ज्ञापन भी सौंपा। वहीं महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने बालूमाथ प्रखंड प्रशासन के रवैये से श्रम मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा की केंद्र की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की जनता महंगाई की मार झेल रही है। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा से बाहरी लोग जीत चतरा लोकसभा क्षेत्र को चारागाह बनाए हुए हैं। मौजूदा सांसद ने कई गांव को गोद ले रखा है, पर उस गांव में विकास तो दूर गांव तक नहीं गए हैं। गोद लिये हुए गांव में विकास क्या हुआ होगा यह सोचने वाली बात है। सत्यानंद भोक्ता ने यह भी कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में महागठबंधन स्थानीय प्रत्याशी देगी और पार्टी ने चाहा तो मैं स्वयं चतरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहूंगा। जनता एक बार मौका देती है तो विकास क्या होता है, कर कर दिखाऊंगा। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, बारियातु प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह जेएमएम नेता राजेंद्र गंझु, कामगार यूनियन जिला अध्यक्ष प्रदीप गंझु, हाजी मोतिउर रहमान, मो. जुबेर, श्याम सुंदर यादव, मो.अजमल, मनोज यादव, तुलसी राम, बाबूलाल राम, विजय यादव, उमेश यादव, हरि साव, नरेश लोहरा सहित सैकड़ों महागठबंधन के

राजद नेता अली हसन ने श्रम मंत्री से मिल कर क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राजद जिला अध्यक्ष अली हसन अंसारी ने राज्य के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। भोक्ता पलामू प्रमंडल के कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रमंडलीय मुख्यालय डाल्टेनगंज पहुंचे हुए थे। अंसारी ने मंत्री से प्रखंड के कुटमू मोड़ में बने आईटीआई कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने की मांग की। अंसारी ने मंत्री से बरवाडीह आने का अनुरोध भी किया। वहीं भोक्ता ने संगठन मजबूती पर जोर देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने पर जोर दिया। मौके पर राजद नेता अमेरिका सिंह चेरो, एजाज अहमद, मुस्लिम खान समेत कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

बालू की तस्करी रोकने में विभाग फेल

नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड
जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन व तस्करी पर रोक लगाने में खनन विभाग के साथ अंचल प्रशासन पूरी तरह से फेल नजर आ रहा है। बालू तस्करों द्वारा बडकरीया नदी के पेटादेरी, महुगांई, गौरक्षणी एवं सोकी घाट के अलावा अन्य घाटों से दिन के उजाले एवं अंधेरी रात में निर्भिक होकर बालू का अवैध उत्खनन कर ट्रेक्टर व हाईवा से दूसरे जिलों में धडल्ले से भेजे जा रहे हैं, जबकि नेशनल ग्रिड ट्रिब्यूनल की गाइडलाइन के अनुसार सरकार के आदेशानुसार जिला प्रशासन द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही बालू की आपूर्ति बालू स्टॉक से कराने का आदेश निर्गत है। इसके अनुपालन को लेकर जिला स्तर से अंचल कार्यालय स्तर के अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बावजूद अंचल क्षेत्र के बडकरीया नदी के विभिन्न घाटों से बालू माफियाओं द्वारा नियमों व आदेश को ठेंगा दिखा कर धडल्ले से बालू का उठाव किया जा रहा है। यह जिम्मेदार विभागीय पदाधिकारियों व बालू माफियाओं के साथ साठगांठ को दशार्ता है।

बेरोकटोक व निरंतर हो रहा बालू का अवैध उत्खनन

दो फरार वारंटी भेजे गए जेल, तीन फरार

पत्थलगडा। लंबे समय से फरार चल रहे वन अधिनियम के दो फरार वारंटियों को पुलिस ने पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के बेलहर निवासी विनोद रविदास व तत्कालीन रोजगार सेवक डमोल निवासी विनोद पासवान व अन्य 3 के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत 2018 में वन भूमि पर बगैर एनओसी लिए अवैध रूप से मिट्टी मोरम पथ बनाने का आरोप था। गिरफ्तार विनोद रवि बसपा के जिलाध्यक्ष है। बताया कि इस मामले में तीन अन्य आरोपियों को भी पुलिस तलाश कर रही है।

करमाही में वज्रपात से एक की मौत, एक घायल

नवीन मेल संवाददाता। मनिका
प्रखंड के करमाही गांव में शनिवार को समय लगभग 9:00 बजे वज्रपात होने से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें रंजीत यादव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि घायल पंकज यादव को समाजसेवी अख्तर अंसारी और स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल लातेहार भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उन पर बिजली गिर पड़ी। इससे एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पंकज यादव को आईसीयू में रखकर इलाज किया जा रहा था।

वज्रपात की चपेट में आने मवेशी की मौत

बारियातु। थाना क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत गुरू साल्वे ग्राम के टोंगरी टोला में वज्रपात की चपेट में आने से टोला निवासी रामदेव उरांव पिता ब्रमदेव उरांव के एक काड़ा की मौत हो गई। घटना के संबंध में पीड़ित किसान ने बताया कि शुक्रवार संध्या बेला में काड़ा चर रहा था कि अचानक तेज वर्षा होने लगी। इसी दौरान वज्रपात हुयी, जिसकी चपेट में आने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इससे लगभग चालीस हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने आगे बताया कि इसी काड़ा के सहारे खेती करते थे। काड़ा की मौत हो जाने से अब खेती करना काफी मुश्किल हो गया है। पीड़ित किसान ने संबंधित विभाग से मुआवजा की मांग की है। स्थानीय मुखिया राजिव भगत पीड़ित के घर पहुंचे और सरकार से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

रविवार को साप्ताहिक बंदी रखने का रखा प्रस्ताव

दुकानदारों ने व्यापारी संघ बना लिया निर्णय

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
प्रखंड स्थित गांधी चौक में शुक्रवार को महुआडांड़ के सभी दुकानदारों ने बैठक कर सर्वसम्मति से व्यापारी संघ बनाने का निर्णय लिया। दुकानदारों की सहमति से कार्यकारिणी के विस्तार के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष का चयन किया गया। अध्यक्ष पद पर बृजमोहन जयसवाल, उपाध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद एवं कोषाध्यक्ष के रूप में मो. सहीम चुने गये। इस दौरान दुकानदारों के द्वारा साप्ताहिक बंदी के रूप में प्रत्येक रविवार, मेडिकल दुकान छोड़कर अन्य सभी प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया गया। व्यापारी संघ अध्यक्ष बृजमोहन जयसवाल ने संबोधन में कहा संगठन की मजबूती के लिए सभी मिलजुल कर कार्य करें। बंदी के फैसले को नहीं मानने वाले दुकानदार पर 1100 रुपये का जुर्माना लगाने का निर्णय लिया गया। इसका सभी दुकानदारों ने समर्थन किया।

एक साल से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

बारियातु। थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में छापामारी अभियान चला कर एक साल से फरार चल रहे अभियुक्त गिरेंदर यादव को गिरफ्तार कर शनिवार को लातेहार जेल भेज दिया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को गुप्त सुचना मिली थी के बालूमाथ वर्तमान थाना बारियातु कांड संख्या 57/22 के प्राथमिक अभियुक्त गिरेंदर यादव पिता सुभाष यादव ग्राम जावाबार थाना बारियातु जिला लातेहार घर पर आया हुआ है। इस पर थाना स्तरीय टीम गठित की गयी और छापामारी कर बालूमाथ वन क्षेत्र के वनरक्षी शिवकुमार साव के साथ मारपीट कर जख्मी कर देने एवं सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के आरोपी गिरेंदर यादव को जावाबार अपने घर से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में पुलिस अवर निरिक्षक दीपक नारायण सिंह, गगन कुमार ठाकुर, सहायक अवर निरिक्षक मिथलेश सिंह आदि शामिल थे।

बीडीओ ने मुखिया की अनुपस्थिति पर प्रतिनिधि को लगाई फटकार

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने केड पंचायत की विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने शनिवार को प्रखंड के केड पंचायत के विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीडीओ ने पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार के साथ सर्वप्रथम पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। मौके पर मुखिया अनीता देवी की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुखिया प्रतिनिधि लालमन उरांव को निर्देश दिया कि मुखिया नियमित रूप से पंचायत सचिवालय में उपस्थित रहे, जिससे पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचने वाले लोगों की समस्याओं का निदान हो सके। बीडीओ ने पंचायत सचिवालय के सभी कमरों का निरीक्षण करते हुए शौचालय में गंदगी देख मुखिया प्रतिनिधि को फटकार लगाते हुए

शौचालय समेत पूरे पंचायत सचिवालय को साफ रखने का निर्देश दिया। इसके बाद बीडीओ ने पंचायत में चल रहे 15वें वित्त आयोग के पीसीसी सड़क निर्माण समेत कई योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुखिया प्रतिनिधि को जनहित वाली योजनाओं का चयन करने पर जोर दिया। इसके बाद बीडीओ ने पंचायत में निमार्णाधीन पीएम आवास का निरीक्षण किया। लंबित पीएम आवास के लाभुकों को फटकार लगाते हुए अविलंब पीएम आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर पंचायत के कई जनप्रतिनिधि वार्ड सदस्य, लाभुक, ग्रामीण आदि लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त

दो प्रखंड के पीडीएस संचालकों की बीडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक, दिए गए कई निर्देश

गिद्धौर (चतरा)। शनिवार को गिद्धार प्रखंड सभागार में शनिवार को गिद्धौर व पत्थलगड़ा प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने बैठक की। डीलरों के साथ जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिरजी की बैठक निर्धारित थी, परंतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी के नहीं आने पर बीडीओ सिंह द्वारा खाद्यान्न वितरण में शिथिलता बरतने वाले डीलरों को कड़ी चेतावनी दी गयी, जबकि लाभुकों को सही मात्रा में खाद्यान्न नहीं देने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीलर सही समय पर गोदाम से खाद्यान्न का उठाव करें और लाभुकों के बीच वितरण सुनिश्चित करें। वितरण में जिस डीलर की प्रतिशत कम रहा वैसे डीलरों को बीडीओ ने जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा ई पॉश मशीन में गड़बड़ी होने पर इसकी तत्काल सूचना प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के साथ जिला आपूर्ति पदाधिकारी को देना सुनिश्चित करें किसी भी स्थिति में बहाना नहीं चलेगा। बैठक में अवध किशोर दांगी, ऋतुराज दांगी, सीताराम दांगी, महावीर पासवान, प्रमिला देवी, शारदा देवी, कृष्णा कुमार, जवाहर दांगी, अजय यादव सहित गिद्धौर व पत्थलगड्डा प्रखंड के दर्जनों डीलर थे।

महिला की मौत मामले में भाई गिरफ्तार

मेराल। पुलिस ने शनिवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त मेराल गांव के माधुरी टोला निवासी जन्नत अंसारी है। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त जन्नत अंसारी ने अपनी बहन रईसा बीवी को मारपीट कर घायल कर दिया था, जिसकी रांची जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गयी थी। मेराल थाने में यह कांड दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी।

थाना दिवस : जमीन के 13 मामले आये

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड के छिपादोहर थाना परिसर में शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना दिवस में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय प्रभारी थाना प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। थाना दिवस में छिपादोहर थाना क्षेत्र के कुल 13 मामले प्राप्त हुए, जो सभी जमीन से संबंधित थे। वहीं प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के चुंगरू पंचायत के सर्वाधिक जमीन संबंधित मामले आए। पंचायत के मुखिया बलदेव परहिया की उपस्थिति में दोनों पक्षों की सहमति से मामले का निष्पादन किया गया। चार मामले को अंचल मुख्यालय निष्पादन के लिए भेजा गया। मौके पर दीपक कुमार, राजू राम, अंचल

अमीन झमन सिंह समेत कई पुलिस अधिकारी समेत थाना क्षेत्र के सात पंचायत के लोग उपस्थित थे।

जमीन के कई मामलों पर मिला आश्वासन

बालूमाथ। थाना परिसर में निर्धारित कार्यक्रम के तहत अंचलाधिकारी आफताब आलम के नेतृत्व में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विवादित भूमि के कई आवेदन आए, जिस पर अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कागजातों की जांच के उपरांत जल्द से जल्द निपटारा करने का आश्वासन दिया है।

मौके पर अंचलाधिकारी अफताब अलम के अलावा थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद सहित अंचल व थाना के कई कर्मी उपस्थित रहे।

पशु चिकित्सा केंद्र का किया औचक निरीक्षण

महुआडांड़। अवर प्रमंडल पशु पालन पदाधिकारी लातेहार डाक्टर प्रभाकर सिन्हा प्रखंड के अंतर्गत पशु चिकित्सा केंद्र महुआडांड़ का शनिवार को औचक निरीक्षण किया। केंद्र पर मौजूद डाक्टर अनिल केरकेट्टा को कई निर्देश दिए। प्रखंड के सभी जेएसआईए कर्मी के साथ बैठक कर कृत्रिम गर्भधान एवं टीकाकरण कार्य की जानकारी ली। इस संबंध में सिन्हा ने कहा कि पूरे जिला में पशु डाक्टर की कमी है। इस कारण पूरे सप्ताह भर एक ही केंद्र में डाक्टर रहें ये मुमकिन नही है। महुआडांड़ पशु चिकित्सा केंद्र में सप्ताह में एक दिन नियमित रूप से डाक्टर अनिल केरकेट्टा रहेंगे। चूंकि इनकी पोस्टिंग यहां अतिरिक्त कार्यभार में है, इसलिए अन्य केंद्र इन्हें देखना पड़ता है।

औरंगा नदी से बालू उठाव को निगरानी समिति गठित

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
नगर पंचायत क्षेत्र स्थित चटनाही ग्राम के औरंगा नदी बालू घाट (खाता नंबर 121, प्लॉट 860) में बालू उठाव पर निगरानी रखने के लिए समिति का गठन किया गया है। नगर पंचायत के नगर मिशन प्रबंधन डॉ आंनद कुमार दांगी और कनीय अभियंता संदीप कुमार ने आमसभा कर समिति गठित की। निगरानी समिति का अध्यक्ष निवर्तमान वार्ड पार्षद बेबी देवी व उपाध्यक्ष राजू यादव को बनाया गया, जबकि सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार को बनाया गया। धीरज कुमार, गौतम कुमार सिंह व राजेश प्रसाद को बतौर सदस्य समिति में शामिल किया गया। बैठक में निर्वतमान वार्ड पार्षद बेबी देवी और विमला देवी उपिस्थत रहीं।

बालू का उठाव करने वालों पर होगी कार्रवाई

बैठक में औरंगा नदी पुल के 50 मीटर की परिधि में बालू का उठाव नहीं करने का निर्णय लिया गया। ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में मनीष दास, नीरज कुमार पांडेय, आयुष शौंडिक, लक्की पांडेय सिद्धार्थ सिंह, पंकज यादव, मनोज राम, विजय कुमार, ऋषभ राज, नारायण राम, गणेश राम, झूलन राम, सकेंद्र यदव, रवि शंकर प्रसाद, सुनील प्रसाद, आकाश कुमार व कौशल कुमार आदि उपिस्थत रहे।

कार्रवाई प्लांट की सुरक्षा पर करोड़ों खर्च, फिर भी लोहा चोरी

अवैध लोहा लदा पिकअप वाहन जब्त

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
चकला बाना स्थित बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट से शनिवार की सुबह आईआरबी जवानों नें एक पीकअप वाहन का चालक और उसमें बैठे एक व्यक्ति के साथ वाहन सं जेएच 03 ए एच 6031 जब्त करने में सफलता पाई है। जब्त वाहन में चार टन अवैध लोहा लदा था। सभी गिरफ्तार लोहा चोरों और पीकअप वाहन को चंदवा पुलिस के हवाले कर दिया गया।

बताते चलें कि बंद पड़े पॉवर प्लांट की सुरक्षा पर प्रति महीना करोड़ों रुपये खर्च किया जा रहा है। फिर भी लोहा की चोरी निरंतर जारी है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंद पड़े पावर प्लांट परिसर में हर रात 100-200 की संख्या में चोर प्रवेश करते रहे हैं और प्लांट के सुरक्षा में तैनात कर्मियों पर पथराव कर उन्हें भागने पर मजबूर कर देते हैं। उसके बाद आराम से लोहा की चोरी कर चलते बनते हैं। चोरों के हमले में अबतक कई सुरक्षा कर्मी घायल भी हो चुके हैं। बीती गुरुवार रात भी चोरों के हमले में एक सुरक्षा कर्मी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना मिली है। चंदवा पुलिस जब्त वाहन को लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

सेविका को चयन मुक्त करने की चेतावनी

सीडीपीओ ने कदगावां खुर्द आंगनबाड़ी का किया औचक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड
जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत कदगावां खुर्द आंगनबाडी केंद्र का औचक निरीक्षण शनिवार को इटखोरी बीडीओ सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अन्वेषा ओना ने किया।

इस दौरान मुखिया अशोक कुमार भुईयां व सुपरवाइजर संध्या कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। सीडीपीओ ओना ने कहा कि कदगावां खूर्द आंगनबाडी केंद्र का निर्माण कार्य कई माह पूर्व पूर्ण होने के बावजूद आजतक नवनिर्मित भवन में केंद्र का संचालन नहीं किया जा रहा है, जबकि विभाग के तरफ से सेविका को कई बार नवनिर्मित केंद्र में संचालन करने का निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद सेविका विभाग

द्वारा जारी निर्देश की अवहेलना करते हुए निजी घर में केंद्र का संचालन किया जा रहा है। सेविका को निर्देश का अनुपालन नहीं करने पर दो बार स्पष्टीकरण की मांग भी की गई, परंतु ना ही स्पष्ट रूप से स्पष्टीकरण का जबाब दिया गया और ना ही नए भवन में केंद्र का संचालन प्रारंभ किया गया। इसलिए पुनः स्पष्टीकरण मांगते हुए सेविका को अंतिम मौका दिया जा रहा है। इसके बाद भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया और आदेश का अनुपालन नहीं किया गया तो सेविका के विपरीत आचरण के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चयन मुक्त करने की अनुशंसा वरीय पदाधिकारी को अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए अग्रसारित की जाएगी।

सांसद को ज्ञापन सौंप कर की ट्रकों का परिचालन शुरू कराने की मांग

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
स्थानीय पेट्रोप पंप संचालको और ट्रक व्यवसाय से जुड़े लोगों ने सांसद सुदर्शन भगत को ज्ञापन सौंपकर ट्रकों के परिचालन प्रारंभ करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है। बताया गया कि लोहरदगा को ₹बॉक्साइट की नगरी₹ कहा जाता है, साथ ही लोहरदगा, गुमला व लातेहार जिला में पिछले पांच छह दशकों से यह बॉक्साइट परिवहन करने वाली ट्रके यहाँ की लाइफ लाइन मानी जाती है। हिंडालको कंपनी द्वारा संचालित माइस गुरदरी, विमरला, न्यू अमती पानी के बंद हो जाने के कारण ट्रको का पहिया धम गया है। करीब 2 महीनों से लोहरदगा गुमला व लातेहार क्षेत्र के बारह सौ से भी ज्यादा बॉक्साइट परिवहन करने वाले

ट्रकों के पहिए थम जाने से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से ज्यादा लोगों के प्रभावित हो रहे हैं। इस बंदी से व्यवसाय से जुड़े ट्रक चालक, सह चालक, बॉक्साइट लोडर, अनलोडर तुबपूकरेट, वेल्डर, मोटर पार्ट्स, कबाड़ी, मैकेनिक, हुड मेकर, ट्रक मालिक, पंचर, पेट्रोल पंप, पेंटर बैटरी आदि दुकाने/ प्रतिष्ठानों के परिजन तथा उक्त प्रतिष्ठान में कार्य करने वाले कर्मचारी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। इन तीन जिलों की अर्थव्यवस्था में कंपनी द्वारा ट्रक मालिकों को दी जाने वाली एक बड़ी राशि बाजार की रीढ़ मानी जाती है। बंदी के कारण जहां शहरों व गांवों के बाजार में वीरानगी छा गई है वहीं दूसरी ओर केंद्र तथा राज्य सरकार को राजस्व की भी काफी क्षति हो रही है। संजय वर्मन, ओमप्रकाश सिंह, देवाशीष कार, ओम गुप्ता, संजीव शर्मा आदि मौजूद थे।

'बुजुर्गों का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान'

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में दादा -दादी, नाना -नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुमला विभाग के विभाग कार्यवाह किनेश्वर महतो, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, शोभा देवी, जीतराम बढ़ाइक, पुष्कर महतो, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय उपस्थित थे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि विद्या भारती ने समाज में बुजुर्गों का सम्मान बढ़ाने के लिए यह योजना चलाई है। इससे समाज में जागरूकता

आएगी। मौके पर विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि बुजुर्गों का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भारतीय संस्कृति से जुड़ी शिक्षा प्रदान की जाती है। संयुक्त परिवार के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि दादा-दादी की परिवार में अहम भूमिका होती है। वे हमारी परंपरा और संस्कृति को बच्चों में संप्रेषित करते हैं। मौके पर भैया बहनों ने अपने दादा- दादी, नाना -नानी का पैर धोकर, चंदन वंदन एवं पुष्प माला पहनाकर, आरती कर एवं प्रसाद खिला कर उनका पूजन किया। इसके साथ ही विद्यालय के द्वारा सभी आगत दादा-दादी एवं नाना-नानी को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बहनों ने प्रासंगिक एवं आकर्षक गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। बतौर मुख्य अतिथि किनेश्वर महतो ने विद्या भारती द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को सराहनीय एवं प्रेरक बताते हुए कहा कि दादा -दादी, नाना -नानी की सेवा से आयु, विद्या, यश और बल की वृद्धि होती है। वर्तमान परिवेश में यह कार्यक्रम समाज के लिए दूरगामी संदेशवाहक बनेगा। विनोद राय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता-पिता पूजनीय हैं। उनसे भी अधिक पूजनीय उनके माता-पिता हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ दादा चतुर्भुज दास ने बुजुर्गों का महत्व बताते हुए कहा कि बुजुर्ग अपने जीवन का अनुभव अपने बच्चों में संप्रेषित करते हैं और कथा कहानियों के द्वारा उनमें संस्कार भरते हैं। मंच संचालन विद्यालय के आचार्य जया देवी एवं धन्यवाद ज्ञापन मंजू देवी ने किया। इस अवसर पर सभी आचार्य आचार्या व भैया बहन उपस्थित थे।

प्लेटफार्म, फुट ओवरब्रिज का विस्तारीकरण व अन्य यात्री सुविधाओं का लोकार्पण

अब स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों का ठहराव होने की संभावना प्रबल

लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत और राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने किया लोकार्पण

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित प्लेटफार्म संख्या 2/3 ,फुट ओवरब्रिज प्लेटफार्म संख्या 1 का विस्तारीकरण एवं अन्य यात्री सुविधाओं का लोकार्पण धूमधाम से किया गया। जिसमें मुख्य रुप से लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, डीआरएम प्रदीप गुप्ता उपस्थित हुए। सांसद सुदर्शन भगत और सांसद धीरज प्रसाद साहू को डीआरएम के द्वारा अंग वस्त्र एवं पौधे देकर स्वागत किया गया।

मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि रेलवे प्लेटफार्म फुट ब्रिज के कार्य पूरे होने से राजधानी एक्सप्रेस की रुकने की संभावना बहुत ही कम समय में होने के संकेत हैं। आज इस निर्माण कार्य से आने वाले भविष्य में आर्थिक व्यापार सभी क्षेत्रों में सहयोग मिलेगा। लोहरदगा से सीधे राउरकेला के लिए एक गाड़ी उपलब्ध हो जाए इसके लिए

प्रयासरत हूं। लोहरदगा स्टेशन धीरे-धीरे सुविधा युक्त बना है और मेरा प्रयास रहा है। मैं लगातार रेल प्रबंधक से बात करता रहा हूं कि यात्रियों के लिए कैसे सफर आसान हो जिले के लोग कैसे लाभान्वित हो। लोहरदगा स्टेशन पर छोटी-छोटी विषयों को लेकर मैं बात करता रहा हूं जिससे आज बहुत सारे बदलाव देखने को मिल रहे हैं विशेष का लोहरदगा स्टेशन पर लाइट गार्डन भवन सीसीटीवी कैमरे बैठने की सुविधा पंखे आदि सुदृढ़ हैं इसी प्रकार में आगे भी जनता की सुविधाओं के लिए लगातार प्रयास करता रहूंगा। राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने कहा कि प्लेटफार्म संख्या 2/3, फुट ओवरब्रिज प्लेटफार्म संख्या 1 का विस्तारीकरण होने से यहां की जनता को काफी लाभ मिलेगा। यहाँ पर राजधानी एक्सप्रेस जैसे कई एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव संभव हो सकेगा। नागरिक सुविधाओं में बढ़ोतरी होने के साथ व्यापार का विस्तार होगा। यात्रियों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध होगी। आनेवाले दिनों में लोहरदगा स्टेशन नाम बड़े रेलवे जंक्शन के रूप में जाना जाएगा। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव,ओमप्रकाश सिंह, ब्रजबिहारी प्रसाद, चंद्रशेखर अग्रवाल, राजकिशोर महतो, सूरजमोहन साहू, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, पशुपति नाथ पारस, जगनंदन पौराणिक, अनगल उरांव, अजय पंकज, ओम गुप्ता, अमरेश भारती, लखन उरांव, राजेश महतो, संजय बर्मन, अनुप वर्मा, रोहित साहू, बाल्मीकि कुमार, मिथुन तमेड़ा, सजल कुमार, चंदन गोयल, मंगल गोप, बृजनंदन यादव, सहित अन्य शामिल थे।

वज्रपात की चपेट में आने से युवक घायल

सेन्हा। कोराम्बे नवा टोली में वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत अंतर्गत कोराम्बे नवा टोली में बारिश के दौरान बिजली गर्जन के साथ वज्रपात हुयी जिसके संपर्क में आने से कोरम्बे नवा टोली निवासी साहबीर उरांव का पुत्र बिशुआ उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों एवं परिजनों को मिलते ही आनन फानन में 104 एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाज के लिये भर्ती कराया गया। बताया जाता कि बिशुआ उरांव खेत मे काम कर रहा था। अचानक मौसम खराब हो गया और बारिश होने लगी।

पतंजलि के राज्य प्रभारी आज आएंगे लोहरदगा

लोहरदगा। पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी रामजीवन पांडेय लोहरदगा जिले के दो दिवसीय प्रवास में रहेंगे। प्रवास के दौरान राज्य प्रभारी पांडे के द्वारा योग प्रशिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही साथ पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास की लोहरदगा जिला इकाई के साथ साथ अन्य प्रकल्पों के पदाधिकारियों व जिला कार्यसमिति के साथ बैठक करेंगे।

संक्षिप्त

युवा सद्भावना मंच अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

लोहरदगा। युवा सद्भावना मंच अंतर्गत प्रखंडों में आज शनिवार कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। कुडू प्रखंड में युवा सद्भावना मंच ओर की से गतका खेल का आयोजन किया गया। किस्को और पेशरार प्रखंड मुख्यालय में बीएलओ और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कराया गया। कैरो प्रखंड के गुड़ी में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। सदर प्रखंड के अरकोसा पंचायत में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। भंडरा प्रखंड के आकाशी पंचायत में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। साथ ही बिटपी प्लस टू विद्यालय में बुक क्लब एक्टिविटी अंतर्गत प्रख्यात साहित्यकारों की कृति का स्वाध्ययन कराया गया। झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय कुडू में पोषण के महत्व पर चर्चा की गई।

मतदाता सूची का सत्यापन कार्य किया गया

घाघरा। प्रखंड विकास पदाधिकारी, घाघरा द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत डोर टू डोर मतदाता सूची सत्यापन कार्य का निरीक्षण एवं जांच किया गया। इस दौरान मतदान केंद्र संख्या 192,190,195 में प्रपत्र 6 प्रपत्र 7 प्रपत्र 8 भरने हेतु बीएलओ को निर्देश दिया गया। बूथ संख्या 192 में 2 मृत मतदाता, 2 स्थानांतरण एवं 7 सुधार हेतु पहचान की गयी। मतदान केंद्र संख्या 190 में 3 मृत मतदाता की पहचान की गयी एवं प्रपत्र 7 भरने का निर्देश दिया गया। मतदान केंद्र संख्या 195 में 2 मृत मतदाता की पहचान की गयी। उक्त सभी मतदान केंद्रों का स्थल निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं की जांच की गयी।

खेल क्लब गठन को लेकर ग्रामसभा आयोजित

कैरो। प्रखंड मुख्यालय पंचायत भवन में शुक्रवार को मुखिया वीरेंद्र महली के अध्यक्षता में सिध्दू कान्हू युवा खेल क्लब गठन को लेकर ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के माध्यम से अध्यक्ष विकास उरांव,उपाध्यक्ष मुन्ना राम सचिव विनोद रविदास सदस्य प्रिंस सोनी, अजय उरांव, जहांगीर अंसारी,आनंदन सोनी, विष्णु साहू,अमरेश राम, रंजीत महतो,पवन उरांव,विकास उरांव का चयन किया गया। मौके पर बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष अनीस अहमद खान,उतका ग्राम प्रधान पंचम उरांव, रोजगार सेवक नन्दा भगत,शिक्षक अलीराजा अंसारी,समीरुद्दीन अंसारी,जोरावर खान,राजू प्रजापति,संदीप रविदास, बाबूलाल उरांव सहित काफी संख्या में युवा उपस्थित थे।

महिला के शरीर में एकाएक निकलने लगा फोड़ा

गुमला। फुलमईत देवी 14 जुलाई 2023 को वह अपने घर के आंगन में बैठी हुई थी। इसी क्रम में उसके पेट सहित शरीर के कई हिस्सों में एकाएक फोड़ा निकलने लगा। यह देख उसके चार पुत्र, सोनू किसान, पन्नू किसान, शुक्रु किसान, झटकू किसान और पुत्रवधूओं ने गांव में सड़क नहीं होने के कारण चादर का बहिंगा (इंसान ढोने का देहाती जुगाड़) बनाकर अपनी मां को गांव से 5 किलोमीटर दूर स्थित मुख्य सड़क तक उक्त लोगों ने बारी-बारी से कंधे में ढोकर फुलमईत देवी को मुख्य सड़क तक ले गये। फिर ऑटो से फुलमईत देवी को इलाज के लिए लोदाम छत्तीसगढ़ स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जशपुर सदर अस्पताल (छत्तीसगढ़) रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उक्त सभी लोग झारखंड में रहते हैं, लेकिन इलाज कराने के लिए छत्तीसगढ़ जाना पड़ा। गुमला जिला अंतर्गत रायडीह थाना स्थित नक्सल प्रभावित क्षेत्र नकटी झरिया ग्राम में आजादी के 70 साल बाद भी सड़क नहीं होने के कारण वहां के लोग आदिम युग में जीने के लिए मजबूर हैं।

युवा सद्भावना मंच के तहत हुए फुटबॉल मैच

सेन्हा। युवा सद्भावना मंच के तहत जिला प्रशासन के सौजन्य से प्रखंड प्रशासन द्वारा डांडू खेल मैदान में फुटबॉल मैच आयोजित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को आरंभ कराया। सद्भावना फुटबॉल मैच फुटबॉल क्लब डाडू बनाम फुटबॉल क्लब एकागुरी के बीच हुआ। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि सद्भावना फुटबॉल मैच में किसी की हार नहीं हुयी है। साथ ही उन्होंने कहा कि फुटबॉल मैच का मुख्य उद्देश्य समाज को ऊंचाई तक ले जाना तथा भेदभाव को मिटाना है। चोपड़ा ने कहा प्रखंड जिला, राज्य एवं देश के विकास में सहभागी बनें। युवा देश के भविष्य हैं। बीपीओ निलेंद्र कुमार ने कहा कि लगातार खेलें और पढ़ाई करें अच्छे विचार को अपनाएं। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम, बीपीओ निलेंद्र कुमार, सुजीत भगत, अधीश खाखा सहित खेलाड़ी गण उपस्थित थे।

युवा मंच ने आयोजित की गतका प्रतियोगिता

कुडू। प्रखंड मुख्यालय परिसर में शनिवार को प्रखंड प्रशासन द्वारा युवा सद्भावना मंच के बैनर तले गतका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ प्रवीण कुमार सिंह, प्रशिक्षक सेंसई अमित कुमार सिंह और करीब दो दर्जन बच्चों ने भाग लिया। बीडीओ मनोरंजन कुमार ने कहा कि गतका का पारंपरिक खेल एक राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहुंच प्राप्त करने वाला है। अब इसे आधिकारिक रूप से 37वें राष्ट्रीय खेल-2023 में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। कुडू में अमित सिंह गतका को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके लिए अधिकारियों ने अमित सिंह की सराहना की।

शांति व भाईचारे के साथ मुहर्रम मनाने की अपील

नवीन मेल संवाददाता। कुडू
आगामी मुहर्रम त्योहार को लेकर कुडू थाना प्रभारी विश्वजित कुमार सिंह ने पंडरा पंचायत के मेलाटांड़ में ग्रामवासियों के साथ बैठक कर ग्रामीणों और मुहर्रम कमेटी के सदस्यों से मुहर्रम की जानकारी हासिल की और लोगों से शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने का अपील की। बैठक में पंडरा के अलावा मराडीह, चेटर, हुरहद, मकांदू, उडूमुडु बारीडी, कौव खाब, चंदलासो, हेंजला, जिदो आदि गांव के लोग उपस्थित हुए।

मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि मोहर्रम पर्व का एक अलग महत्व है। इसलिए पर्व को शांति ढंग से संपन्न कराने के लिए क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं मुहर्रम कमेटियों का दायित्व बनता है। उपस्थित लोगों ने थाना प्रभारी को पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर कुर्बान पवरिया, तनवीर गौहर, मुनीम अंसारी, अजीम पवरिया, फिदाउर्रहमान, इरशाद अंसारी, सरवर खान, मो मुमताज सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

ट्रांसफार्मर जला थाना व हलवाई टोली के उपभोक्ता हुए परेशान

भंडरा/लोहरदगा। भंडरा थाना एवं हलवाई टोली का ट्रांसफार्मर जल गया है। ट्रांसफार्मर जलने से भंडरा थाना के पुलिस कर्मी एवं हलवाई टोली के उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में स्थानीय उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली ट्रांसफार्मर जलने से लगभग एक सौ उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं। भंडरा थाना में कई आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों के द्वारा बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को आवेदन देकर सीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने की मांग किए हैं। कार्यपालक अभियंता के द्वारा लोगों को शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दिया गया है।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण को लेकर किया गया कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-1 के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन न्यू टाउन हॉल में किया गया। इसमें सभी मुखिया, सभी जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, जेएसएलपीएस के दीदियों ने मुख्य रूप से भाग लिया। 16 जुलाई से 20 अगस्त तक स्वच्छता से संबंधित आयामों पर स्वच्छता सर्वेक्षण बाहर की टीमों द्वारा किया जाएगा। इसमें गांव में जाकर किसी ग्राम के 15 घरों का परिवारों से बातचीत, गांव स्तर पर स्वच्छता संबंधित व्यवस्था का आकलन तथा सभी सार्वजनिक एवं संस्थानों का स्वच्छता से संबंधित सुविधाओं

का आकलन किया जाएगा। जिला समन्वयक द्वारा कार्यशाला में बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण हर वर्ष किया जाता है, जिसमें स्वच्छता के पैमाने सर्वेक्षणकर्त्ता द्वारा मापे जाते हैं। इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण पूर्व से अलग है, क्योंकि इस बार गांव स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा, प्लास्टिक कचरा, फिक्ल सलज तथा गांव स्तर पर ग्रामीणों द्वारा किस तरह से घर से निकलने वाले कचरे का निष्पादन किया जाता है उसका व्यवहारिक पक्ष तथा जागरूकता पर बल दिया जाएगा। साथ ही अब तक ओडीएफ प्लस के तहत किए गए कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा। कार्यपालक अभियंता अनुप कुमार हांसदा ने बताया कि गांव में स्वच्छता अभियान चलाते हुए गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का प्रयास करें। साथ ही सर्वेक्षणकर्ता को सर्वेक्षण के दौरान पूछे गए प्रश्नों का जवाब सहजता से दें। इस कार्यशाला में विभाग के ओर से सहायक अभियन्ता, कनीय अभियंता, सभी प्रखंड समन्वयक / सोशल मोबलाइजर उपस्थित रहे।

आयोजन विश्व युवा कौशल दिवस पर जिलास्तरीय कार्यक्रम हुआ

'तकनीकी योग्यता भी विकसित करें युवा'

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
होटल अमृत पैलेस लोहरदगा में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तत्वाधान में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 100 युवक शामिल हुए। जिले में कार्यरत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी सहित मिटकॉर्न मेगा स्किल सेंटर, एसजीआरएस कंपनी, आईसेक्ट स्किल मिशन, एरोसॉफ्ट हेल्थ केयर, निष्ठा, जिला नियोजनालय लोहरदगा जैसी कौशल विकास एजेंसियां भी उक्त कार्यक्रम में शामिल हुईं।

कार्यक्रम का उदघाटन मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट के

अविनाश विद्यार्थी के द्वारा किया गया। अविनाश विद्यार्थी ने युवाओं को आगे आकर स्किल डेवलपमेंट के प्रोग्राम से जुड़ने को कहा। युवा अपने शैक्षणिक योग्यता के साथ अपनी तकनीकी योग्यता को भी विकसित करे। कार्यक्रम के दौरान सभी कौशल विकास एजेंसियों ने उनके द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा किशोर किशोरियों के द्वारा किए गए प्रश्नों का उत्तर दिया। सभी संस्थानों ने प्रशिक्षण उपरांत जॉब प्लेसमेंट की सुविधाओं के बारे में भी बताया। कार्यक्रम स्थल पर कौशल विकास से संबंधित विभिन्न संस्थानों ने विस्तृत जानकारी देने हेतु स्टाल भी लगाया था। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार ने उपस्थित युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़ने का आह्वान किया। आप अपनी रुचि अनुसार कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़े। उन्होंने यह भी बताया कि सी3 युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ने हेतु प्रतिबद्ध है। मौके पर सी3 के रंजन कुमार,पवन कुमार गुप्ता,नवल किशोर सिंह, मुबेद अख्तर, नंदलाल उरांव मौजूद थे।

आज लगेगी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर उद्घाटन करेंगे सांसद

लोहरदगा। इमरजेंसी केयर की अगुवाई में लोहरदगा नर्सिंग होम और क्यूरेस्टा हास्पिटल रांची द्वारा लोहरदगा नर्सिंग होम नवाड़ीपाड़ा परिसर में 16 जुलाई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें अनुभवी और विभिन्न रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया जाएगा। शिविर में डॉ. दीपिका तिर्की, डॉ. राजेश कुमार भगत, डॉ. शिव शंकर मुंडा, डॉ. प्रवीर सिंह मुंडा, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. अलीफा, डॉ. कविता तिर्की, डॉ. अजय कुमार समेत अन्य मौजूद रहेंगे। शिविर में विभिन्न प्रकार के जांच भी किए जाएंगे। इसमें बीस प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी एवं अल्ट्रासाउंड में 15 परसेंट की छूट दी जाएगी। इस शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुदर्शन भगत उपस्थित रहेंगे।

NEWS इन ब्रीफ

सोना फिर 59 हजार के पार निकला, चांदी 75 हजार रुपए के करीब पहुंची

नई दिल्ली। इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में शानदार तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सराफा बाजार में इस हफ्ते की शुरूआत, यानी 10 जुलाई को सोना 58,648 रुपए पर था, जो अब, यानी 15 जुलाई को 59,338 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत में 690 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। आईबीजेए की वेबसाइट के अनुसार इस हफ्ते चांदी में 4 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। इस हफ्ते की शुरूआत में ये 70,514 रुपए पर थी, जो अब 74,979 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 4,464 रुपए बढ़ी है।

एलजी ने 2030 तक 79 अरब डॉलर की बिक्री का लक्ष्य रखा

39.5 अरब डॉलर का करेगी निवेश

एजेंसी। नई दिल्ली

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अनुसंधान एवं विकास, सुविधा और रणनीतिक निवेश पर 39.5 अरब डॉलर खर्च करने और 2030 तक बिक्री को 79 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जो पिछले साल 51.4 अरब डॉलर से अधिक रही थी। कंपनी का लक्ष्य 2030 तक अपने हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) व्यवसाय की बिक्री को दोगुना करना और एक वैश्विक शीर्ष स्तरीय व्यापक एयर कंडीशनिंग कंपनी बनना है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स (एलजी) ने शीर्ष वैश्विक घरेलू उपकरण ब्रांड के रूप में अपनी वर्तमान स्थिति से स्मार्ट लाइफ सॉल्यूशन कंपनी में बदलने की अपनी दृष्टि की घोषणा की, जो 2030 तक 100 लाख करोड़ दक्षिण कोरियाई वॉन के वैश्विक वार्षिक राजस्व की तरफ बढ़ते हुए ग्राहकों के विविध अनुभवों और बेहतर बना सके। कंपनी के सीईओ विलियम चो

ने एक बयान में कहा, एलजी एक स्मार्ट जीवन समाधान कंपनी के रूप में बदलाव और आगे बढ़ने की अपनी साहसिक दृष्टि को जारी रखेगी जो ग्राहकों के विभिन्न स्थानों और अनुभवों को जोड़ती है और विस्तारित करती है, बजाय इसके कि वह गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ घरेलू उपकरण ब्रांड के रूप में अपनी वर्तमान स्थिति पर टिकी रहे। उन्होंने कहा, हम इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने काम करने और संवाद करने के तरीके को नया रूप देकर एक बिल्कुल नया एलजी बनाएंगे। शुरूआती चरण में इस साल के अंत तक टीवी व्यवसाय में कंपनी अपने वेबओएस ऑपरेटिंग सिस्टम के आधार पर एक बड़ा बदलाव करने जा रही है। दुनिया भर में 20 करोड़ से अधिक स्मार्ट टीवी में वेबओएस है। कंपनी सामग्री प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने और विज्ञापन-आधारित मुफ्त प्रसारण मंच एलजी चैनल्स की वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए पांच वर्षों में एक लाख करोड़ से अधिक दक्षिण कोरियाई वॉन का निवेश करेगी। एलजी की योजना भविष्य में नए व्यवसायों का चयन करके और उन पर ध्यान केंद्रित करके भविष्य के विकास में तेजी लाने की है, जिनमें समान रूप से उच्च विकास क्षमता होने की उम्मीद है। कंपनी डिजिटल हेल्थकेयर में भी अपना रणनीतिक निवेश जारी रखे हुए है।

इसमें कहा गया है, एलजी के ईवी चार्जिंग व्यवसाय का उद्देश्य एक एकीकृत समाधान प्रदान करना है जिसमें केवल चार्जर की बिक्री ही नहीं, बल्कि नियंत्रण क्षेत्र भी शामिल है। विलियम चो ने कहा कि एलजी ग्राहक अनुभव पर ध्यान केंद्रित करने के लिए तीन स्तंभों के रूप में प्लेटफॉर्म-आधारित सेवा व्यवसाय मॉडल में बदलाव, बी2बी क्षेत्रों में तेजी लाने और प्रतिस्पर्धी बढ़त के आधार पर नए विकास इंजनों की खरीद पर ध्यान केंद्रित करेगा। वर्ष 2030 तक बिक्री और परिचालन लाभ में इन तीन स्तंभों का अनुपात बढ़कर 50 प्रतिशत से अधिक होने की उम्मीद है।

7.27 लाख तक सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं: वित्त मंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग के लोगों को कई कर लाभ दिए हैं। इसमें 7.27 लाख सालाना आय वाले लोगों को आयकर से छूट शामिल है। सीतारमण ने कहा कि सरकार समाज के हर व्यक्ति को साथ लेकर चल रही है। जब 2023-24 के केंद्रीय बजट में सात लाख रुपए तक की कमाई वालों के लिए आयकर छूट प्रदान करने का फैसला किया गया था, तब कुछ तबकों में इसको लेकर संदेह जताया गया था। संदेह इस बात को लेकर था कि सात लाख रुपए से कुछ अधिक

की कमाई वाले का क्या होगा। वित्त मंत्री ने कहा, इसलिए, हमने यह पता लगाने के लिए कि आप प्रत्येक अतिरिक्त एक रुपए के लिए किस स्तर पर कर का भुगतान करते हैं, एक टीम के रूप में बैठकर विचार किया... उदाहरण के लिए 7.27 लाख रुपए के लिए, अब आप कोई कर नहीं देते हैं। आप तभी कर देते हैं, जब कमाई इससे ऊपर होती है। उन्होंने कहा, ह्यह्यआपके पास 50,000 रुपए की मानक कटौती भी है। नई योजना के तहत, शिकायत यह थी कि कोई मानक कटौती नहीं थी। यह अब दी गई है। हम भुगतान दर और अनुपालन पक्ष में सरलता लाए हैं। सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) का कुल बजट 2013-14 में 3,185 करोड़ रुपए था।

तिरंगे' के रंग में रंगा दुबई का बुर्ज खलीफा

जबरदस्त लाइट शो के साथ मोदी का हुआ स्वागत

एजेंसी। दुबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के दो दिवसीय दौरे के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा पर हैं। यूएई पहुंचे पीएम मोदी का शानदार स्वागत किया गया। पीएम के आने की खुशी में दुबई के बुर्ज खलीफा को भारतीय राष्ट्र ध्वज के रंगों से रोशन किया गया। बुर्ज खलीफा पर लाइट-एंड-साउंड शो में पीएम मोदी के आगमन के लिए मंच तैयार करते हुए गगनचुंबी इमारत ने उनकी तस्वीर भी प्रदर्शित की। इसके बाद एक संदेश दिखाया गया, जिसमें लिखा था, ₹आपका स्वागत है माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी के यूएई आगमन पर हवाई अड्डे पर उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की।

विदेशी मुद्रा भंडार 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 596.28 अरब डॉलर पर पहुंचा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात जुलाई को समाप्त सप्ताह में 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 596.28 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.85 अरब डॉलर बढ़कर 595.05 अरब डॉलर रहा था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन वैश्विक घटनाओं के कारण पैदा हुए दबावों के बीच रुपए को संभालने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने से इसमें गिरावट आई है। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, सात जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 98.9 अरब डॉलर बढ़कर 528.97 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक के अनुसार स्वर्ण भंडार का मूल्य 22.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.06 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 40 लाख डॉलर घटकर 18.23 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा हुआ देश का मुद्रा भंडार 1.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.02 अरब डॉलर हो गया।

सरकार ने तेल कंपनियों को दिया झटका

पेट्रोलियम क्रूड पर लगाया विंडफॉल टैक्स

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने तेल कंपनियों को दो महीने के अंतराल के बाद एक बार फिर झटका दिया है। सरकार ने ऐलान किया है पेट्रोलियम क्रूड पर 2 महीने अंतराल के बाद एक बार फिर विंडफॉल टैक्स लगाया जाएगा। 14 जुलाई को जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार घरेलू क्रूड उत्पादन पर विंडफॉल टैक्स को बढ़ाकर 1600 रुपए प्रति टन कर दिया गया है। पहले इस पर जीरो टैक्स लग रहा था। नई दरें 15 जुलाई, 2023 यानी शनिवार से लागू हो चुकी है। वहीं पेट्रोल, डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर विंडफॉल टैक्स को शून्य रखा गया है। इससे पहले 15 मई, 2023 को केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम क्रूड पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में बड़ी कटौती करते हुए उसे 4,100 रुपए प्रति टन से घटाकर शून्य कर दिया था। वहीं इससे पहले 1 मई को भी सरकार ने इसमें 2,200 रुपए प्रति टन की कटौती की थी। वहीं 17 जून को भी सरकार ने तय किया था कि वह पेट्रोलियम क्रूड, पेट्रोल, डीजल और अळऋपर किसी तरह का विंडफॉल टैक्स नहीं लगाएगी लेकिन एक महीने के भीतर सरकार ने अपने फैसले में बड़ा बदलाव कर दिया है। फिलहाल पेट्रोल-डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर विंडफॉल टैक्स जीरो लग रहा है। गौरतलब है कि भारत में पहली बार विंडफॉल टैक्स केंद्र सरकार ने क्रूड ऑयल उत्पादों पर जुलाई 2022 को लगाया था।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा

जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत
शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा संख्या – 01/2023-24/NREP/GARHWA दिनांक 03.07.2023 जो PR 301367 Rural Development(23-24)D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाषित किया गया है, के शर्त्तों में संशोधन किया जाता है जो इस प्रकार है –

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.07.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 31.07.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कार्यालय प्रकोष्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः–01.08.2023 को 03:30 अपराह्न तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राषि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राषि निर्धारित तिथि को समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राषि पर ही विचार किया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.08.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, रा0ग्रा0नि0, कार्यक्रम, गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, रा0ग्रा0नि0, कार्यक्रम, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
रा0ग्रा0नि0 कार्यक्रम, गढ़वा

PR.NO.302446 NREP(23-24):D

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

पत्रांक 2581/ दिनांक 14.07.2023

आम सूचना

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 25.07.2023 को मेदिनीनगर नगर निगम को पूर्वाह्न 12:00 AM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र0सं0	विवरणी	आवश्यक शर्ते
01.	पदनाम	General Duty Medical Officer
02.	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री।
03.	उम्र सीमा	अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा)।
04.	मानदेय	रू0 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र)
05.	कुल रिक्तियां	01 (एक पद) तथा प्रतीक्षा सूची में 02(दो) जो परीक्षा परिणाम के तिथि से 1 वर्ष तक के लिए मान्य होगा।
06.	चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।	
07.	मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी।	
08.	Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।	
09.	कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) समय 10:00AM To 5:00 PM	

दिनांक 25.07.2023 को मेदिनीनगर नगर निगम को पूर्वाह्न 12:00 AM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

ह0/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.302437 District(23-24):D

झारखण्ड सरकार,
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय, अनुमण्डल सह जिला कृषि पदाधिकारी, सिमडेगा।
Email:- simdegagriculture@gmail.com

आवश्यक सूचना

किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि वर्त्तमान में खेती कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) योजना जिले में चलायी जा रही है। कृशि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार के द्वारा PM-KISAN योजना अंतर्गत 14 वीं किस्त उन्हीं लाभूकों को विमुक्त की जायेगी, जिनका e-KYC, Land Seeding एवं बैंक खाता Aadhar Seeding से जुडा हुआ तथा डी0बी0टी0 हेतु उपयुक्त होगा। इस कम में भारत सरकार द्वारा भारतीय डाक भुगतान बैंक (IPPB) का सहयोग लिये जाने का निदेश भी दिया गया है। भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिले के वैसे PM-KISAN योजना लाभूक जिनका भारतीय डाक भुगतान बैंक के बैंक खाता Aadhar से जुड़ा हुआ नहीं है एवं डी0बी0टी0 हेतु हेतु उपयुक्त नही है, वैसे किसान भाईयों का अपने नजदीकी शाखा डाकघरों में जाकर खाता लिंक किया जाना है, वैसे किसान भाईयों का भी जिनका IPPB बैंक मे खाता नहीं है उन्हें भी इस योजना का लाभ हेतु डाकघरों में जाकर Aadhar Seeding खाता खोलना अनिवार्य है। वैसे लाभूक किसान अपने नजदीकी CSC केन्द्रों में जाकर e-KYC, Land Seeding एवं Aadhar Seeding का कार्य हेतु सभी प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं कृषक मित्र से सम्पर्क कर सकते है।

अतः उक्त के आलोक में सभी किसान भाईयों से अनुरोध है कि योजना का लाभ हेतु अपना आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर के साथ अपने नजदीकी डाकघरों में जाकर खाता को आधार से लिंक करायेगें ताकि कोई भी योग्य किसान इस योजना के लाभ से वंचित न रहे।

अनुरोध :–

सभी पात्र लाभूकों से अनुरोध है कि अपने निकटतम शाखा डाकघरों के माध्यम से अपना खाता,आधार कार्ड से लिंक कराकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

अधिक जानकारी के लिए प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं कृषक मित्र से सम्पर्क कर सकते है।

जिला कृषि पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 302416 (Agriculture) 23-24 (D)

कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सिमडेगा जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के तहत योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जॉब कार्ड के पिछले पृष्ठ पर लोकहित में जानकारी मुद्रण हेतु जॉब कार्ड की छपाई, 7 रजिस्टर की छपाई एवं मेडिकल किट यथा (4" Bandage-2 pcs, Cotton- 2 pcs, Povidine Qidine Cream-1 pc, Savlon-1 pc, Cetrizine -1 Strip, Diciofenace Tab- 1 Strip, Paracetamol Tab-1 Strip, Dompendom Tab-1Strip, ORS Satches - 5 Pcs, Bandaid Strip-10 pcs, Soap 10 gm-1pc, Ciproloxacin Tab-1 Strip, Surgical Knife-1 pc) की आपूर्ति करने के लिए अनुभवी प्रतिश्ठित संस्थान से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता दिनांक 17.7.2023 को पूर्वाहन् 10.00 बजे से अपराहन् 2.00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा के कार्यालय में निविदा पेटी पर निविदा डाल सकते है। दिनांक 17.7.2023 को अपराहन् 3.00 बजे उप विकास आयुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में जिलास्तरीय क्रय समिति द्वारा निविदा खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

तकनीकी बीड के आवश्यक शर्त्तें / कागजात निम्नवत् होगी :–

1. निविदादाता द्वारा वाणिज्य–कर निबंधन प्रमाण पत्र एवं स्वच्छता प्रमाण पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता द्वारा विगत तीन वर्शों का आयकर प्रमाण पत्र एवं चाटर्ड एकाउन्टेंट द्वारा अंकेक्षण प्रमाण पत्र तथा GST Clearance समर्पित करना अनिवार्य होगा।
3. मेडिकल किट आपूर्ति किये जाने वाले आपूर्तिकर्ता को वैद्य Drug license अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता को सरकारी विभाग के साथ कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र देना होगा।
5. निविदादाता को कागज/मेडिकल किट का नमूना निविदा के साथ जमा करना होगा।
6. सफल निविदादाता को कार्यादेश निर्गत करने के एक सप्ताह के अन्दर आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता को 10,000/–(दस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट, उप विकास आयुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, सिमडेगा के पदनाम से प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा।
8. तकनीकी एवं वित्तीय बीड अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में रख कर एक बड़े लिफाफे में समर्पित करेंगे।
9. सिमडेगा जिला के सभी 10 प्रखण्ड मुख्यालयों तक सामग्री आपूर्ति करने के लिए सभी प्रकार के कर परिवहन एवं हथालन व्यय आदि सहित दर का उल्लेख करना अनिवार्य है।
10. प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा दिये गये आपूर्ति आदेश की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर निर्दिष्ट स्थल (प्रखण्ड मुख्यालय) पर सामग्रियों की आपूर्ति होगी।

वित्तीय बीड के आवश्यक शर्त्तें / कागजात निम्नवत् होगी :–

1. निविदादाता का नाम :–
2. स्थायी पता :–
3. वर्तमान पता :–
4. व्यापार का स्थल (मोबाईल नम्बर सहित)
5. दर (प्रति अदद) (A) जॉब कार्ड (B) 7 रजिस्टर (C) मेडिकल किट

- निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
- निविदा के शर्त्तों को सरकारी अनुदेशों के आलोक में या व्यवहारिक परिस्थितियों में संशोधित भी किया जा सकता है।

निदेशक,
लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा

PR 302417Rural Development(23-24)#D

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू, मेदिनीनगर

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई0– संख्या–DOPR/DE/ZP/Palamu-01/2023-24

1. कार्य का नाम :–

क्र0 सं0	योजना का नाम	प्रखण्ड	प्रा0राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	एन0 आई0टी0 रेफरेंस सं0
1	ग्राम+पंचायत–हरमोंगा में अकराही टोला में रमेश दुबे के घर से कृष्णा सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ तथा मुन्ना बैठा के घर से कृष्णा सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	चैनपुर	12.603	25000.00	2500.00	3 माह मात्र	01/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
2	ग्राम+पंचायत–डाली में अवस्थित विद्यालय में लाईब्रेरी का निर्माण।	छतरपुर	22.200	46000.00	5000.00	3 माह मात्र	02/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
3	ग्राम–निमाचक, पंचायत–पांकी में पी0डब्लु0डी0 पथ से नीमाचक चौक तक पेमर ब्लॉक पथ निर्माण।	पांकी	24.995	50000.00	5000.00	3 माह मात्र	03/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
4	ग्राम–अलीनगर, पंचायत–पालडीह में सामुदायिक भवन से गढ़ स्कूल तक नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	हुसैनाबाद	24.963	50000.00	5000.00	3 माह मात्र	04/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
5	ग्राम+पंचायत–कुंभीकला में दशरथ यादव के घर से गौरेया स्थान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	नावाबाजार	24.713	50000.00	5000.00	3 माह मात्र	05/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
6	ग्राम–ओबरा, पंचायत–रतनाग में ढाबी मोड़ से उपेंद्र नारायण सिंह के घर होते हुए स्वास्थ्य उपकेंद्र ओबरा तक पी0सी0सी पथ निर्माण।	पाण्डू	24.860	50000.00	5000.00	3 माह मात्र	06/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
7	ग्राम+पंचायत–नाली में ट्रांसफार्मर से देवी मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	मोहम्मदगंज	33.227	68000.00	5000.00	3 माह मात्र	07/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
8	ग्राम–छेचानी, पंचायत–उदयपुरा–2 में मेन रोड से सत्येंद्र ठाकुर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	तरहसी	14.054	30000.00	25000.00	3 माह मात्र	08/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
9	ग्राम–डिहरी (विश्रामपुर), पंचायत–महुअरी में महुअरी केवाल टीकर पर पुल निर्माण।	हुसैनाबाद	21.700	44000.00	5000.00	3 माह मात्र	09/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
10	ग्राम–फूलडीहा, पंचायत–महुअरी में गणेश राम के घर से भीखर के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण।	हुसैनाबाद	19.668	40000.00	5000.00	3 माह मात्र	10/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
11	ग्राम+पंचायत–नेउरा में आबीद अंसारी के घर से आशीक ड्राईवर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	चैनपुर	11.905	24000.00	2500.00	3 माह मात्र	11/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
12	ग्राम+पंचायत–खोढ़ी में अम्बेदकर चौक से न्यू प्राथमिक विद्यालय चिरखाड़वा तक पथ निर्माण।	छतरपुर	24.827	50000.00	5000.00	3 माह मात्र	12/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
13	ग्राम–कधवन, पंचायत–तोलरा में दुग्धशीतक केन्द्र से एन0एच0 75 तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	विश्रामपुर	17.773	36000.00	5000.00	3 माह मात्र	13/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
14	ग्राम–अलारपुर, पंचायत–कुर्मीपुर में जपला–छतरपुर मेन रोड से सुरेश पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	हुसैनाबाद	39.650	80000.00	5000.00	3 माह मात्र	14/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
15	ग्राम+पंचायत–डाली में बेलटांड़ सत्यनारायण सिंह के घर से जामुन तर होते हुए शकन यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	छतरपुर	24.827	50000.00	5000.00	3 माह मात्र	15/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
16	ग्राम–तेलना, पंचायत–कोशियारा में ग्राम तेलना एवं कटुअल के बीच गुरसुतिया नाला पर पुल निर्माण।	चैनपुर	24.306	50000.00	5000.00	3 माह मात्र	16/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
17	ग्राम+पंचायत–चोरटिया में चौरटिया से कौड़िया तक लगभग 750 मीटर पथ निर्माण।	विश्रामपुर	24.438	50000.00	5000.00	3 माह मात्र	17/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu
18	ग्राम+पंचायत–चोरटिया में धनकाई नदी पर पुल निर्माण।	विश्रामपुर	22.484	46000.00	5000.00	3 माह मात्र	18/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 17.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–25.07.2023 up to 5.00 PM बजे तक
4. जिला अभियंता, जिला परिषद् कार्यालय मेदिनीनगर में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 26.07.2023 अपराह्न 1.00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–27.07.2023 अपराहन 11.00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –9955924364
8. निविदा शुल्कः– किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू के पक्ष में मेदिनीनगर में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं।
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, पलामू

PR 302454 (District)23-24*D

एक नजर इधर भी

कामयाबी के बढ़ते कदम

अंतरिक्ष विज्ञान में भारत बड़ी महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। अंतरिक्ष की दुनिया में सबसे कम खर्च में हमारे वैज्ञानिकों ने बुलंदी का झंडा गाड़ा है। हम चांद को जीतने निकल पड़े हैं। कभी हम साइकिल पर मिसाइल रखकर लांचिंग पैड तक जाते थे, लेकिन आज हमारे पास अत्याधुनिक तकनीकी उपलब्ध है, जिसका लोहा अमेरिका और दुनिया के तकनीकी एवं साधन संपन्न देश मानते हैं। इसरो ने 14 जुलाई को श्री हरि कोटा से सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चंद्रयान -3 का सफलता पूर्वक प्रक्षेपण कर दिया। यान पृथ्वी की कक्षा में स्थापित भी हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रक्षेपण की सफलता पर वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि अंतरिक्ष में चंद्रयान-3 एक नये चैप्टर की शुरूआत है। अंतरिक्ष में बढ़ते कदम की वजह से चंद्रमा के साथ-साथ अन्य तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। इस मिशन का उपयोग हम विभिन्न क्षेत्रों में करेंगे। इसकी वजह कृषि एवं दूसरे क्षेत्र में बड़ा फायदा मिलेगा। हमारे सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम की वजह से मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। भीषण चक्रवातीय तूफानों की त्वरित सूचना समय पर उपलब्ध होने से लोगों को आपदा से बचा लिया जा रहा है। जनधन की हानि को नियंत्रित किया जा सका है। चंद्रमा कभी हमारे लिए किस्से कहानियों में होता था। दादी और नानी कि कहानियों में उसके बारे में जानकारी मिलती थी। लेकिन आज वैज्ञानिक शोध और तकनीकी विकास की वजह से हम चांद को जीतने में लगे हैं। चंद्रलोक के बारे में वैज्ञानिक जमीनी पड़ताल कर रहे हैं। चंद्रलोक की बहुत सारी जानकारी हमारे पास उपलब्ध है। दुनिया के लिए चांद अब रहस्य नहीं है। अब वहां मानव जीवन बसाने के लिए भी रिसर्च किये जा रहे हैं। वैज्ञानिक शोध से यह साबित हो गया है कि चांद पर जीवन बसाना आसान है। सफल प्रक्षेपण के बाद इसरो मिशन चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग की तैयारी में जुटा है। यह चंद्रयान -2 मिशन को आगे बढ़ाने की कोशिश है, क्योंकि यह अभियान वैज्ञानिकों के अथक प्रयास के बाद भी कक्षा में स्थापित होने के पहले विफल हो गया था। लिहाजा उस अभियान से सबक लेते हुए अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने सारी कमियों को दूर कर लिया है। उम्मीद है कि देश का यह अभियान सफल होगा और भारत का नाम अंतरिक्ष युग में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। चंद्रमा पर सफल और सुरक्षित लैंडिंग करने वाले अब तक सिर्फ तीन देश हैं जिसमें अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत भी इस बिरादरी में शामिल हो जायेगा। देश के लिए यह गर्व और गौरव का विषय होगा। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के अनुसार यह मिशन पूरी तरह चंद्रयान- 2 की तरह ही होगा। अभियान पर करीब 615 करोड़ रुपये का खर्च आया है। यह 50 दिन बाद लैंड करेगा। इस यान में भी एक आर्बिटर, एक लैंडर और एक रोवर होगा। यह चंद्रयान -2 के मुकाबले इसका लैंडर 250 किलोग्राम अधिक वजनी होगा और 40 गुना अधिक स्थान का घेराव करेगा। यान की गति प्रतिघंटा 37 हजार किलोमीटर वैज्ञानिकों ने उस तकनीकी गड़बड़ी को दूर कर लिया है जिसकी वजह से चंद्रयान-2 सफलता के करीब पहुंचने के बाद भी फेल हो गया था। इस बार अंतरिक्ष संगठन की पूरी कोशिश है कि यह पूरी तरह सफल हो। 23 अगस्त तक सब ठीक रहा तो चंद्रतल पर इसे सुरक्षित स्थापित किया जायेगा। इस मिशन का यह सबसे चुनौतीपूर्ण मसला है। चंद्रयान-2 मिशन पर 978 करोड़ रुपये का खर्च आया था। 50 दिन से कम समय में 30844 लाख किलोमीटर से अधिक दूरी तय की थी। लेकिन अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के भरपूर प्रयास के बावजूद भी मिशन फेल हो गया था। चंद्रमा की कक्षा में सफल लैंडिंग के पूर्व रूस, अमेरिका भी कई बार विफल हो चुका था। लेकिन चीन अकेला ऐसा देश था जिसने इस मिशन को पहली बार में ही सफलता हासिल कर लिया था। भारत चार साल बाद पुनः अधूरे मिशन को कामयाब करने में जुटा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत रंग लायेगी।

■ प्रभुनाथ शुक्ल

बालूमाथ की नकारात्मक छवि को बदल रहे हैं होनहार

उग्रवाद प्रभावित, रंगदारी व कोयला तस्करी क्षेत्र के रूप में प्रसिद्ध बालूमाथ के छात्र-छात्राएं तोड़ रहे हैं मिथक, यहां के होनहारों के हालिया प्रदर्शन पर निगाह दौड़ाई जाए तो यह बखूबी कहा जा सकता है कि सीमित संसाधन में भी बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है बस उसे उचित अवसर की तलाश होती है। इन पंक्तियों को बखूबी चरितार्थ किया है बालूमाथ के होनहार छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत व लगन से। इन होनहारों ने कई दशकों से बालूमाथ के माथे पर लगी कलंक को बखूबी मिटाने का अथक प्रयास किया है। हाल के दिनों तक बालूमाथ का नाम उग्रवाद -रंगदारी एवं कोयला तस्करी को लेकर प्रसिद्ध रहा था। ऐसा महसूस होता था कि बालूमाथ की यही पहचान बन गई है। ऐसे में बालूमाथ के गर्भ में छुपी हुई प्रतिभाओं ने अपने दम पर अपनी मातृभूमि की बनी हुई नकारात्मक छवि को बहुत हद तक मिटाने का काम किया है। बालूमाथ के छात्र और छात्राओं के हालिया प्रदर्शन पर निगाह दौड़ाई जाय तो यह बखूबी कहा जा सकता है कि सीमित संसाधन में भी बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक की ओर से आयोजित मैट्रिक व इंटरमीडिएट (आर्ट्स, कॉमर्स, साइंस) के परीक्षाफल में यहां के छात्रों का दबदबा एक अलग नजीर पेश करता है। बेहद साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली बालूमाथ प्रखंड के सुदूर क्षेत्र की रहने वाली उषा रानी, जिसके पिता जयनाथ रवि पारा टीचर हैं, ने वर्ष 2023 की परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक हासिल कर न सिर्फ जिला टॉपर होने का गौरव हासिल किया बल्कि उसकी इस सफलता ने हजारों छात्र एवं छात्राओं के लिए प्रेरित करने का भी कार्य किया। उषा रानी की बहन प्रतिमा कुमारी ने भी इंटरमीडिएट आर्ट्स में जिले में सेकंड टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। यही नहीं, इंटरमीडिएट कॉमर्स के जिला टॉपर भी क्रमशः दिलीप उरांव, नेहा कुमारी, प्रीति कुमारी तीनों राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ से ही रहे। वहीं वर्ष 2022 में राज्य स्तर पर होने वाले ओलंपियाड में अपग्रेडेड हाई स्कूल सेमरसोत की छात्रा मोहसीरा परवीन ने ब्रोंज मेडल हासिल कर बालूमाथ का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ने लैपटॉप देकर सम्मानित भी किया। बालूमाथ के लगभग आधा दर्जन से अधिक बच्चे मेडिकल की पढ़ाई या तो कर रहे हैं या हाल के दिनों में कर चुके हैं। नीट की ओर से आयोजित 2023 की परीक्षा में बालूमाथ के दो छात्र मोहम्मद व ओवैस उमर ने सफलता हासिल की है। बालूमाथ की ही अंकिता राज ने यूजीसी की ओर से आयोजित नेट/जेआरएफ की परीक्षा में सफलता पाकर बालूमाथ को गौरवान्वित किया है। यही नहीं, बालूमाथ के दर्जनों छात्र यूजीसी की ओर से आयोजित नेट जेआरएफ की परीक्षा में सफल होकर या तो लेक्चरर, प्रोफेसर बन कर विश्वविद्यालयों में अपनी सेवा दे रहे हैं या रिसर्च कर पीएचडी कर रहे हैं। ऐसे दर्जनों उदाहरण बालूमाथ के वातावरण को सुखद अनुभूति प्रदान कर रहे हैं। बालूमाथ के छात्रों ने अपनी प्रतिभा

हाल के दिनों तक बालूमाथ का नाम उग्रवाद -रंगदारी एवं कोयला तस्करी को लेकर प्रसिद्ध रहा था। ऐसा महसूस होता था कि बालूमाथ की यही पहचान बन गई है। ऐसे में बालूमाथ के गर्भ में छुपी हुई प्रतिभाओं ने अपने दम पर अपनी मातृभूमि की बनी हुई नकारात्मक छवि को बहुत हद तक मिटाने का काम किया है।

इन दिनों

अजीत कुमार

का लोहा पहले भी मनवाया है। वर्ष 2012 में अभिषेक कुमार ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता का झंडा गाड़ा था। वह वर्तमान में आयकर उपायुक्त के रूप में अपनी सेवा झारखंड में ही दे रहे हैं। एसएससी की परीक्षा में मो. अली जौहर ने देशभर में पहला रैंक हासिल कर बालूमाथ सहित जिला और राज्य का नाम रोशन किया था। वह वर्तमान में विदेश मंत्रालय में पासपोर्ट अधिकारी के रूप में वह कार्यरत हैं। बालूमाथ के ही मो. नौशाद आलम कालाजार पर यूएसए में रिसर्च कर रहे हैं। बालूमाथ के ही तौसीफ आलम फैलोशिप पाकर फिजिक्स में देश के प्रतिष्ठित वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पीएचडी कर रहे हैं। अदनान परवेज का चयन वर्तमान में स्पेन में उच्च शिक्षा के लिए हुआ है। देश के प्रतिष्ठित अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, जामिया मिलिया इस्लामिया, जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी व अन्य संस्थानों में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन तमाम सफल छात्र एवं छात्राओं में एक चीज सामान्य है कि इन्होंने अपने अब तक के सफर को अपनी मेहनत के बल पर हासिल किया है। अगर सरकार या संस्थाओं का सहयोग इन होनहारों को मिले तो निश्चित ही एक नई इबारत लिखी जा सकती है। इस संबंध में बालूमाथ स्थित इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय के शिक्षक व पिछले 30 वर्ष से बालूमाथ में अध्यापन का कार्य कर रहे निर्मल कुमार सिन्हा का कहना है कि बालूमाथ में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बस उचित अवसर की तलाश है। जब जब बालूमाथ के बच्चों को मौका मिला है, बच्चों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। बच्चों की सफलता उसके परिवार वालों के साथ-साथ हम शिक्षकों को भी खुशी का अवसर प्रदान करता है। सामूहिक प्रयास किया जाय तो बालूमाथ राष्ट्रीय क्षितिज पर एक अलग पहचान बनाने का माद्दा रखता है। राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ की प्राचार्य व वर्ष 2021 में राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्राचार्य व स्कूल का बेहतरीन रिजल्ट के लिए शिक्षा मंत्री से सम्मानित रूबी बानो का कहना है कि बालूमाथ के छात्र एवं छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। लगनशीलतता, मेहनती व लक्ष्य को ध्यान में रखकर पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राएं जब अपने प्रदर्शन के बदौलत लक्ष्य को हासिल करते हैं, तो हम शिक्षकों के द्वारा छात्र पर किये गये मेहनत का नतीजा काफी सुखद अनुभूति करवाने वाला रहता है। इस प्रतियोगी माहौल में छात्र एवं छात्राओं को उसके अनुरूप तैयार करना हमारे लिए बड़ी चुनौती है सामूहिक प्रयास से इन चुनौतियों का सामना कर विजय प्राप्त करने की उम्मीद है। बालूमाथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता का कहना है कि बालूमाथ 12वीं तक की शिक्षा के लिए 3 समेत 10 हाई स्कूल में हजारों छात्र एवं छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे है। शिक्षकों की कमी की समस्या से ग्रसित होने के बावजूद बच्चे बेहतर परिणाम दे रहे हैं। अगर संसाधनों पर ध्यान दिया जाय तो और भी बेहतर परिणाम हमें प्राप्त हो सकता है।

भारत की बाढ़ प्रबंधन योजना का क्या?

राष्ट्रीय बाढ़ आयोग की प्रमुख सिफारिशें जैसे बाढ़ संभावित क्षेत्रों का वैज्ञानिक मूल्यांकन और फ्लड प्लेन जोनिंग एक्ट का अधिनियमन अभी तक अमल में नहीं आया है। सीडब्ल्यूसी का बाढ़ पूर्वानुमान नेटवर्क देश को पर्याप्त रूप से कवर करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा, अधिकांश मौजूदा बाढ़ पूर्वानुमान स्टेशन चालू नहीं हैं। 2006 में केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा गठित एक टास्क फोर्स ने बाढ़ जोखिम मानचित्रण का कार्य पूरा नहीं किया। बाढ़ क्षति का आकलन पर्याप्त रूप से नहीं किया गया। बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रमों के तहत परियोजनाओं के पूरा होने में देरी मुख्य रूप से केंद्र की सहायता की कमी के कारण होती है। बाढ़ प्रबंधन के कार्य एकीकृत तरीके से नहीं किये जाते हैं। भारत के अधिकांश बड़े बांधों में आपदा प्रबंधन योजना नहीं है- देश के कुल बड़े बांधों में से केवल 7% के पास आपातकालीन कार्य योजना/आपदा प्रबंधन योजना है। चूंकि बाढ़ से हर साल जान-माल को बड़ा नुकसान होता है, इसलिए अब समय आ गया है कि केंद्र और राज्य सरकारें एक दीर्घकालिक योजना तैयार करें जो बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए तटबंधों के निर्माण और ड्रेजिंग जैसे टुकड़ों-टुकड़ों के उपायों से आगे बढ़े। इसके अलावा, एक एकीकृत बेसिन प्रबंधन योजना की भी आवश्यकता है जो सभी नदी-बेसिन साझा करने वाले देशों के साथ-साथ भारतीय राज्यों को भी साथ लाये। बाढ़ पर भारत के पहले और आखिरी आयोग के गठन के कम से कम 43 साल बाद, देश में अब तक कोई राष्ट्रीय स्तर का बाढ़ नियंत्रण प्राधिकरण नहीं है। राष्ट्रीय बाढ़ आयोग (आरबीए), या राष्ट्रीय बाढ़ आयोग, की स्थापना 1976 में कृषि और सिंचाई मंत्रालय द्वारा भारत के बाढ़-नियंत्रण उपायों का अध्ययन करने के लिए की गई थी, क्योंकि 1954 के राष्ट्रीय बाढ़ नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शुरू की गई परियोजनायें ज्यादा सफलता हासिल करने में विफल रहीं। हाल ही में, उत्तरी राज्यों में बाढ़ ने जीवन और संपत्ति की तबाही मचाई है, जो इस क्षेत्र में एक समस्या है। हालाँकि, बाढ़ केवल उत्तर-पूर्वी भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के कई अन्य क्षेत्रों को प्रभावित करती है। मानसून के दौरान लगातार और भारी वर्षा जैसे प्राकृतिक कारकों के अलावा, मानव निर्मित कारक भी हैं जो भारत में बाढ़ में योगदान करते हैं। भारत अत्यधिक असुरक्षित है, क्योंकि इसके अधिकांश भौगोलिक क्षेत्र में वार्षिक बाढ़ का खतरा रहता है। बाढ़ के कारण होने वाली उच्च हानि और क्षति भारत की खराब अनुकूलन और शमन स्थिति और आपदा प्रबंधन और तैयारियों में अपर्याप्तता को दर्शाती है। अतः एक एकीकृत बाढ़ प्रबंधन प्रणाली की आवश्यकता है। 1980 में, राष्ट्रीय बाढ़ आयोग ने 207 सिफारिशें और चार व्यापक टिप्पणियाँ कीं। सबसे पहले, इसने कहा कि भारत में वर्षा में कोई वृद्धि नहीं हुई और इस प्रकार, बाढ़ में वृद्धि मानवजनित कारकों जैसे वनों की कटाई, जल निकासी की भीड़ और बुरी तरह से नियोजित विकास कार्यों के कारण हुई। दूसरा, इसने बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए अपनाये गये तरीकों, जैसे तटबंधों और जलाशयों की प्रभावशीलता पर सवाल उठाया और सुझाव दिया कि इन संरचनाओं का निर्माण उनकी प्रभावशीलता का आकलन होने तक रोक दिया जाय। हालाँकि, इसमें यह कहा गया कि जिन क्षेत्रों में वे प्रभावी हैं, वहाँ तटबंधों का निर्माण किया जा सकता है। तीसरा, इसमें कहा गया कि बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए अनुसंधान और नीतिगत पहल करने के लिए राज्यों और केंद्र के बीच समेकित प्रयास होने चाहिए। चौथा, इसने बाढ़ की बदलती प्रकृति से निपटने के लिए एक गतिशील रणनीति की सिफारिश की। रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चला कि समस्या देश के बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों के आकलन के तरीकों से शुरू हुई। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा 'बाढ़ नियंत्रण और बाढ़ पूर्वानुमान के लिए योजनाएं' 2017 की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय बाढ़ आयोग की प्रमुख सिफारिशें जैसे बाढ़ संभावित क्षेत्रों का वैज्ञानिक मूल्यांकन और फ्लड प्लेन जोनिंग एक्ट का अधिनियमन अभी तक अमल में नहीं आया है। सीडब्ल्यूसी का बाढ़ पूर्वानुमान नेटवर्क देश को पर्याप्त रूप से कवर करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा, अधिकांश मौजूदा बाढ़ पूर्वानुमान स्टेशन चालू नहीं हैं। 2006 में केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा गठित एक टास्क फोर्स ने बाढ़ जोखिम मानचित्रण का कार्य पूरा नहीं किया। बाढ़ क्षति का आकलन पर्याप्त रूप से नहीं किया गया। बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रमों के तहत परियोजनाओं के पूरा होने में देरी मुख्य रूप से केंद्र की सहायता की कमी के कारण होती है। बाढ़ प्रबंधन के कार्य एकीकृत तरीके से नहीं किये जाते हैं। भारत के अधिकांश बड़े बांधों में आपदा प्रबंधन योजना नहीं है- देश के कुल बड़े बांधों में से केवल 7% के पास आपातकालीन कार्य योजना/आपदा प्रबंधन योजना है। नवीनतम तकनीकों की एक विस्तृत श्रृंखला का उपयोग करके बाढ़ की चेतावनियों का प्रसार किया जाना चाहिए। इससे पारंपरिक सिस्टम विफल होने पर वास्तविक समय डेटा देने में मदद मिलेगी। पानी एक ही स्थान पर जमा न हो इसके लिए जल निकासी व्यवस्था का उचित प्रबंधन आवश्यक है। ठोस अपशिष्ट हाइड्रोलिक खुरदरापन बढ़ाता है, रुकावट का कारण बनता है और आम तौर पर प्रवाह क्षमता को कम करता है। पानी के मुक्त प्रवाह की अनुमति देने के लिए इन नालियों को नियमित आधार पर साफ करने की आवश्यकता है। शहरीकरण के कारण, भू- जल पुनर्भरण में कमी आई है और वर्षा और परिणामस्वरूप बाढ़ से चरम अपवाह में वृद्धि हुई है।

■ डॉ सत्यवान सौरभ

सड़कें तो आधुनिक बना दीं पर ट्रैफिक नियमों का पालन कब होगा?

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से दी गई यह जानकारी हतप्रभ करने वाली है कि देश में प्रतिदिन करीब 415 लोग यानी प्रति वर्ष डेढ़ लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं। यह बहुत बड़ी संख्या है। भारत का सड़क यातायात तमाम विकास की उपलब्धियों एवं प्रयत्नों के बावजूद असुरक्षित एवं जानलेवा बना हुआ है, सुविधा की खूनी एवं हादसे की सड़कें नित-नयी त्रासदियों की गवाह बन रही है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुए दिल दहलाने एवं रूह कंप-कंपाने वाले एक भीषण एवं दर्दनाक हादसे में एक कार में सवार एक परिवार के छह लोगों की मौत ने एक बार फिर यह खौफनाक एवं डरावना तथ्य उजागर किया कि अपने देश में जैसे-जैसे अच्छी एवं सुविधा की सड़कें बन रही हैं, वैसे-वैसे ही दुर्घटनाएं या यातायात नियमों की अवहेलना भी बढ़ रही हैं और उनमें जान गंवाने वालों की संख्या भी। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हादसा इसलिए हुआ, क्योंकि एक कार की भिड़ंत गलत दिशा से आ रही बस से हो गई। यह अंधेरगर्दी एवं घोर लापरवाही है कि यह बस करीब आठ किमी तक गलत दिशा में चलती रही, लेकिन किसी ने उसे रोका-टोका नहीं। आखिर कोई यह देखने वाला क्यों नहीं था कि बस चालक ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डाल रहा है? जिस समय यह हादसा हुआ, उसके बाद भी उसी हाइवे एवं अन्य सड़क मार्गों पर ऐसी ही लापरवाही देखी गयी। ट्रैफिक पुलिस का ध्यान आज भी हादसों एवं यातायात नियमों की अवहेलना को रोकने की बजाय अपनी जेब भरने में लगा रहता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय लोगों के सहयोग से वर्ष 2025 तक सड़क हादसों में 50 प्रतिशत की कमी लाना चाहता है, लेकिन यह काम तभी संभव है जब सड़क दुर्घटनाओं के मूल कारणों का निवारण करने के लिए ठोस कदम भी उठाये जायेंगे। यह तो बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए कि एक्सप्रेसवे या हाईवे पर गलत दिशा में वाहन चलें, खड़े रहें या जानवर उनमें प्रवेश करें, लेकिन ऐसा खूब होता है। एक्सप्रेसवे पर दोपहिया वाहन भी दिख जाते हैं और कभी-कभी तो तीन सवारी के साथ। सारे करतब मोटर साईकिल सवार इन आधुनिक सड़कों पर करते देखे जाते हैं। ट्रैफिक नियमों का ऐसा खुला उल्लंघन ही जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बनता है। ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता एवं लापरवाही की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? हमारे देश की तुलना में अमेरीका में पांच गुणा दुर्घटनाएं होती हैं तो जापान में लगभग हमारे देश जितनी ही, लेकिन वहां मरने वालों की संख्या नगण्य है, क्योंकि वहां के लोगों में यातायात अनुशासन देखने को मिलता है, हमारे देश में ऐसा अनुशासन लाने के लिये सरकार को व्यापक प्रयत्न करने होंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से दी गई यह जानकारी हतप्रभ करने वाली है कि देश में प्रतिदिन करीब 415 लोग यानी प्रति वर्ष डेढ़ लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं। यह बहुत बड़ी संख्या है, लेकिन इसके बाद भी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वैसे प्रयत्न एवं उपाय नहीं किये जा रहे, जैसे अनिवार्य हो चुके हैं। अपने देश में यातायात पुलिस की भारी कमी है, लेकिन उसे दूर करने का काम प्राथमिकता से बाहर है। जहां कहीं एक्सप्रेसवे, हाईवे आदि पर यातायात पुलिसकर्मी होते भी हैं, वे खानापूर्ति करते हैं। वे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान कर कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। इन त्रासद आंकड़ों ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर कर दिया कि आधुनिक और बेहतरीन सुविधा की सड़कें केवल रफ्तार एवं सुविधा के लिहाज से जरूरी हैं या फिर उन पर सफर का सुरक्षित होना पहले सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं, तेज गति के लिए उपयुक्त इन सड़कों पर हर किस्म के वाहन गलत तरीके से चलते हैं। 'दुर्घटना' एक ऐसा शब्द है जिसे पढ़ते ही कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं, खूनी होते हैं। अध्ययन के मुताबिक, खूनी सड़कों एवं त्रासद दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं- वाहनों की बेलगाम या तेज रफ्तार, गलत दिशा में एवं शराब पीकर गाड़ी चलाना, हेलमेट नहीं पहनना और सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना।

एक्सप्रेसवे पर दोपहिया वाहन भी दिख जाते हैं और कभी-कभी तो तीन सवारी के साथ। ट्रैफिक नियमों का ऐसा खुला उल्लंघन ही जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बनता है। ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता एवं लापरवाही की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है।

भले ही हर सड़क दुर्घटना को केन्द्र एवं राज्य सरकारें दुर्भाग्यपूर्ण बताती हैं, उस पर दुख व्यक्त करती हैं, मुआवजे का ऐलान भी करती हैं लेकिन बड़ा प्रश्न है कि एक्सीडेंट रोकने के गंभीर उपाय अब तक क्यों नहीं किये जा सके हैं? जो भी हो, सवाल यह भी है कि इस तरह की तेज रफ्तार सड़कों पर लोगों की जिंदगी कब तक इतनी सस्ती बनी रहेगी? सच्चाई यह भी है कि पूरे देश में सड़क परिवहन भारी अराजकता का शिकार है। सबसे भ्रष्ट विभागों में परिवहन विभाग शुमार है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर जो बस कार सवार लोगों के लिए काल बनी, उसका ड्राइवर इसी हाइवे पर पूर्व में भी अनेक बार गलत दिशा में बस चलाता रहा है, उसका कम से कम 15 बार चालान हो चुका था। इसके बाद भी चालक की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। यह समझा जाना चाहिए कि इस तरह के दिखावे के चालान से अराजक यातायात और उसके चलते होने वाले जानलेवा हादसों पर लगाम नहीं लगने वाली। लगाम तब लगेगी जब यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को कठोर दंड का भागीदार बनाया जाएगा। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि लोग यह जानते हुए भी मनमाने तरीके से वाहन चलाते हैं कि वे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो सकते हैं। हमारी ट्रैफिक पुलिस एवं उनकी जिम्मेदारियों से जुड़ी एक बड़ी विडम्बना है कि कोई भी ट्रैफिक पुलिस अधिकारी चालान काटने का काम तो बड़ा लगन एवं तन्मयता से करता है, उससे भी अधिक रिश्वत लेने का काम पूरी जिम्मेदारी से करता है, प्रधानमंत्री के तमाम भ्रष्टाचार एवं रिश्वत विरोधी बयानों एवं संकल्पों के यह विभाग धड़ल्ले से रिश्वत वसूली करता है, लेकिन किसी भी यातायात अधिकारी ने यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वालों को कोई प्रशिक्षण या सीख दी हो, यह कहीं नजर नहीं आता।

■ ललित गर्ग

है न विचित्र बात !

योगीतत्व, वृक्ष का महत्व, जीवन रक्षा कवच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास के मामले में पिछली सभी सरकारों को बहुत पीछे छोड़ है। अनेक रिकार्ड कायम कर चुके हैं। अब वह अपने ही रिकॉडों को पिछे छोड़ रहे हैं। इसमें पौधरोपण अभियान भी शामिल है। इस बार 35 करोड़ से अधिक पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। यह नया रिकॉर्ड होगा। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक साथ पांच करोड़ पौधे लगाये जायेंगे। छह वर्षों में सवा सौ करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं। एक से सात जुलाई तक आयोजित जागरुकता सप्ताह चलाया गया। 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' का संदेश गूंजेगा। हाइटेक नर्सरी तैयार होगी। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग होगी। 'मुख्यमंत्री कृषक वृक्ष धन योजना' लागू होगी। 'खेत पर मेड़-मेड़ पर पेड़' के संदेश को चरितार्थ होगा। विगत वर्षों में बनाए गए 'खाद्य वन, बाल वन, नगर वन, अमृत वन, युवा वन और शक्ति वन' जैसे नियोजित पौधरोपण का अभियान आगे बढ़ेगा। पर्यावरण के बिगड़ने की समस्या से मानव जीवन प्रभावित हो रहा है। यह पशु पक्षियों, जीव-जंतुओं, पेड़ पौधों, वनस्पतियों, वनों, जंगलों,पहाड़ों, नदियों सभी के अस्तित्व के लिए घातक है। पर्यावरण और जीवन परस्पर आश्रित है। वृक्ष मानव के स्वास्थ्य का सबसे बड़ा रक्षा कवच है। वृक्ष के आसपास रहने से जीवन में मानसिक संतुलन और संतुष्टि मिलती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अनेक योजनाओं ने कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इनमें से कई विश्वस्तर पर भी प्रतिष्ठित हुई है। वन महोत्सव में पौधरोपण इसी प्रकार का अभियान रहा है। भारत की केंद्र और उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार पर्यावरण व प्रकृति संरक्षण के प्रति सजग है। इसको पर्यटन व तीर्थाटन से भी जोड़ा गया है। यह विकास की समग्र अवधारणा में समाहित विचार है। इसके दृष्टिगत पर्यटन व तीर्थ स्थलों का विकास और इनसे संबंधित राजमार्ग का निर्माण शामिल है। विगत वर्षों के दौरान इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। योगी आदित्यनाथ ने राम वनगमन मार्ग को वन महोत्सव अभियान में शामिल किया। इसके अंतर्गत इस मार्ग पर त्रेता युगकालीन वाटिकाओं की स्थापना होगी। भारत में आदिकाल से प्रकृति संरक्षण का विचार रहा है। योगी आदित्यनाथ उससे प्रेरणा लेते हैं। उनका मानना है कि अतीत से जुड़ना वर्तमान समाज के लिए आवश्यक है। त्रेता युग की वाटिका व उपवन भी वर्तमान पीढ़ी में पर्यावरण चेतना का संचार करेंगी। महर्षि वाल्मीकिकृत रामायण में अयोध्या से चित्रकूट तक राम वन गमन मार्ग में मिलने वाली अट्ठासी वृक्ष प्रजातियों एवं वनों एवं वृक्षों के समूह का उल्लेख है। महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण एवं विभिन्न शास्त्रों में श्रृंगार वन, तमाल वन, रसाल वन,चम्पक वन, चन्दन वन,अशोक वन, कदम्ब वन,अनंग वन, विचित्र वन,विहार वन का उल्लेख मिलता है। रामायण में उल्लिखित अट्ठासी वृक्ष प्रजातियों में से कई विलुप्त हो चुकी हैं अथवा देश के अन्य भागों तक सीमित हो गई हैं। यथा रामायण में उल्लिखित रक्त चंदन के वृक्ष वर्तमान में दक्षिण भारत तक सीमित हैं। वन विभाग द्वारा राम वन गमन मार्ग में पड़ने वाले जनपदों अयोध्या, प्रयागराज चित्रकूट में रामायण में उल्लिखित अट्ठासी वृक्ष प्रजातियों में से प्रदेश की मृदा, पर्यावरण व जलवायु के अनुकूल तीस वृक्ष प्रजातियों का रोपण कराया जा रहा है। यह वृक्ष प्रजातियां- साल, आम, अशोक, कल्पवृक्ष पारिजात, बरगद, महुआ, कटहल, असन, कदम्ब,अर्जुन, छितवन, जामुन, अनार, बेल, खैर, पलाश, बहेड़ा, पीपल, आंवला, नीम, शीशम, बांस, बेर, कचनार, चिलबिल, कनेर, सेमल, सिरस, अमलतास, बड़हल हैं। मानव सभ्यता को बचाने के लिए वर्तमान कृषि प्रणाली में कृषि वानिकी, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन सभी को अपनी खेती में बराबर का स्थान देना होगा।

■ डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

पढ़ाई लिखाई सहित हरी सब्जियां भी महंगी

आम लोगों पर महंगाई की मार हर तरफ से पड़ रही है। महंगाई की मार ने लोगों के लिए अपने बच्चों को पढ़ना भी महंगा पड़ रहा है। कोरोना संकट काल के बाद से बढ़ रही महंगाई आमजन का पीछा नहीं छोड़ रही है। महंगाई के बीच गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को आलू ने थोड़ी-बहुत राहत दे रखी थी। बाकी सब हरी सब्जियां थाली से गायब नजर आ रही हैं। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने की चर्चा तो हर तरफ होती है, लेकिन यह महंगाई सिर्फ ईंधन तक सीमित नहीं है। खाद्य तेल, दाल, सब्जियां और अन्य आम जरूरत की चीजों के दाम काफी बढ़ गए हैं। पिछले तीन महीनों की बात करें तो इन आम जरूरत की चीजों के दाम लगभग दोगुने हो चुके हैं। अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र शुरू हो गया। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे अभिभावकों की जेब पर इस बार बच्चों की पढ़ाई ने बोझ और बढ़ा दिया है। अब पढ़ाई पर भी महंगाई की मार पड़ी है। कोरोना संकट की वजह से दो वर्ष तक स्कूल न खुलने से बच्चों के भविष्य के लिए चिंतित रहे अभिभावकों की चिंता स्कूल खुलने के बाद महंगाई ने बढ़ा दी है। स्कूलों की दाखिला फीस, ट्यूशन फीस, किताबें, कापियां, वर्दी से लेकर सबकुछ महंगी हो गयी है। यहां तक कि कोरोना संकट काल में भी स्कूलों ने दाखिला फीस भी ली और आनलाइन पढ़ाने के लिए हर महीने फीस तक ली। स्कूल बसों के चार्ज भी बढ़ाए गए हैं। स्कूल वाहनों के अलावा निजी तौर पर स्कूली बच्चों को छोड़ने वाले वाहन चालकों ने भी रेट बढ़ा दिया है। उपर से कागजों की कीमतों में बढ़ोतरी होने से दाम बढ़ गए हैं। स्टेशनरी की दुकानों में नए स्टॉक के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में कॉपी-किताबें 20 से 25 फीसदी तक महंगी हो गई हैं। पेन कॉपी के साथ रबड़, पेंसिल और शार्पनर के दाम भी 10 से 20 फीसदी तक बढ़ गए हैं। उपर से कोर्स के नाम पर चलता कमीशन का खेल शहर के अधिकतर स्कूलों में है। कोर्स सामग्री किसी खास दुकान पर ही मिलती है। इनके अलावा किसी दुकान पर ये किताबें नहीं मिल सकती। इसके पीछे कमीशन का खेल चलता है। निजी प्रकाशक सीधे स्कूल से संपर्क करते हैं। मोटे कमीशन के साथ डील तय होती। इसमें दुकानदारों का भी हिस्सा शामिल होता है। कोरोना और लॉकडाउन की वजह से पहले से ही आम इंसान परेशान है।अब इस बढ़ती महंगाई की वजह से उनका जीना और भी ज्यादा मुश्किल होता जा रहा है। तीन महीने पहले जो दाल करीब 80-90 रुपए किलो मिल रही थी वो अब 110 रुपए किलो मिल रही है। खाद्य तेल की दरों और उनकी उपलब्धता का तालमेल भी बिलकुल गड़बड़ा गया है। एक तरफ खाद्य तेल का आयात घटा है तो दूसरी तरफ जीएसटी भी लगती है। अगर जीएसटी हटा ली जाए तो आम आदमी को बहुत राहत मिल सकती है। इसी तरह सब्जियों के दाम भी बढ़े. तीन महीने पहले जो सब्जी 10 से 15 रुपए किली मिल रही थी। अब उसका दाम 40 से 50 रुपए किलो हो गया और वह अब असमान छू रहा है।

❖ ओम प्रकाश डब्लू

टमाटर तो रसोई की पहुंच से दूर

टमाटरों की तेजी से बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की जेब ढीली कर दी है। टमाटरों की कीमत सातवें आसमान पर पहुंच गई है और अन्य सब्जियों के भाव भी तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे आम आदमी के घर का बजट पूरी तरह से हिल गया है। जानकारों के मुताबिक, भारी बारिश की वजह से सप्लाई चेन में रुकावट के चलते सब्जियों के दाम में रेकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। फूलगोभी, मिर्च, अदरक जैसी अन्य सब्जियों की कीमतें समान्य से ज्यादा बढ़ चुकी हैं। वहीं बताया जा रहा है कि बारिश के बाद खेतों में सब्जी की फसल के खराब होने से अचानक दामों में वृद्धि हुई। हरी सब्जियों में महंगाई टमाटर पर ही नहीं है, बल्कि लौकी, करेला, भिंडी, बैंगन, परवल आदि सभी सब्जियां महंगाई की आग में जलनी शुरू हो गई हैं। सब्जी विक्रेता का कहना है कि बरसात के समय हरी सब्जियों की उपज कम हो जाती है।खासकर पलामू में सब्जियों के दाम भी बढ़ने शुरू हो गये हैं।जो लौकी पिछले महीने मंडी में 12 रुपये किलो थोक में बिक रही थी, वह अब 20 से 40 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। वहीं टमाटर के दाम बढ़ने के साथ अब अदरक और हरी मिर्च के रेट भी बढ़ चुके हैं। सब्जियों के दाम सातवें आसमान पर पहुंच गए हैं। सब्जियों के बढ़ते दाम ने खाने का स्वाद बिगाड़ दिया है। देश के कई हिस्सों में टमाटर के दाम में रेकॉर्ड इजाफा हुआ है। पिछले महीने तक जो टमाटर 30/40 रुपये प्रति किलो बिक रहा था, उसका दाम एकदम से 80 से 100 रुपये तक पहुंच गया है। अच्छा टमाटर 100 रुपये और थोड़ा बंदरंग सा टमाटर 80-90 रुपये प्रति किलो बिक रहा था। मंडी में टमाटर 70 से 80 रुपये प्रति किलो थोक रेट में बिक रहा है। मई में टमाटर का भाव 20/30 रुपये प्रति किलो था। टमाटर के बढ़ते भाव से सबसे ज्यादा गृहिणियां परेशान हैं। उनका कहना है कि सरकार को जमाखोरों पर कार्रवाई करनी चाहिए। इसके अलावा अन्य सब्जियों के दामों में भी तेजी है। आने वाले दिनों में दाम और बढ़ने की उम्मीद है। उधर, गृहिणियों का कहना है कि बाजार में सब्जियों के दाम बढ़ने से घर की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। टमाटर तो रसोई की पहुंच से दूर हो गया है।

❖ ओम प्रकाश प्रजापति

थाली में सलाद खीरा प्याज, टमाटर गायब

जब भी कोई बीमार व्यक्ति डॉक्टर के पास पहुंचता है।तब डॉक्टर दवा देने के साथ हरी सब्जी व फल खाने की सलाह देते हैं। लेकिन महंगाई की मार बीमार व्यक्ति को यह खाने से भी रोक रही है। क्योंकि इन दिनों हरी सब्जियों से लेकर फल भी पलामू जिला में अलग-अलग राज्यों से आ रहे हैं। यह फल व सब्जी यहां तक पहुंचते पहुंचते इतने ज्यादा महंगे हो जाते हैं कि एक आम आदमी इन्हें खरीदने में सक्षम नहीं हो पाता। खुदरा कोराबारियों ने सब्जियों के भाव बढ़ा दिए है। जिसकी वजह से आम जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इसपर जिम्मेदार भी अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। जबकि थोक मंडी में विभिन्न हरी सब्जियों के रेट सामान्य हैं। ये आम जनता की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। इस पर जिम्मेदारों को सोचना होगा। कई महीने पहले सब्जी के भाव थोक मंडी में काफी थोड़ा फर्क था। सब्जियों के भाव दूध और एपल से भी महंगे हो रहे हैं। सब्जियां महंगी होने की वजह से लोगों के रसोई घर का जायका ही बिगड़ गया है। बढ़ी कीमती के कारण पलामू वासियों की थाली से मध्यम वर्ग के कई परिवारों की थाली में सलाद से खीरा, प्याज, टमाटर गायब हो गए हैं। बारिश का मौसम आते ही फिर एक बार सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। गरीब तबके के लोगों की थाली से भी सब्जियां नदारद हो रही हैं। महिलाओं का कहना है कि कुछ दिनों से सब्जियों की कीमतों में काफी तेजी आई हैं। जिस कारण गरीब लोगों ने सब्जियां खाना बंद ही कर दिया है। उनका कहना कि पहले इन दिनों सब्जियों के दाम काफी कम हुआ करते थे और हर कोई सब्जियों का इस मौसम में भरपूर इस्तेमाल करता था। लेकिन इस बार सब्जियों के भाव कम होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जानकारों की माने तो इस बार मानसून आते ही सीजन में भी सब्जियां काफी महंगी और आम आदमी की पहुंच से दूर है। वहीं बाहर से आने वाली सब्जी की आवक कम हो गई है। सब्जी खरीदने आए लोगों का कहना है दो सौ रुपए की सब्जी खरीदने पर थैला भी नहीं भरता। फुटकर सब्जी विक्रेता भी अब किलो के भाव पाव और आधा किलो में बताने लगे है। फुटकर बाजार में सब्जी के दामों में 40 से 50 प्रतिशत का अंतर आ गया है। यह अंतर आवक की कमी और मांग बढ़ने से हुई है।

❖ ओपी

गृहणियों के लिए घर चलाना चुनौती

गरीबों की पहुंच से तो सब्जियां अब बाहर हो चुकी है। थोक विक्रेताओं का कहना है कि उत्पादन और आवक कम है, जिसकी वजह से कीमतें बढ़ी हैं। वहीं किसानों का कहना है कि मौसम की मार से आलू-प्याज और हरी सब्जियों की फसलें खराब हो गयी है। वर्षा होने के बाद हरी सब्जियां की कीमतें और भी बढ़ने की संभावना है। हरी सब्जियों की आसमान छूती कीमतों ने लोगों के होश उड़ा रखे हैं। करीब छः महीने से यह स्थिति बरकरार है। हालत यह है,कि मध्यमवर्गीय परिवारों के लोग बहुत सोच-विचार के बाद हिम्मत जुटा कर एक पाव या आधा किलो सब्जी खरीद रहे हैं। महंगाई का असर रोज सब्जियों पर पड़ रहा है। लगातार बढ़ती महंगाई ने कमर तोड़कर रख दी है। किचन का बजट भी लगातार बिगड़ता जा रहा है। सब्जियां तो इतनी महंगी हो गई हैं कि बहुत किफायत से थाली सज रही है। उपर से महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। जबकि सब्जियों की अधिक पैदावार हो रही है। गृहणियों के लिए घर चलाना चुनौती है। सब्जियों के रेट कई गुणा बढ़ गए हैं। एक बच्चों की ट्यूशन फीस और अब सब्जियां महंगी। पहले सब्जियों पर दो हजार रुपये खर्च होते थे और अब चार हजार रुपये खर्च हो रहे है। दूसरी तरफ सब्जियों के रेट इतने बढ़ गए है कि सारा बजट बिगड़ गया। पहले सब्जियां भरपूर खाते थे। अब सब्जियों खरीदने से पहले सोचना पड़ता है।

❖ कुमारी रिया

आम लोगों पर महंगाई की मार

पलामू सहित अन्य जगहों पर मौसम की मार से महंगाई की लगातार मार पड़ रही है। हरी सब्जी के बढ़ते दाम ने लोगों की टेंशन बढ़ा दी है। सब्जियों के दाम तीन गुना अधिक बढ़ गये हैं। मिडिल क्लास के लोगों के पहुंच से सब्जियां दूर होने लगी हैं। उपर से बे मौसम मार से हरी सब्जियों का डेढ़ गुना रेट हो गया है। मिडिल क्लास के लोग महंगाई की आग में झुलस रहे हैं। आम लोगों पर महंगाई की मार का सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्गीय परिवार पर पड़ता है। वर्तमान समय में एक बार फिर से सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। इस मामले में सबसे पहले नंबर पर हरी सब्जियां में नेनुआ, पटल, भिंडी, करेला, लवका,है। जिनके भाव ने उछाल मारा है। स्थिति यह है कि शहर के प्रमुख स्थानों रेड़मा, सुदना, स्टेशन रोड व अन्य जगहों पर चुनिंदा सब्जी विक्रेताओं के पास मिल पाती है। यही नहीं शाम होते-होते हरी सब्जियां इक्का-दुक्का सब्जी विक्रेताओं के पास मिल पाती है। उसके पास भी इसकी मात्रा बहुत कम बचती है। इसी तरह प्रतिदिन दैनिक उपयोग में आने वालें हरी मिर्च के दाम में भी पलामू में उछाल है। सबसे ज्यादा खाई जाने वाली हरी सब्जियों में आलू व टमाटर हैं। इनमें जहां आलू का भाव 20 से 25 रुपए किलो जबकि टमाटर 100 से 130 रुपए किलो तक बिक रहा है। बाकी अन्य हरी सब्जियों के दाम भी 40 रुपए किलो से ऊपर ही हैं। सभी पर महंगाई की मार बनी हुई है।

❖ गुड्डू कुमार



आलू व प्याज भी दामों में कम नहीं

हरी सब्जियों की कीमतें बढ़ने के पीछे का कारण मौसम को बताया जा रहा है। किसानों के अनुसार, इस बार आलू की फसल कम हुई है। जबकि, बड़ी मात्रा में प्याज की फसल खराब हो गयी है। किसानों की मानें तो चूंकि अब तक मौसम में गरमी बरकरार है व बीच-बीच में बारिश भी होती रही, इसलिए हरी सब्जियों का उत्पादन भी प्रभावित हुआ है। जो फसलें मौसम की मार से बच गयी, उनमें कीड़े लग गये। जिसके कारण सब्जियों के दाम बढ़ने से रसोई का जायका बिगड़ता जा रहा है। सब्जियों के दाम दो गुणा बढ़ने से गृहणियों के लिए घर चलाना काफी मुश्किल हो रहा है। आलू, प्याज, टमाटर, भिंडी, नींबू, प्याज, शिमला मिर्च आदि के दाम में इजाफा हुआ है। टमाटर 100 से 140 रुपये किलो पहुंच गया है। जहां प्याज के दाम 20 रुपये वहीं आलू की कीमत 20/25रुपये किलो तक पहुंच गई है। दरअसल बीते वर्ष आलू की खुदाई के वक्त बारिश होने से सप्लाई पर असर पड़ा। आलू के बढ़े दामों पर इसी का प्रभाव नजर आ रहा है। इसके साथ ही बरसात में पलामू में लगातार बारिश नहीं होने से प्याज की फसल भी खराब हुई। सब्जियों के आढ़तियों की माने तो, प्याज और आलू की कीमतों में कमी की अभी कोई गुंजाइश नहीं नजर आ रही है। नया आलू जितना आना चाहिए उतना नहीं आ रहा है। इसके साथ ही आढ़तिया कहते हैं कि हरी सब्जियों की सप्लाई बहुत ज्यादा है। इस लिए सब्जियां के रेट बढ़ने से मध्यमवर्गीय परिवार की मुसीबतें बढ़ती नजर आ रही हैं। हरी सब्जियों के दाम बढ़ने का कारण जब सब्जी विक्रेताओं से पूछा गया तो उनका कहना था कि इस समय जो सब्जियां बाजार में आ रही हैं।वह सभी बाहर से आ रही हैं। इसलिए वहां से यहां तक आते-आते कई तरह के भाड़े व टैक्स जुड़ जाते हैं, जिससे सब्जियों के दाम बढ़े हैं। पहले बारिश ने काफी इंतजार कराया। फिर जब बे मौसम बारिश होने से हरी सब्जीयों के दाम बढ़ते जा रहे हैं। फिर अचानक से बारिश पूरी तरह से रुक गई। इससे सब्जियों के उत्पादन पर विपरीत असर पड़ा है।सभी कारणों के चलते स्थानीय सब्जियों की आवक कम हो गई।आलू और प्याज संग हरी सब्जियों के दाम में तेजी ने भी आम उपभोक्ताओं को काफी दुखी कर दिया है।

❖ वेद प्रकाश

सब्जियों की आसमान छूती कीमतों से घर का बजट बिगड़ा, लोग परेशान

हरी सब्ज़ियां थाली से गायब हो रही हैं। रसोई में तड़का लगाना महंगा हो रहा है। प्याज के बढ़े दाम ने जहां मीट, मछली, अंडा खाने वालों के मुंह पर ताला जड़ दिया है। वहीं, आसमान छूती कीमतों से घर का बजट भी बिगड़ा है। प्याज के बाद टमाटर और अब आलु ने भी इस बार रंग दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। साथ ही हरी सब्जियों के भाव आसमान पर पहुंच गए हैं। हरी मिर्च के दाम में दोगुने का उछाल आया है। बढ़ती महंगाई के बीच मध्य और निम्न वर्ग के परिवारों की थालियों से धीरे-धीरे हरी सब्जियां गायब होने लगी हैं। सब्जियों के दाम बढ़ने के बाद अब लोग अधिक सब्जी खरीदने से परहेज करने लगे हैं। प्याज के दाम में हुई बढ़ोतरी ने लोगों के रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। कीमत में इजाफा होने के चलते हरी सब्जियों को खरीदना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। लोगों ने सरकार से सब्जियों के दामों को कम करने की मांग की है। सब्जियों के दाम में उछाल आने से आम आदमी अब सब्जियों को कम ही मात्रा में खरीदने पर मजबूर हैं। सब्जियों में तड़का लगाने के लिए प्रयोग किए जाने वाले प्याज से लेकर लौकी तक के दामों में उछाल आ गया है। ऐसे में आम आदमी को सब्जी खरीदने से पहले कई बार सोचना पड़ रहा है। सब्जियों के दाम पिछले कुछ माह से काफी बढ़ गए हैं। सब्जी खरीदने के लिए बाजार में जाने से अपनी जेब के बीच समझौता करना पड़ रहा है।पलामू शहर की बात की जाए तो यहां एक दो महीने से सब्जियों के दामों में दस से बीस रुपये प्रतिकिलो की बढ़ोतरी हुई है। सब्जियों के दामों में एकाएक आने वाले उछाल से गृहिणियों का बजट गड़बड़ा गया है। लिहाजा, सब्जी मंडी पहुंचने पर महिलाएं सब्जियों को मोलभाव कर ही बजट के हिसाब से खरीद रही हैं। सब्जियों के बढ़े दामों से महिलाएं एक किलोग्राम की बजाय आधा किलोग्राम सब्जी खरीद रही हैं। वहीं, बढ़ती महंगाई की वजह से सब्जी विक्रेताओं के चेहरों पर भी मायूसी साफ देखी जा सकती है। बढ़े दामों को लेकर कुछ गृहिणियों से बात कर उनके विचार जानने की कोशिश की गयी तो वो बोलीं कि सब्जियों के दाम कम होने की सूरत में वह इच्छानुसार सब्जियां खरीद कर ले जाती है।

❖ धनंजय कुमार

वर्तमान में सब्जियों के भाव

सब्जी का नाम	सब्जी का भाव
आलू	20 से उपर
प्याज	20 से उपर
बैंगन	50 से उपर
फूल गोभी	80 से उपर
बंद गोभी	50 से उपर
परवल	40 से उपर
टमाटर	100 से उपर
भिंडी	40 से उपर
पालक	30 से उपर
हरा धनिया	200 से उपर
शिमला मिर्च	50 से उपर
फ्रासबीन	40 से उपर
कुंदरी	20 से उपर
बंदगोभी	40 से उपर
नेनुआ	40 से उपर

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

भड़काऊ भाषण मामले में आजम खान को दो साल की सजा

लखनऊ। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान को नफरती भाषण मामले में कोर्ट ने दोषी करार दिया है। कोर्ट ने आजम खान को दो साल की कैद और ढाई हजार रुपये जुमार्ना की सजा सुनाई है। सजा के प्रश्न पर आजम खान के अधिवक्ता और अभियोजन का पक्ष सुना गया। आजम खान न्यायिक अभिरक्षा में हैं। हेट स्पीच मामले में एलपी-एमएलए कोर्ट का फैसला आने पर दोषी पाए गए आजम खान को 2 साल की सजा सुनाए जाने के बाद न्यायिक हिरासत में ले लिया गया। आजम खान के वकील अब उनकी जमानत के लिए अर्जी लगा रहे हैं। अभियोजन पक्ष के सहायक अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने कहा, आजम को तीन धाराओं में सजा सुनाई गई है। दो धाराओं में 2-2 साल की सजा सुनाई है। जबकि, एक धारा में एक महीने की सजा सुनाई गई है।

'स्वास्थ्य योजनाओं का व्यापक प्रचार हो ताकि कोई पात्र लाभार्थी छूट न जाए'

एजेंसी। देहरादून

स्वास्थ्य चिंतन शिविर को हमें स्वास्थ्य में अंतिम मील कनेक्टिविटी के विचार के करीब लाने में मदद करनी चाहिए। पिछले दो दिनों में हमने आज भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र का विस्तृत अवलोकन देखा है और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज सुनिश्चित करने के लिए हमें किस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, इस पर मंथन हुआ है। यह बात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने स्वास्थ्य चिंतन शिविर की अध्यक्षता करते हुए कही।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मांडविया ने कहा, लोगों की भागीदारी, देश में तपेदिक के बोझ को खत्म करने के लिए एक बहुत ही आवश्यक गतिविधि है। टीबी उन्मूलन के प्रति हमारा दृष्टिकोण स्वास्थ्य देखभाल के प्रति भारतीय दृष्टिकोण को दशार्ता है। मैं लोगों से निक्षय मित्र बनने के लिए आगे आने का आह्वान करता हूं, क्योंकि इससे भारत को टीबी मुक्त बनाने में काफी मदद मिल सकती है।" उन्होंने राज्यों से टीबी उन्मूलन को प्राथमिकता देने और इसे और अधिक गति देने का अनुरोध किया। उन्होंने राज्यों से विकलांगता प्रमाणपत्र जारी करना आसान बनाकर देश की दिव्यांग आबादी का समर्थन करने का भी आग्रह किया। चिंतन शिविर में नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल ने कहा, पिछले दो दिनों में सभी उपस्थित लोगों के इनपुट से स्वास्थ्य सेवा के लिए एक समग्र प्रतिमान बनाया गया है और यह आवश्यक है कि आज हम जो प्रस्ताव पारित करते हैं, इसे क्रियान्वित किया जाता है, ताकि जो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, उन्हें अगले वर्ष तक हासिल किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्रियों में डॉ. धन सिंह रावत (उत्तराखंड), रजनी विदाला (आंध्र प्रदेश), अलो लिबांग (अरुणाचल प्रदेश), केशब महंत (असम), रुशिकेश पटेल (गुजरात), बन्ना गुप्ता (झारखंड), शामिल हैं। इसके अलावा दिनेश गुंडू राव (कर्नाटक), सपम रंजन सिंह (मणिपुर), डॉ. आर. लालथ्यांगलियाना (मिजोरम), थिरु मा. सुब्रमण्यम (तमिलनाडु) विचार-मंथन सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। इनके साथ टीएस सिंह देव (उपमुख्यमंत्री, और स्वास्थ्य मंत्री, छत्तीसगढ़), ब्रजेश पाठक (उपमुख्यमंत्री, और स्वास्थ्य मंत्री, उत्तर प्रदेश), बीएस पंत (पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री, सिक्किम), विश्वास सारंग (राज्य चिकित्सा शिक्षा मंत्री, मध्य प्रदेश), के लक्ष्मी नारायणन (लोक निर्माण मंत्री, पुडुचेरी) भी इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पहुंचे हैं।

राहुल ने गुजरात हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ एससी का दरवाजा खटखटाया

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'मोदी सरनेम' मानहानि मामले को लेकर अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राहुल गांधी ने सजा पर रोक लगाने से इनकार करने वाले गुजरात हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। गुजरात हाईकोर्ट ने आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि और दो साल की जेल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इस मामले में कांग्रेस नेता को अपनी लोकसभा सदस्यता भी गंवानी पड़ी थी। ज्ञात हो कि सूरत की एक अदालत ने राहुल गांधी की अप्रैल 2019 में कर्नाटक में एक चुनावी रैली के दौरान की गई टिप्पणी सभी चोरों का सरनेम मोदी कैसे है, के लिए दोषी ठहराया था और दो साल जेल की सजा सुनाई थी। इसके बाद अदालत ने राहुल गांधी को मार्च में संसद सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया था।

अजित की बढ़ सकती हैं कानूनी मुश्किलें, 21 जुलाई को सुनवाई

मुंबई। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार को कानूनी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि बंबे उच्च न्यायालय वकील नानासाहेब जाधव की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तारीख तय की है। सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि जाधव ने यह याचिका जित, उनके चाचा एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस (राकांपा) प्रमुख शरद पवार तथा पार्टी की नेता सुप्रिया सुले के खिलाफ लवासी हिल स्टेशन के विकास में कथित अनियमिताता में उनकी भूमिका लेकर दायर की है। जाधव ने 12 जुलाई के यह याचिका कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश नितिन जामदार तथा न्याया आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ के समक्ष दायकर दी थी और इस मामले में तत्काल सुनवाई की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि अजित उप मुख्यमंत्री बन गए हैं।

विश्वविद्यालयों को बदलते समय के अनुरूप तैयार करना चाहिए पाठ्यक्रम : ओम बिरला

एजेंसी। नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विश्वविद्यालयों को बदलते समय की उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप प्रगतिशील पाठ्यक्रम तैयार करने की नसीहत देते हुए कहा कि शिक्षा ही विकास और समानता का वाहक है। लोक सभा अध्यक्ष बिरला ने शनिवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली परिसर में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की एक प्रतिमा का अनावरण करने के बाद छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने देश के

संविधान के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। समानता और न्याय के आदर्श, जो भारतीय लोकतंत्र को लगातार मजबूत करते हैं, बाबासाहेब के दिल के सबसे करीब थे और न केवल भारतीय शासन के संदर्भ में एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं, बल्कि दुनिया के कई संविधानों की आधारशिला भी हैं। बिरला ने कहा कि आजादी की शुरूआत में हमारे संविधान निमार्ताओं के सामने चुनौतियां बहुत बड़ी थीं। भारत न केवल आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़ा था बल्कि साक्षरता का स्तर भी बहुत कम था। यह मानते हुए कि शिक्षा और सामाजिक न्याय नवोदित लोकतंत्र की प्रगति के लिए सर्वोपरि हैं, बाबासाहेब ने लोगों के जीवन में उनके महत्व पर जोर दिया। यह उल्लेख करते हुए कि बाबासाहेब का विचार था कि ज्ञान और शिक्षा सामाजिक और आर्थिक विकास के साधन हैं।

सीयूईटी-यूजी परिणाम घोषित

22 हजार उम्मीदवारों ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी-यूजी) के नतीजे घोषित कर दिए। इसमें 22,000 से अधिक उम्मीदवारों ने शत प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। सबसे ज्यादा टॉप स्कोरर अंग्रेजी में हैं, उसके बाद बायोलॉजी और इकोनॉमिक्स में हैं। सीयूईटी (यूजी)-2023 का रिकॉर्ड परिणाम घोषित होने की तारीख से 90 दिनों तक सुरक्षित रखा जाएगा। परीक्षा के लिए कुल 14,99,796 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 3,83,778 अनुपस्थित रहे। परीक्षा

के लिए कुल 11,16,011 उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। सीयूईटी (यूजी)-2023 परीक्षा असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, पंजाबी, उड़िया, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की गई थी। परीक्षा में सबसे अधिक 5,685 उम्मीदवारों ने अंग्रेजी में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं जबकि हिंदी में 102 छात्रों ने शत प्रतिशत अंक हासिल किए।

भारत, यूएई ने अपनी मुद्राओं में व्यापार के लिए किया समझौता

एजेंसी। अबू धाबी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बातचीत की, जिन्होंने फ्रांस से उनके आगमन पर हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। पीएमओ ने एक ट्वीट में कहा : प्रधानमंत्री मोदी ने शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ एक शानदार बैठक की। चर्चा व्यापार, अर्थव्यवस्था, संस्कृति के साथ-साथ लोगों सहित कई क्षेत्रों में भारत-यूएई संबंधों को बढ़ाने पर केंद्रित थी। बैठक के दौरान मोदी और यूएई के राष्ट्रपति ने घोषणा की कि उनके देश अपनी मुद्राओं में व्यापार समझौता शुरू करने पर सहमत हुए हैं। पीएम मोदी ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एमओयू पर टिप्पणी के जवाब में एक ट्वीट में कहा, यह भारत-यूएई सहयोग का एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है। यह दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करता है और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय बातचीत को सरल बनाएगा।

आरबीआई और यूएई के सेंट्रल बैंक ने शनिवार को सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने और उनके भुगतान और मैसेजिंग सिस्टम को इंटरलिंक करने के लिए सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने के लिए दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और यूएई के सेंट्रल बैंक के गवर्नर खालिद मोहम्मद बलामा ने हस्ताक्षर किए। पीएम मोदी और शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की मौजूदगी में दोनों राज्यपालों के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। दो एमओयू का विवरण साझा करते हुए आरबीआई ने एक बयान में कहा कि भारत और यूएई के बीच लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने पर एमओयू का उद्देश्य उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली (एलसीएसएस) स्थापित करना है। भारतीय रुपये और एईडी का द्विपक्षीय रूप से। इसमें कहा गया है कि एमओयू सभी चालू खाता लेनदेन और अनुमत पूंजी खाता लेनदेन को कवर करता है। इसमें आगे कहा गया है कि एलसीएसएस के निर्माण से निर्यातकों और आयातकों को अपनी संबंधित घरेलू मुद्राओं में चालान और भुगतान करने में सक्षम बनाया जाएगा, जो बदले में एक आईएनआर-एईडी विदेशी मुद्रा बाजार के विकास को सक्षम करेगा। इसमें कहा गया है, यह व्यवस्था दोनों देशों के बीच निवेश और प्रेषण को भी बढ़ावा देगी। स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और लेनदेन के निपटान का समय अनुकूलित होगा जिसमें संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले भारतीयों के प्रेषण भी शामिल हैं।

खड़गे ने पूर्वोत्तर के कांग्रेस नेताओं के साथ की बैठक

लोस चुनाव की तैयारियों पर की चर्चा

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को पूर्वोत्तर के राज्यों के पार्टी नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा के साथ ही अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस बैठक में शामिल नेताओं ने मणिपुर की हिंसा को लेकर चिंता जताई। कांग्रेस मुख्यालय में हुई इस बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, सिक्किम, त्रिपुरा और नगालैंड के प्रभारी अजय कुमार, मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम

इबोबी सिंह के अलावा मेघालय, अरुणाल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा व सिक्किम के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तथा कुछ अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा, इस बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। मणिपुर के बिगड़े हालात सभी नेताओं के लिए चिंता का सबब थे।

केंद्र ने हाईकोर्ट के तीन जजों के स्थानांतरण को किया अधिसूचित

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा सिफारिश दोहराने के बाद केंद्र ने उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों के स्थानांतरण की अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने सीजेआई से परामर्श के बाद न्यायमूर्ति गौरांग कंठ को कलकत्ता उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह को केरल उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति मनोज बजाज को इलाहाबाद उच्च न्यायालय



में स्थानांतरित कर दिया है। इससे पहले बुधवार को, कॉलेजियम ने इन न्यायाधीशों से उनके प्रस्तावित स्थानांतरण के खिलाफ प्राप्त अभ्यावेदन पर कार्रवाई किए बिना अपनी सिफारिश दोहराई थी। 5 जुलाई को, कॉलेजियम ने न्याय के बेहतर प्रशासन के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश गौरांग कंठ को कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की सिफारिश की थी। हालांकि, न्यायमूर्ति कंठ ने मध्य प्रदेश या राजस्थान या किसी अन्य पड़ोसी राज्य के उच्च न्यायालय में अपना स्थानांतरण करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति कंठ के स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम की दलील का दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने भी यह कहते हुए विरोध किया कि उनके स्थानांतरण से दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या में कमी के कारण न्याय वितरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

उपलब्धि भारत ने राफेल विमान के नौसैन्य संस्करण का किया चयन

26 राफेल विमानों की खरीद को दी मंजूरी

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत सरकार ने नौसेना को उन्नत पीढ़ी के लड़ाकू विमानों से लैस करने के लिए राफेल विमानों के नौसैन्य संस्करण का चयन कर लिया है। राफेल की निमार्ता कंपनी और फ्रांस में विमान निर्माण क्षेत्र की अग्रणी दसॉल्ट एविएशन ने शनिवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को फ्रांस से 26 राफेल (नौसैनिक) विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुक्रवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ वार्ता के बाद जारी एक दस्तावेज में राफेल विमानों की खरीद का कोई जिक्र नहीं है। दसॉल्ट एविएशन ने एक बयान में कहा, भारत सरकार ने भारतीय नौसेना को नयी पीढ़ी के लड़ाकू विमान से लैस करने के लिए नेवी राफेल के चयन की घोषणा की है। कंपनी ने कहा, भारत में सफल परीक्षण के बाद यह फैसला लिया गया है, जिस दौरान

नेवी राफेल ने दशार्या कि वह भारतीय नौसेना की संचालनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करता है और विमानवाहक पोत की विशिष्टताओं के बिल्कुल अनुकूल है।

दसॉल्ट एविएशन ने कहा, भारतीय नौसेना के 26 राफेल पहले से ही सेवा में मौजूद 36 राफेल के बेड़े में शामिल हो जाएंगे। इस संस्करण के शामिल होने के साथ ही भारत हवा और समुद्र में अपनी श्रेष्ठता बढ़ाने तथा अपनी संप्रभुत्ता सुनिश्चत करने में मदद के लिए विमान के दोनों संस्करणों का संचालन कर फ्रांस की तरह के सैन्य विकल्प को अपनाने वाला पहला देश बन जाएगा। भारत स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए राफेल विमान खरीद रहा है।

दसॉल्ट एविएशन ने कहा कि राफेल का चयन इस विमान की श्रेष्ठता और दसॉल्ट एविएशन तथा भारतीय सेनाओं के बीच जुड़ाव की असाधारण गुणवत्ता तथा भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक संबंधों की महत्ता की पुष्टि करता है। दसॉल्ट एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा, भारतीय बलों के साथ हमारी साझेदारी की 70वीं वर्षगांठ का जश्न मनाने के साथ, मैं दसॉल्ट एविएशन की ओर से इस नये विश्वास और संकल्प के लिए भारतीय प्राधिकारियों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। हम राफेल के संबंध में भारतीय नौसेना की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

FILMY हलचल

बिग बॉस ओटीटी हाउस में 'बेकाबू' हुई पूजा भट्ट

बिग बॉस ओटीटी 2 में हर दिन एक नया ड्रामा देखने को मिल रहा है। अब इस घर में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने वाली पूजा भट्ट का धैर्य टूट गया है। हाल ही में रिलीज हुए प्रोमो में साफ नजर आ रहा है कि पूजा भट्ट जिया शंकर से नाराज हैं। वह जिया शंकर को उसकी औकात याद दिलाती हैं। इतना ही नहीं पूजा भट्ट ने जिया शंकर को 'धीमा जहर' भी कहा था। जया ने भी पूजा भट्ट को करारा जवाब दिया। इससे पूजा भट्ट और जिया शंकर के बीच अच्छी तू-तू, मैं-मैं शुरू हो गई। "बिग बॉस ओटीटी 2" के घर में हाल ही में एक स्पॉन्सर टास्क खेला गया। इस टास्क में पूजा भट्ट रो रही नाज को बोर्ड समझा रही थीं। उन्होंने पैनल से कहा, "जिया की दोस्ती हर हफ्ते बदलती रहती है। पहले वह दोस्ती करती है, फिर नॉमिनेट करती है और अंत में लड़ती है और मासूम चेहरा रखती है।"

पंकज त्रिपाठी अभिनीत मैं अटल हूं' की शूटिंग पूरी

जब से पंकज त्रिपाठी अभिनीत "मैं अटल हूं" का फर्स्ट लुक जारी हुआ है, तब से दर्शक अभिनेता द्वारा भारत के लोकप्रिय प्रधान मंत्री, अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन को पर्दे पर उतारने और रवि जाधव द्वारा निर्देशित और ऋषि विरमानी एवं रवि जाधव द्वारा लिखित उनके जीवन पर सिनेमाई उत्कृष्ट कृति का अनुभव करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शूटिंग शेड्यूल के दौरान फिल्म के निमार्ताओं ने उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और फिल्म पर विस्तार से चर्चा की। आज फिल्म ने मुंबई में अपना आखिरी शेड्यूल खत्म किया।

बीआईटी मेसरा के 68वें स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित

सभी क्षेत्रों में हैं चुनौतियां : राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि तेजी से विकसित हो रही दुनिया में पिछले दशकों के सिद्ध मॉडल निरर्थक होते जा रहे हैं। सभी क्षेत्रों में चुनौतियां हैं, जिनका आधुनिक समाधान जरूरी है। मुझे विश्वास है कि इस संस्थान के छात्र इन चुनौतियों से निपटने और विशिष्टता के साथ देश और पेशे की सेवा करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। राज्यपाल शनिवार को बीआईटी मेसरा के 68वें स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीआईटी मेसरा उच्च शिक्षा का एक संस्थान बनाने की दृष्टि से शुरू हुआ था जो न केवल ज्ञान प्रदान करेगा, बल्कि नवाचार और समग्र विकास को भी बढ़ावा देगा। यह दृष्टिकोण कार्य में परिवर्तित हो गया और संस्थान को भारत के विश्वविद्यालयों में बेहतरीन तकनीकी संस्थानों में से एक बना दिया। उन्होंने कहा कि अतीत के गौरवशाली इतिहास को आगे बढ़ाते हुए भविष्य की आकांक्षाओं में बाधा नहीं बननी चाहिए। राज्यपाल ने उम्मीद जतायी कि बीआईटी मेसरा झारखंड राज्य और देश के लोगों की भलाई के साथ आर्थिक समृद्धि के लिए इंटेलिजेंस, अंतरिक्ष इंजीनियरिंग, सैटेलाइट संचार, बिजली उत्पादन और वितरण, जल संसाधन प्रबंधन और कई अन्य क्षेत्रों में योगदान देगा। दुनिया आने वाले वर्षों में पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए उत्सुकता से तकनीकी समाधान तलाश रही है। ऐसे में भारत के युवा इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को चाहिए कि इस कार्य में सफलता हासिल करने में मदद करें। उन्होंने कहा कि हमने 21वीं सदी की सबसे विनाशकारी महामारी यानी कोविड-19 पर काबू पा लिया है और अपनी भविष्य की यात्रा की ओर आगे बढ़ गए हैं। हमने महामारी के दौरान तकनीकी नवाचार भी देखा। आर्थिक गतिविधियां अब पटरी पर हैं। विकास दर बढ़ रही है। रोजगार के अधिक अवसर पैदा हो रहे हैं। स्टार्ट-अप को सरकार समर्थन दे रही है। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के पूर्ण कार्यान्वयन से एक आदर्श बदलाव आएगा। राज्यपाल ने कहा कि मैं यहां सिर्फ भारतीय शिक्षण संस्थानों जैसे कि नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला और भी कई संस्थानों के बारे में याद दिलाना चाहता हूं। बाणभट्ट की कादंबरी, लगभग 1400 साल पहले के नालंदा के शुरूआती चरण के समकालीन, एक सच्चे शिक्षित व्यक्ति का वर्णन करती है। इसने कई कलाओं या कलाओं में महारत हासिल की है।

के बीच मारपीट के मामले में जांच कमेटी गठित

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विगत शुक्रवार को हुई छात्रों के बीच मारपीट की घटना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर प्रॉक्टर की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी गठित की है। कुलपति ने शनिवार को एक आपात बैठक आयोजित कर कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर गठित कमेटी गहनता से यह जांच करेगी कि इस घटना में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की संलिप्तता है या बाहरी तत्वों की सहभागिता। उन्होंने कहा कि साक्ष्य में इस बात की अस्पष्टता है कि घटना विश्वविद्यालय परिसर में घटी या बाहर। कमेटी इन सारे तथ्यों का बारीकी से मूल्यांकन कर जल्द अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय को सौंपेगी। जांच में अगर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के शामिल होने की पुष्टि होगी। तो उन विद्यार्थियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षण गतिविधियों के अलावा किसी और असामाजिक गतिविधियों को प्रश्रय नहीं दिया जाएगा।

मांगों को लेकर भाकपा और बस सेवा के कर्मचारियों ने किया निगम का घेराव

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भाकपा और जवाहर लाल नेहरू बस सेवा के कर्मचारियों ने शनिवार को संयुक्त रूप से रांची नगर निगम का घेराव किया। घेराव करने से पूर्व सभी भाकपा नेता और बस कर्मचारी राज्य कार्यालय अल्बर्ट एक्का चौक में एकत्रित हुए। इसके बाद रैली के रूप में मेन रोड शहीद चौक होते हुए रांची नगर निगम पहुंचे। नेताओं और बस कर्मचारियों ने तीन घंटे तक नगर निगम के मुख्य गेट में तालाबंदी कर बंद रखा। इस दौरान नेताओं और कर्मचारियों ने नगर निगम प्रबंधन से मिलने की इच्छा जाहिर की लेकिन पहले से समय तय नहीं होने के कारण नगर निगम की ओर से 17 जुलाई को मिलने का समय दिया गया। इसके बाद घेराव कार्यक्रम स्थगित किया गया। निगम कर्मियों की मांगों की जानकारी देते हुए भाकपा नेता अजय सिंह ने बताया कि नगर निगम की ओर से 2010 से अभी तक कार्य कर रहे कर्मचारियों का वेरिफिकेशन नगर आयुक्त अपनी उपस्थिति में करायें। नियमावली की अनुसार शहर में बसों का संचालन हो, सभी बसों में भाड़ा निर्धारित किया जायें। रेट चार्ट लगायें और टिकट उपलब्ध कराया जायें। महिला बस पर महिला कर्मचारी सुनिश्चित कराया जायें। सभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान बैंक अकाउंट में किया जायें। इस मौके पर सिमरन मिंज,किरण कुमारी, राजेश यादव,विनय ओझा, जीत, धरमवीर सिंह, अजय चौधरी, निरंजन भारती सहित अन्य लोग मौजूद थे।

उपायुक्त ने कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा

पदाधिकारियों को दिये निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में संबंधित सभी अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना (चिकित्सा अनुदान), शहीद ग्राम विकास योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि जिन प्रखंडों में बिरसा आवास योजना का कार्य होना लंबित है, वैसे मामलों पर जोर देकर इसे पूरा कराना सुनिश्चित करें। विशेष रूप से बुंडू, खलारी, तमाड़ प्रखंड में जो आवास पूरा नहीं हुआ हैं, उसे तीन माह के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही लाभुकों का आइडेंटिफाई एवं एकरारनामा कार्य पूर्ण कराने को कहा गया। कार्य पूर्ण नहीं होने पर इसपर कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी से पूछा कि सरना, मसना, हड़गड़ी और जाहेरस्थान घेराबंदी योजना से संबंधित राशि मिल जाती हैं। किसी प्रकार की कोई समस्या तो नही हैं। इस योजना का पूरा होने पर ध्यान देने का निर्देश देते हुए रांची जिला के सभी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी को कार्य स्थल पर जाकर निरीक्षण और इस कार्य की मॉनिटरिंग पर ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि लंबित कार्य को छह माह में पूरा कराये। उपायुक्त ने कल्याण विभाग की ओर से संचालित मिलने वाली पोस्ट मैट्रिक/प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के बारे में संबंधित अधिकारी से जानकारी लेते हुए छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का भुगतान ससमय हो इसपर ध्यान देने का निर्देश दिया।

जन शिकायत एवं जन सूचना कोषांग का निरीक्षण

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को जन शिकायत एवं जन सूचना कोषांग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त द्वारा प्रभारी पदाधिकारी जन सूचना कोषांग डॉक्टर प्रभात शंकर एवं प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग श्रीमती ब्रजलता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जन शिकायत एवं जन सूचना कोषांग में कार्यरत कर्मियों से उनकी ओर से निष्पादित किए जाने वाले कार्यों तथा अभिलेख के रख-रखाव की जानकारी ली गयी। आगत-निर्गत पंजी का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने प्राप्त शिकायतों/आवेदनों को लेकर संबंधित विभाग से ससमय पत्राचार करने के निदेश दिये। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि शिकायत निवारण की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। जन सूचना के कोषांग के कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए भी उपायुक्त ने सूचना के अधिकार के तहत मांगी गयी जानकारी ससमय आवेदक को उपलब्ध कराने के निदेश दिये।

नामांकन नहीं होने पर बिरसा कॉलेज में तालाबंदी करेगा विद्यार्थी परिषद

रांची। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने शनिवार को बिरसा महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि विश्वविद्यालय एवं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के आदेश के बाद भी इंटरमीडिएट में सोमवार से नामांकन नहीं किया गया, तो परिषद बिरसा कॉलेज में तालाबंदी करेगी। जिला संयोजक कमलेश महतो ने कहा की विद्यार्थी नामांकन के लिए रोज कॉलेज का चक्कर काट रहे हैं। इस मौके पर नगर मंत्री राहुल कुमार, अनामिका कुमारी, प्रकाश टूटी, विशाल कुमार, सहिंदर महतो, चंदन कुमार सहति अन्य उपस्थित थे।

बिरसा कॉलेज खूंटी की गुंजन कुमारी गांधी फैलोशिप के लिए चयनित

खूंटी। बिरसा कॉलेज प्लेसमेंट सेल की ओर से शनिवार को आयोजित कैम्पस ड्राइव के तहत गुंजन कुमारी का चयन गांधी फैलोशिप के लिए हुआ है। इनका कार्यक्षेत्र राजस्थान दिया गया है। गुंजन कुमारी बिरसा कॉलेज में एमए अर्थशास्त्र की छात्रा है। गुंजन कुमारी को वार्षिक मानदेय तीन से चार लाख रुपये के अलावा रहने, खाने और आवागमन का प्रबंध कंपनी की ओर से किया जाएगा।

बर्थडे पार्टी में अपने दोस्त के साथ चार लड़कों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

सड़क पर छोड़ हुए फरार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राजधानी रांची के सदर इलाके में रहने वाली एक स्कूली छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। नबालिग का आरोप है कि शुक्रवार देर रात जब वह एक जन्मदिन की पार्टी से लौट रही थी, तभी पार्टी में शामिल चार लड़के सुनसान जगह देख कर उसे सड़क के किनारे ले गए और फिर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। बर्थडे पार्टी के बाद दुष्कर्म रांची में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। रांची के कोकर थाना इलाके की रहने वाली एक नाबालिग छात्रा के साथ चार लड़कों ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया है। छात्रा के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले चारों लड़कों में से दो नाबालिग हैं। चारों छात्रा के मोहल्ले के ही रहने वाले हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

1	विभाग का नाम	:– भवन निर्माण विभाग।
2	विज्ञापन दाता का नाम	:– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3	परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय	:– 24/07/2023 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4	मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	:– 25/07/2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5	मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय	:– 25/07/2023 को 03:00 बजे अपराह्न से।
6	परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान	:– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के कार्यालय परिसर में।
7	निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान	:– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8	कार्य का विवरणः–	

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Concertina Coil Fencing Over Old Boundary Wall in 06 Court at Nagar Untari, Garhwa.	₹ 4,69,750/-	₹ 10,000/-	₹ 750/-	07 दिन
2	Construction of Boundary Wall in Court Hazat Building 06 Court at Nagar Untari, Garhwa.	₹ 14,83,100/-	₹ 30,000/-	₹ 2500/-	01 माह

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता ळें
नोटः–Updated Character PAN, GST Return File Latest, पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 302453Building(23-24)#D

कार्यालय
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

अल्पकालीन "ईच्छा की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 12 रा0(वि0) दिनांक 06.07.2023 द्वारा प्राप्त चालू वित्तीय वर्ष 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत 2021–22 तक के पुराने केजों एवं विभागीय अनुदान से अधिष्ठापित RAS/Biofloc ponds/ Biofloc Tanks/में पंगेशियस/GIFT तिलापिया/अन्य उपयुक्त बीजों का संचयन हेतु निदेशित है । उक्त कार्य हेतु मत्स्य अंगुलिकाओं के कय एवं आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्त्ता/बीज उत्पादकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन **"ईच्छा की अभिव्यक्ति"** आंमत्रित की जाती है :–

1. पंगेशियस/ GIFT तिलापिया/ अन्य उपयुक्त बीजों का प्रकार एवं दर परिवहन सहित अंगुलिकाओं की संख्या तथा उपलब्धता स्पश्ट अंकित होना चाहिए ।
2. पंगेशियस/ GIFT तिलापिया मत्स्य/ अन्य उपयुक्त बीजों का विभाग द्वारा निर्धारित दर रू0 1.50 (एक रूपया पचास पैसा) प्रति अदद (पीस) है।
3. आवेदन के साथ आपूर्ति किये जाने वाले मत्स्य बीजों का फोटोग्राफ, विडियोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
4. आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. समान मूल्य पर स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों को प्राथमिकता दी जाएगी ।
6. कार्यादेश में अंकित तिथि, स्थान एवं समय के अनुरूप ही आपूर्ति करना होगा, ऐसा नहीं करने पर अग्रतर निर्णय लेने हेतु अधोहस्ताक्षरी के पास अधिकार सुरक्षित रहेगा ।
7. आपूर्तिकर्त्ता/बीज उत्पादक को लोहरदगा जिलांतर्गत जलाशयों /योजना स्थल तक परिवहन कर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यकर अवस्था में मत्स्य बीजों की गणना कर समिति की उपस्थिति में निर्धारित तिथि को संचयन करना होगा तत्पश्चात् आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा प्रमाणक प्रस्तुत करने पर ही भुगतान का दावा मान्य होगा ।

सुयोग्य एवं इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता–सह–बीज उत्पादक जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में दिनांक **31.07.2023** तक **"ईच्छा की अभिव्यक्ति"** का आवेदन जमा कर सकते हैं ।

ह/0
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 302412 (Lohardaga) 23-24 (D)

पृष्ठ एक के शेष

शिक्षा की बेहतरी के लिए...
निरंतर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि आज एक छात्र होने के नाते भी मैं यहां पर हूं और यह कह सकता हूं कि आज एक गार्जियन के रूप में भी आप सभी के बीच में मौजूद हूं। दोनों जिम्मेवारी मुझे निभाने का मौका मिला है। मैं आज इस मंच से कहता हूं कि बीआईटी मेसरा से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उसका समाधान अवश्य होगा। इसके लिए राज्य सरकार सिंगल विंडो बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा की बेहतरी के लिए हमारी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है । हमने राज्य भर में 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए हैं। यहां आईआईएम से प्रशिक्षित शिक्षकों को बहाल किया जा रहा है ताकि हम यहां के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां आदिवासी, दलित, और अल्पसंख्यकों के वैसे छात्र-छात्राएं जो उच्च शिक्षा के लिए विदेशों में पढ़ाई करना चाहते हैं उनका सारा खर्च सरकार वहन कर रही है ।
मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक गरीब और पिछड़ा राज्य है। ईश्वर ने इस राज्य में प्राकृतिक संसाधनों का भंडार दिया है। रेलवे को सबसे अधिक रेवेन्यू अगर कहीं से आता है तो वह हमारा झारखंड ही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां यूरेनियम कॉरपोरेशन जैसी कंपनियां काम कर रही हैं। कोयला और लोहा यहां की जमीन में भरी पड़ी है। यहां खनिज संपदा के साथ खूबसूरत वादियां भी हैं जहां पर्यटन के विकास की पर्याप्त संभावनाएं हैं।
मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी मैं कुछ दिनों पहले ही गढ़वा जिले के बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में गया था। बूढ़ा पहाड़ में जाने का कोई रास्ता नहीं घनघोर जंगल और नक्सलियों का केंद्र के रूप में देखा जाता था। हमारे कई जवानों ने वहां अपनी शहादत भी दी है। इन सभी के बीच हमारी सरकार ने संकल्प लिया कि हमें वहां के ग्रामीणों तक पहुंचना है । इन सभी पर कार्य योजना बनाते हुए राज्य सरकार बूढ़ा पहाड़ तक पहुंची। जब मैं वहां पहुंचा तो सीआरपीएफ के एक कमांडेंट मिले उन्होंने कहा कि मैं उत्तराखंड से आता हूं और मुझे ऐसा लग रहा है कि उत्तराखंड से भी खूबसूरत वादियां झारखंड में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन खूबसूरत वादियों पर अगर अच्छी नियत और सोच के साथ काम किए जाएं तो यहां की वादियां एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआईटी मेसरा एक खूबसूरत संस्थान है। इस संस्थान में समय के साथ कई चीजें बदली हैं और आगे भी कई बदलाव होंगे । इस कैंपस से मुझे काफी लगाव रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में यह आवश्यक है कि पर्यावरण संतुलन पर ध्यान रखा जाए। अगर वर्तमान समय में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हुए विकास के नए आयाम को छूने की कोशिश होगी तब एक दिन ऐसा भी आएगा जब इसका भयावह परिणाम यहां के जनमानस को भुगतना पड़ेगा। चुके हैं। पर्यावरण के साथ सामंजस्य बैठाकर विकास कार्य करने होंगे तब ही चीजें संतुलित हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों नीति आयोग की टीम के साथ हमारी बैठक हुई थी हमने उनसे यह पूछा कि केंद्र सरकार की उपकरण सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल सहित कई कंपनियां राज्य में माइनिंग कार्य कर रही है। जब माइनिंग खत्म हो जाएगा तब उस क्षेत्र के विकास के लिए आपके पास कोई रोड मैप अथवा ब्लू प्रिंट तैयार है या नहीं? क्योंकि खनिज संपदा अनलिमिटेड तो नहीं हो सकती हैं। मुझे लगता है कि जब माइनिंग के स्त्रोत समाप्त होंगे तब परिस्थितियां कितनी भयावह होंगी इसका आकलन अभी से ही करना जरूरी है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर हमारी सरकार कृत संकल्प है। हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि शहरों में रहने वाले लोग अपने आवासीय परिसर पर फलदार वृक्ष लगाएंगे तो उन्हें पांच यूनिट बिजली मुफ्त दिया जाएगा।
इस अवसर पर बीआईटी के वाइस चांसलर डॉ. इंद्रनील मन्ना सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पलामू में मंडराने लगे...
अरहर 13प्रतिशत, उरद 3 प्रतिशत एवं कुलथी तथा अन्य दलहनी फसलों का अच्छादन लक्ष्य का महज 10प्रतिशत तक ही सिमटा हुआ है। तेलहनी फसलों की बुआई भी अब तक लक्ष्य के 5से 6प्रतिशत तक हो सकी है। मोटे अनाज मसलन ज्वार, बाजरा एवं मडुआ आदि फसलों की बुआई नहीं के बराबर यानि एक प्रतिशत ही हो सकी है।जिले में सर्वाधिक 51हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगाने का लक्ष्य है, लेकिन पानी के आभाव में रोपनी शुरू होना तो दूर धान के बिचड़े लक्ष्य के 20से 30प्रतिशत तक ही बोये जा सके हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि खरीफ खेती का पीक आवर निकल रहा है पर जिले में अब तक एक लाख 35हजार 917 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध महज दस हजार 500हेक्टेयर में फसल लगी है।

मिलकर फतह करेंगे...
जताई कि जिस प्रकार सभी का सहयोग पार्टी को मिलता रहा है, हमें भी सभी का सहयोग मिलता रहेगा। दीपक प्रकाश जी के माध्यम से ही हमें अध्यक्ष बनने की सूचना मिली। मरांडी ने कहा है चुनाव में असली लड़ाई बूथों पर होती है होती हैं इसलिए जहां बूथों का गठन अधूरा है उसे संगठन महामंत्री द्वारा दिए गए समय सीमा के अंदर पूरा करना है। बूथ हम जीते तो लोकसभा और विधानसभा भी हम जीतेंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, विधायक, सांसद आदि द्वारा कार्यकताओं के साथ टिफिन बैठक संपन्न करने की बात दुहराई। मरांडी ने कहा कि यह देवों के देव महादेव जी के सावन का पवित्र महीना है। यह खेती बारी का भी मौसम है। दुनियां में जितना भी कल्चर है उसके मूल में एग्रीकल्चर होता है। 04 जुलाई को जिस दिन मेरे अध्यक्ष बनने की घोषणा हुई वह सावन माह का पहला दिन था। यह हमारे लिए बहुत सौभाग्य है। मरांडी ने कहा कि देश में लुटेरों का गठबंधन हो रहा है। हम सबों के सामने चुनौती है। कार्यकर्ताओं को तैयार रहना होगा। गठबंधन करने वाले लोग भारत ही नहीं दुनिया में घूम घूम कर कहते हैं कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है। सही मायनों में गठबंधन करने वाले लोग लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। बंगाल में विषम परिस्थितियों में बीजेपी ने पंचायत चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की, सभी कार्यकर्ता का आभार है। साथ ही उन्होंने पंचायत चुनाव में मृत कार्यकताओं के प्रति संवेदना भी प्रकट की। बंगाल में जब भी कोई चुनाव हुआ तभी हिंसा हुई परंतु मिल बैठकर इन दलों ने कभी इस घटना की भ्रत्सना तक नहीं की। बिहार की घटना को ही देखिए, जिस प्रकार लाठीचार्ज हुआ, भाजपा के एक जिला महामंत्री की हत्या हुई वह किसी से छुपा नहीं है। झारखंड की सरकार भी इससे भिन्न नहीं है। हम सबों को संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। झारखंड में पिछले कुछ दिनों की घटना देखिए। चाहे गढ़वा की हो, धनबाद की हो या टुंडी की घटना हो, झारखंड में कार्यकताओं की हत्या और हमले की लंबी फेहरिस्त है। मरांडी ने कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि अब चुप रहने का वक्त नहीं है। अब यह नहीं सोचना है कि प्रदेश से आदेश मिलेगा तभी कुछ करेंगे।

मुफलिसी में जिये व गुमनामी में...
छह-सात सौ रुपए मिलते थे। पिछले कुछ सालों से उनकी तबीयत बेहद खराब थी, लेकिन उसके पास इलाज तक को पैसे नहीं थे। वर्ष 2018 में राज्य के तत्कालीन खेल मंत्री अमर बाऊरी ने उनकी कुछ मदद जरूर की थी, लेकिन इसके बाद कोई उनका पुरसाहाल नहीं रहा। फुटबॉल के प्रति जुनून के चलते उन्हें घर-परिवार की भी खास सुध नहीं रही। शादी उन्होंने बहुत देर से की। परिवार के नाम पर पत्नी और एक नाबालिग बेटा है। मुश्किल ये है कि उनके सामने जीवन-यापन का कोई जरिया नहीं है। शुक्रवार को प्रभाकर मिश्र का अंतिम संस्कार उनके दोस्तों ओमप्रकाश ठाकुर, आशीष बोस, इम्तियाज आलम, मोहम्मद फरीद आसिफ आदि ने मिलकर धुर्वा के स्थानीय श्मशान घाट पर किया। राज्य सरकार के खेल विभाग ने भी उनकी खबर न तो जीते-जी ली, न ही उनकी मौत पर किसी राजनेता का कोई शोक संदेश आया।

कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

ई–निविदा, अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 11/2023–24 दिनांक 13.07.2023

क्र0 सं0	योजना का नाम	प्रखण्ड का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	ग्राम बडा टोली टिको पण्डाटोली अर्जुन मुण्डा एवं बरजु मुण्डा के घर के बीच पाईप लाईन जलापूर्ति योजना	कुडू	1126300.00	2500.00	22526.00	03 (तीन) माह
2	ग्राम पाली अखडा से ऑगनबाडी केन्द्र तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण	सेन्हा	844800.00	1250.00	16896.00	03 (तीन) माह
3	हनहट गोबिन्द महतो के घर के पास डीप बोरिंग निर्माण (पाईप लाईन जलापूर्ति योजना) कार्य	कैरो	1181300.00	2500.00	23626.00	03 (तीन) माह
4	ग्राम तोडांग फुलदेव उरॉव के घर के पास चापाकल में सोलर पाईप लाईन जलापूर्ति कार्य	कैरो	1181300.00	2500.00	23626.00	03 (तीन) माह
5	ग्राम बमनडीहा शनी बाखला के घर से ऑगनबाडी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण	लोहरदगा	2272500.00	5000.00	45450.00	03 (तीन) माह
6	किस्को मार्केट कॉम्पलेक्स में शौचालय आदि का मरम्मति कार्य	किस्को	398500.00	750.00	7970.00	03 (तीन) माह

2	वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	:–	18.07.2023
3	बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय	:–	24.07.2023/05:00 बजे अपराह्न तक
4	अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय	:–	25.07.2023/03:00 बजे अपराह्न तक
5	निविदा खोलने की तिथि व समय	:–	26.07.2023/02:00 बजे अपराह्न में
6	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता	:–	जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7	निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता	:–	जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा

PR 302411Lohardaga(23-24)#D

भारतीय महिला हॉकी टीम का चीन के खिलाफ मैच आज

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी दौरे के पहले मैच में रविवार को चीन से भिड़ेगी। भारतीय टीम इस दौरे पर 16 जुलाई से 19 जुलाई तक तीन मैच खेलेगी। शीर्ष गोलकीपर सविता और उप-कप्तान दीप ग्रेस एक्का के नेतृत्व वाली टीम 16 जुलाई को लिम्बर्ग में विश्व नंबर 11 चीन के खिलाफ एक मैच खेलेगी, इसके बाद मेजबान जर्मनी के खिलाफ क्रमशः वेसबाडेन और रसेलहेम में 18 जुलाई और 19 जुलाई को दो बैक-टू-बैक मैच खेलेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम का लक्ष्य इस दौरे का उपयोग हांग्जो एशियाई खेल 2023 की तैयारी के लिए करना है। चीन के खिलाफ मैच को लेकर, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा, "यह मैच हमारे लिए प्रतिष्ठित हांग्जो एशियाई खेलों 2023 से पहले एक एशियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खुद को परखने का एक अच्छा मौका है। हमारे पास एक लंबा राष्ट्रीय कोचिंग शिविर है। बेंगलुरु में साई केंद्र और हमने उन क्षेत्रों पर चर्चा की है जहां हमें ध्यान केंद्रित करना है और सुधार करना है। हम आगामी खेलों के लिए तैयार हैं।"

पिछली बार भारत का सामना चीन से एफआईएच महिला विश्व कप स्पेन और नीदरलैंड्स 2022 में हुआ था और मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ था। 2013 महिला एशिया कप के बाद से दोनों टीमों का 17 बार आमना-सामना हुआ है, जिसमें भारत 10 मौकों पर विजयी रहा है, जबकि चीन ने पांच मैच जीते हैं, और दो मैच टाई पर समाप्त हुए हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम की उप-कप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा, "हम अपने विरोधियों को अच्छी तरह से जानते हैं, और हमने हाल के दिनों में कई बार चीन के खिलाफ मुकाबला किया है। हम जानते हैं कि वे क्या करने में सक्षम हैं, लेकिन साथ ही, यह हमें उनके अनुसार खुद को तैयार करने के लिए अनुमति भी देता है। हमें मैच से अच्छा परिणाम मिलने का भरोसा है।" भारतीय महिला हॉकी टीम ने आखिरी बार पिछले साल 13 मार्च को 2021-22 एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग में विश्व नंबर 4 जर्मनी के खिलाफ मुकाबला किया था। मैच शूट-आउट में भारत की 3-0 (1-1) की जीत के साथ समाप्त हुआ था। 2013 के बाद से, दोनों टीमें पांच बार एक-दूसरे के खिलाफ आमने-सामने हुई हैं, जिसमें भारत ने दो और जर्मनी ने तीन बार जीत दर्ज की है। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा कि टीम जर्मनी दौरे पर अपनी योजनाओं पर कायम रहेगी और अपनी ताकत के अनुसार खेलेगी। उन्होंने कहा,"दौरे से पहले हमने एक लंबा शिविर लगाया था और हमने अपनी ताकत को पहचाना है। चीन और जर्मनी दोनों के पास मजबूत और अच्छी तरह से संतुलित टीमें हैं।

विनेश फोगाट ने रैंकिंग सीरीज इवेंट से अपना नाम वापस लिया

एजेंसी। नई दिल्ली

दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट ने कथित तौर पर बुखार और फूड पॉइजनिंग का हवाला देते हुए शुक्रवार देर रात बुडापेस्ट में रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को होने वाले 55 किग्रा भार वर्ग के अपने मुकाबलों के साथ, विनेश ने बुखार और फूड पॉइजनिंग का हवाला देते हुए शुक्रवार देर रात रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इस फैसले से आयोजकों के साथ-साथ भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को भी अवगत करा दिया गया है। इस सप्ताह की शुरूआत में, राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने विनेश को पता-ठिकाने की आवश्यकताओं का पालन करने में विफलता के लिए नोटिस जारी किया था। 27 जून को, एक डोपिंग नियंत्रण अधिकारी (डीसीओ) ने प्रताप कॉलोनी, सोनीपत में पते का दौरा किया, लेकिन विनेश उस स्थान पर मौजूद नहीं थी और फोन के माध्यम से भी उससे संपर्क नहीं किया जा सका। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि डीसीओ ने उस तक पहुंचने की कोशिश में 40 मिनट से अधिक समय बिताया और उसके पति सोमवीर राठी को भी फोन किया, लेकिन उनकी ओर से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। नाडा के परियोजना अधिकारी अंकुश गुप्ता ने विनेश से एडीआर की ठिकाना आवश्यकताओं का अनुपालन न करने के संबंध में जवाब मांगा है। इस नोटिस का जवाब देने के लिए विनेश के पास 14 दिन का समय है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, हालांकि, विनेश को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि 12 महीनों में यह पहली बार है कि उसके ठिकाने का पता नहीं चल पाया है। नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल में एक एथलीट को त्रैमासिक आधार पर ठिकाने की जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होती है जिसमें शामिल हैं: घर का पता, ईमेल पता और फोन नंबर, रात भर रहने के लिए एक पता, प्रतियोगिता कार्यक्रम और स्थान और प्रत्येक दिन के लिए 60 मिनट का समय स्लॉट।

भारत ने वेस्टइंडीज को पारी से रौंदा

रविचंद्रन अश्विन ने झटके 12 विकेट

एजेंसी। रोसेउ (डोमिनिका)

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (71 रन पर सात विकेट) के मैच में कुल 12 विकेट और युवा स्टार यशस्वी जयसवाल के 171 रनों की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट में पारी और 141 रनों से रौंद दिया, जिससे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने शुक्रवार को यहां बड़ी जीत के साथ सही नोट पर नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरूआत की।

पहले टेस्ट में उत्कृष्ट समग्र प्रदर्शन ने भारत को नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में महत्वपूर्ण अंक दिलाए हैं। यशस्वी जायसवाल को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। अश्विन ने दूसरी पारी में 71 रन पर सात विकेट लिए और मैच में दस विकेट पूरे किये। विंडीज की दूसरी पारी 130 रन पर सिमट गयी। कप्तान रोहित शर्मा ने अश्विन और रवींद्र जडेजा की स्पिन गेंदबाजी क्षमताओं पर भरोसा दिखाया और उन्हें स्पिनरों को भरपूर मदद देने वाली पिच पर भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व सौंपा। दोनों स्पिनर उम्मीदों पर खरे उतरे और मैच में वेस्टइंडीज के 20 में से 17 विकेट चटकाए।

पहली पारी में, 21 वर्षीय जयसवाल ने कप्तान शर्मा के साथ 229 रनों की मजबूत साझेदारी की, जिसमें दोनों बल्लेबाजों ने शतक बनाए। जयसवाल ने 171 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि अनुभवी विराट कोहली ने 76 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अश्विन ने दुनिया को दिखाया कि वह नंबर 1 रैंक वाले टेस्ट गेंदबाज क्यों हैं, उन्होंने 34वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा करके अपनी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया - जो कि टेस्ट इतिहास में किसी भी गेंदबाज द्वारा पांचवें सबसे अधिक पारी में पांच विकेट के बराबर है।

जैसे-जैसे पोर्ट ऑफ स्पेन में दूसरा टेस्ट नजदीक आ रहा है, भारत अपनी लय बरकरार रखने के लिए उत्सुक होगा, जबकि मेजबान टीम सीरीज बराबर करने के लिए बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य रखेगी। इससे पहले, चाय तक, जडेजा और अश्विन ने मिलकर वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया, क्योंकि मेजबान टीम का स्कोर 27/2 हो गया और वह भारत से 244 रनों से पीछे हो गई।

यह एक ऐसा सत्र था जहां रन कछुआ गति से आए - केवल 48 रन बने जबकि तीन विकेट गिरे, भारत 421/5 पर पारी घोषित करने के बाद मैच जीतने के लिए शीर्ष स्थिति में था, भारत ने इस प्रकार 271 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर ली। घोषणा के बाद, चार ओवर तेज गेंदबाजों से कराये और फिर अश्विन और जडेजा का रुख किया।

आर्सेनल ने अजाक्स से डच अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर टिम्बर को साइन किया

एजेंसी। लंदन

आर्सेनल और अजाक्स 22 वर्षीय डच अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर ज्यूरियन टिम्बर के लंदन स्थानांतरण पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं, दोनों क्लबों ने यह घोषणा की है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पक्ष 40 मिलियन यूरो हस्तांतरण शुल्क (45 मिलियन अमेरिकी डॉलर) पर एक समझौते पर पहुंचे, जिसे विभिन्न तरीकों से 45 मिलियन यूरो तक बढ़ाया जा सकता है। लगभग 82 मिलियन अमेरिकी डॉलर में चेल्सी से फॉरवर्ड काई हैवर्ट को पकड़ने के बाद टिम्बर ने आर्सेनल के साथ क्लोज-सीजन में दूसरा हस्ताक्षरकर्ता बनने के लिए पांच साल के समझौते पर सहमति व्यक्त की है। टिम्बर 2014 में अजाक्स युवा अकादमी में शामिल हुए और मार्च 2020 में पहली टीम में पदार्पण किया। कुल मिलाकर, उन्होंने अजाक्स की पहली टीम के लिए 121 आधिकारिक मैच खेले, जिसमें उन्होंने छह गोल किए। उन्होंने दो बार (2021, 2022) डच चैम्पियनशिप और एक बार (2021) डच कप जीता। उन्हें डच राष्ट्रीय टीम के लिए भी 15 बार कैप किया गया है, जिनमें से चार 2022 कतर विश्व कप में आए थे। उन्होंने आर्सेनल की आधिकारिक वेबसाइट को बताया, मैं हमेशा से आर्सेनल का प्रशंसक रहा हूं। यह मेरे भाइयों के कारण था। वे हमेशा आर्सेनल के प्रशंसक थे, और मुझे आर्सेनल को खेलते हुए देखना बहुत पसंद था। उनके पास बड़े खिलाड़ी थे, जिस शैली से वे खेलते थे । मुझे बस क्लब पसंद है।" टिम्बर ने कहा कि उन्हें आर्सेनल के पूर्व महान खिलाड़ियों, रॉबिन वैन पर्सी और थिएरी हेनरी को देखना भी पसंद है उन्होंने कहा, वे मेरे पसंदीदा खिलाड़ी थे। इस बीच आर्सेनल के बॉस, मिकेल अटेर्टा हस्ताक्षर करके प्रसन्न हुए। हम वास्तव में उत्साहित हैं कि ज्यूरियन हमारे साथ जुड़ गए हैं। वह एक बहुमुखी युवा डिफेंडर हैं, जो हमारे सिस्टम में फिट होंगे और हमारी टीम को अतिरिक्त गुणवत्ता प्रदान करेंगे। ज्यूरियन एक युवा खिलाड़ी है, लेकिन पहले ही बहुत कुछ हासिल कर चुका है।

वर्ल्ड नंबर 1 के लिए भिड़ेंगे अल्काराज और जोकोविच

एजेंसी। लंदन

कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच रविवार को विंबलडन फाइनल में आमने-सामने होंगे और ग्रास-कोर्ट मेजर में 2023 चैंपियन का फैसला करेंगे। दोनों ऑल इंग्लैंड क्लब में दोहरी प्रेरणा के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे, इस जोड़ी यह तीसरा एटीपी करियर मुकाबला होगा और साथ ही विश्व नंबर 1 की रैंकिंग दांव पर रहेगी। यह एटीपी रैंकिंग के शीर्ष पर यो-यो वर्ष में एक और रोमांचक अध्याय होगा। 2023 में अल्काराज और जोकोविच के बीच नंबर 1 की स्थिति पहले ही छह बार बदल चुकी है, जो 2018 (सात) के बाद से एक सीजन में सबसे अधिक है, स्पैनियार्ड ने हाल ही में द क्वीन्स में अपना पहला ग्रास-कोर्ट एटीपी टूर खिताब जीतने के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया है। 20 वर्षीय अल्काराज वर्तमान में एटीपी लाइव रैंकिंग में जोकोविच से 80 अंकों से आगे हैं। यह दूसरी बार होगा जब वह किसी बड़े फाइनल में भाग लेंगे, यह जानते हुए कि जीत उन्हें विश्व नंबर 1 की गारंटी भी देगी। वह पिछले सितंबर में 2022 यूएस ओपन चैंपियनशिप मैच में कैस्पर रूड को हराकर पहली बार टेनिस रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंचे। दूसरी ओर, अगर जोकोविच विंबलडन में लगातार पांचवें साल जीतते हैं, तो वह सोमवार को एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर रहते हुए अपने रिकॉर्ड 390वें सप्ताह की शुरूआत करेंगे।

भारत से मिली बड़ी हार, ब्रेथवेट बोले- मैं भी रन नहीं बना सका

एजेंसी। रोसीयू

वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने अपने बल्लेबाजों पर जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में उन्होंने निराश किया। वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 150 और दूसरी पारी में 130 रन पर आउट हो गई थी। रविचंद्रन अश्विन ने 131 रन देकर 12 विकेट लिए। भारत ने यह मैच एक पारी और 141 रन से जीता । ब्रेथवेट ने मैच के बाद कहा, हमने बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन किया। पहली पारी का स्कोर पर्याप्त नहीं था।" उन्होंने कहा ,ह्यह्य मैं भी रन नहीं बना सका। कप्तान होने के नाते मुझे मोर्चे से अगुवाई करके रन बनाने चाहिये थे। पहली पारी में हमने लंच से पहले ही विकेट गंवा दिया। सीनियर बल्लेबाजों को रास्ता दिखाना चाहिये। चैम्पियन गेंदबाजों के खिलाफ बल्लेबाजी कठिन होती है लेकिन हमें जिम्मेदारी से खेलना चाहिये था।" उन्होंने कहा, हमने कुछ बेहद खराब शॉट खेले।

अमेरिकी ओपन

लक्ष्य सेमीफाइनल में सिंधू का सफर खत्म

एजेंसी। वशिंगटन

हाल ही में संपन्न कनाडा ओपन के विजेता और भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन हमवतन शंकर मुथुसामी को हरा कर अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर गये हैं। शुक्रवार को खेले गये सेमीफाइनल में लक्ष्य का सामना चीनी शटलर ली शि फेंग से होगा। लक्ष्य ने चेन्नई के युवा शटलर शंकर को आसान मुकाबले में 21-10, 21-17 से मात दी। करीब 38 मिनट तक चले मैच में शंकर कभी भी लक्ष्य के सामने टिकते दिखाई नहीं दिए। उधर, महिला एकल में पीवी सिंधू को एक बार फिर महत्वपूर्ण मोड़ पर हार का सामना करना पड़ा। वल्ड नंबर 12 सिंधू को चीन की गाओ फांस जि ने 22-20, 21-13 से हराया। सिंधू को चीनी बाला ने शुरू से ही परेशान किया। पहले गेम में सिंधू ने हालांकि कडी टक्कर दी मगर दूसरे गेम में वह प्रतिद्वंदी के सामने थकी नजर आयी जिसका भरपूर फायदा उठाते हुये फांस जि ने उन्हे उबरने का मौका नहीं दिया और अंतिम चार में अपनी जगह बना ली।

मोटोजीपी भारत के शहरों के दौरों की श्रृंखला शुरू करेगा

हैदराबाद चैप्टर आज शुरू होगा

एजेंसी। नई दिल्ली

मोटोजीपी भारत ने 'रोड टू मोटोजीपी' की घोषणा की है - एक मल्टीपल सिटी इवेंट जो देश भर के प्रमुख शहरों को कवर करेगा और मोटोजीपी के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए बाइकिंग उत्साही, बाइकर समूहों और कई अन्य लोगों तक पहुंचेगा। यह अनूठा आयोजन प्रतिभा की भी खोज करेगा और खेल को पेशेवर रूप से अपनाने के इच्छुक युवा राइडरों के साथ सकारात्मक जुड़ाव पैदा करेगा।

मोटोजीपी के भारतीय प्रमोटरों, फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स के मुख्य परिचालन अधिकारी, पुष्कर नाथ श्रीवास्तव ने राष्ट्रव्यापी आयोजन के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम इन शहरी दौरों को आयोजित करने और भारत भर के विभिन्न शहरों में मोटोजीपी की लोकप्रियता फैलाने के लिए रोमांचित हैं। यह दौरा हमारे देश की जीवंत बाइकिंग संस्कृति का उत्सव है और देश भर में मोटरस्पोर्ट्स को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम जीवन के सभी क्षेत्रों से बाइकिंग के शौकीनों का स्वागत करने और इसमें शामिल सभी लोगों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बनाने के लिए तत्पर हैं। 16 जुलाई को होने वाले 'हैदराबाद चैप्टर' में ध्रुव कॉलेज ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी हाईटेक शहर से शुरू होने वाली नियंत्रित सवारी में 500 से अधिक बाइकर्स के भाग लेने की उम्मीद है, जो लगभग 30 किमी के लूप में सवारी करेंगे और शुरूआती बिंदु पर लौटेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य, अन्य मोटोजीपी भारत कार्यक्रमों की तरह, 'सड़कें सवारी के लिए हैं' और 'ट्रैक रेसिंग के लिए हैं' के अपने दर्शन का प्रचार करना है और युवा और महत्वाकांक्षी सवारों को इस वैश्विक आईपी के बारे में जागरूक होने और एक मजबूत सौहार्दपूर्ण भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

आईसीसी विश्व कप | **पाकिस्तान को भारत आना होगा, मिस्बाह बोले-**

नहीं गए तो बहुत बड़ा अन्याय होगा

एजेंसी। कराची

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेट कप्तान मिस्बाह उल हक ने अपने देश की टीम को भारत में एकदिवसीय विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देने की वकालत करते हुए कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह 'प्रशंसकों' के साथ नाइंसाफी होगी जो चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ मैच नहीं देख पाएंगे। इस 49 साल के पूर्व कोच ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में कहा, दोनों देश जब अन्य खेलों में एक-दूसरे का सामना कर सकते है तो क्रिकेट में क्यों नहीं। क्रिकेट को राजनीतिक संबंधों से क्यों जोड़ा जाए? लोगों को अपनी टीमों को एक-दूसरे के खिलाफ खेलते देखने के मौके से वंचित करना अनुचित है।"

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 11,000 से अधिक रन बनाने वाले इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, यह उन प्रशंसकों के साथ बहुत बड़ा अन्याय होगा जो पाकिस्तान और भारतीय क्रिकेट को बहुत पसंद करते हैं।" पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल ही में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) को बताया कि दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण इस साल अक्टूबर-नवंबर में विश्व कप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी सरकार के मंजूरी के अधीन है। भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप के मैचों को खेलने से मना कर दिया जिसके बाद इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का आयोजन 'हाईब्रिड' आधार पर हो रहा। 31 अगस्त से 17 सितंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के चार मैच पाकिस्तान और नौ मैच तटस्थ स्थल श्रीलंका में होंगे।

मिस्बाह का मानना है कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को भारत जाना चाहिए और भारतीय टीम को भी मैच खेलने के लिए पाकिस्तान आना चाहिए। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर पाकिस्तान को भारत में विश्व कप खेलना चाहिए। मैंने जितनी बार भी भारत में खेला है, हमने वहां दबाव और दर्शकों की भीड़ का आनंद लिया है। इससे आपको प्रेरणा मिलती है और भारत की परिस्थितियां हमारे अनुकूल होती हैं। हमारी टीम भारतीय परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखती है।"

अफरीदी को भी लगता है कि पाकिस्तान को विश्व कप के लिए भारत जाना चाहिए। अफरीदी ने कहा, मेरे लिए या किसी भी पेशेवर क्रिकेटर के लिए सबसे बड़ी चुनौती भारत में खेलने और वहां भारतीय दर्शकों के सामने अच्छा प्रदर्शन करने से दबाव से निपटना है। इस पूर्व हरफनमौला ने कहा, कुल मिलाकर हमने भारत में खेलने का लुत्फ उठाया है क्योंकि अगर आप भारत में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आपको एक अलग स्तर की संतुष्टि और पहचान मिलती है।" इस पूर्व कप्तान ने कहा कि पाकिस्तान को विश्व कप मैचों के लिए अच्छे स्थल मिले हैं और टीम के लिए उचित योजना बनाना जरूरी होगा। उन्होंने कहा, हमारी टीम काफी अच्छी है। टीम में कुछ शानदार प्रतिभाएं भी है। मुझे कोई कारण नहीं दिखता कि हम भारत जाकर अहमदाबाद या किसी और स्थल पर अच्छा प्रदर्शन नहीं करें।"